राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024
वर्ष 06, अंक 23, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

भ्रष्टाचार हटाओ, पुष्टाहार वितरित कराये जाने की मांग...06

किसान को मौत तक खींच ले गई बिजली खम्भे की खेंच....12

# सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6- A वैध... असम में अप्रवासियों को नागरिकता मामले में सुप्रीम कोर्ट की बड़ा फैसला

**● सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए को संवैधानिक करार दिया है. कोर्ट ने कहा कि 25 मार्च 1971 के बाद भारत में आने वाले अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना जरूरी है।**

स्वतंत्र प्रभात

सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए को संवैधानिक करार दिया है. ये धारा 1 जनवरी, 1966 से 25 मार्च, 1971 के बीच असम में आए प्रवासियों को भारतीय नागरिकता देती है. कोर्ट ने अपने फैसले में ये भी कहा है कि 25 मार्च 1971 के बाद भारत में आने वाले अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना जरूरी है. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि असम में अवैध प्रवासियों/विदेशियों की शिनाख्त करने का काम करने वाली मौजूदा मशीनरी और ट्रिब्यूनल्स जरूरत के लिहाज से नाकाफी हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इमिग्रेशन और नागरिकता संबंधी कानूनों के क्रियान्वयन को केवल अधिकारियों की इच्छा और विवेक पर नहीं छोड़ा जा सकता. इसके लिए इस कोर्ट द्वारा इसकी निरंतर निगरानी जरूरी है. इसके लिए चीफ जस्टिस सुप्रीम कोर्ट की एक विशेष बेंच का गठन करें, जो मामले की निगरानी करे।

**इसका दुरुपयोग होने की अधिक आशंका**

वहीं, बहुमत के फैसले से असहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा कि 1 जनवरी 1966 और 25 मार्च 1971 के बीच असम आने वाले प्रवासियों को नागरिकता देने का प्रावधान करने वाली धारा 6- A मनमानी और संवैधानिक रूप से अवैध है. जाली दस्तावेजों के आने की वजह से इस धारा की खुली प्रकृति का दुरुपयोग होने की अधिक आशंका है।

**अप्रवासी जाली कागजात के साथ आते हैं**

जस्टिस पारदीवाला ने 127 पन्नों के असहमति वाले आदेश में कहा, समय के साथ धारा 6- A की प्रकृति का दुरुपयोग होने की आशंका ज्यादा हो गई है, क्योंकि इसमें असम में आने की गलत तारीख, गलत वंशावली और भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा बनाए गए जाली रिकॉर्ड का इस्तेमाल किया जाता है. ताकि उन अवैध प्रवासियों को सहायता पहुंचाई जा सके जो 24 मार्च 1971 के बाद असम आए



लेकिन धारा 6- A के तहत पात्र नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि धारा 6- A आवेदन की आखिरी तारीख के बिना असम में और अधिक आव्रजन को बढ़ावा देती है. अप्रवासी जाली कागजात के साथ आते हैं. ताकि पकड़े जाने पर न्यायाधिकरण के समक्ष मामला पहुंचने पर 1966 से पहले या 1966-71 की धारा से संबंधित होने का बचाव किया जा सके।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या सुनाया फैसला?**

इस मामले में फैसला सुनाते हुए, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि धारा 6 A असम की एक अनोखी समस्या का राजनीतिक समाधान था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के निर्माण के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासियों के आने से असम की संस्कृति और जनसांख्यिकी को गंभीर खतरा पैदा हो गया था। असम में छात्र आंदोलन के प्रमुख कारणों में से एक बांग्लादेश से भारी अवैध प्रवासन के कारण राज्य की मूल आबादी के मतदान अधिकारों का कमजोर होना था और धारा 6A ने इस विकट स्थिति को दूर करने का प्रयास किया था। सुप्रीम कोर्ट ने बांग्लादेशी प्रवासियों के प्रवेश के लिए 24 मार्च, 1971 की कट-ऑफ तारीख को भी बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के ऑपरेशन सर्चलाइट के दौरान बांग्लादेशियों पर किए गए अत्याचारों को देखते हुए सहानुभूतिपूर्ण रुख अपनाया था। अदालत ने कहा कि मार्च 1971 के बाद, सरकार द्वारा प्रवासियों की आमद को अलग तरह से देखा गया।

**जस्टिस कांत ने दिया अलग फैसला**

एक अलग राय में, जस्टिस सूर्यकांत ने खुद के लिए और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस मनोज मिश्रा के लिए लिखते हुए, CJI चंद्रचूड़ की राय से सहमति जताई। हालांकि, जस्टिस कांत ने धारा 6 A की गहन जांच की और कहा कि सरकार कानून व्यवस्था के साथ-साथ नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाने में सक्षम थी।

**क्या है सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6 A?**

नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए को 1985 में असम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद जोड़ा गया था। यह समझौता केंद्र की राजीव गांधी सरकार और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (AASU) के बीच बांग्लादेश से असम में प्रवासियों के प्रवेश के खिलाफ छह साल तक चले आंदोलन के बाद हुआ था। असम समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू यह तय करना था कि राज्य में विदेशी कौन है। असम समझौते के खंड 5 में कहा गया है कि 1 जनवरी, 1966 को 'विदेशियों' का पता लगाने और उन्हें हटाने के लिए आधार कट-ऑफ तिथि के रूप में काम करेगा, लेकिन इसमें उन लोगों को नियमित करने के प्रावधान भी शामिल हैं जो उस तारीख के बाद और 24 मार्च, 1971 तक राज्य में आए थे।

इसे सुविधाजनक बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए को शामिल किया गया था। 'भारतीय मूल' के सभी व्यक्ति जिन्होंने 1 जनवरी 1966 से पहले राज्य में प्रवेश किया था और तब से असम में निवासी हैं, उन्हें भारत का नागरिक माना जाएगा। इसके अलावा यह प्रावधान करता है कि जो कोई भी 1 जनवरी 1966 के बाद लेकिन 24 मार्च 1971 से पहले असम में प्रवेश किया और निवास किया और जिसे विदेशी पाया गया है को केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार खुद को रजिस्टर करने का मौका मिलेगा। वहीं 24 मार्च 1971 के बाद प्रवेश करने वालों को अवैध प्रवासी माना जाएगा।

## चुनाव से पहले दी जाने वाली फ्री की योजनाएं रिश्वत। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया।



स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों की तारीखों की घोषणा के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एक पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र और इलेक्शन कमीशन को नोटिस जारी किया है और याचिका को लंबित मामलों के साथ में टैग भी कर दिया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले फ्री वाली स्कीमों के ऐलान को रिश्वत घोषित करना चाहिए। कर्नाटक के रहने वाले शशांक जे श्रीधर ने अपनी याचिका में कहा कि चुनाव से ठीक पहले फ्री वाली स्कीमों के ऐलान को रिश्वत घोषित करना चाहिए। यह मतदाता को एक तरह से रिश्वत का झांसा देना है। इसमें यह भी कहा गया कि फ्री की स्कीम से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ता है।

राजनीतिक पार्टियां अक्सर इस तरह की मुफ्त योजनाओं की घोषणा कर देती हैं और यह भी नहीं बताती हैं कि वह इनको पूरा कैसे करेंगे। याचिका में यह भी कहा गया कि पारदर्शिता की कमी ऐसे वादों को पूरा करने में समर्थ नहीं होती है। इससे वोटरों के साथ में धोखाधड़ी होती है।

याचिकाकर्ता ने कहा कि इस तरह की स्कीम से चुनाव की प्रक्रिया लेन-देन की प्रक्रिया बनकर रह जाती है। फ्री की स्कीमों के चुनाव से पहले के वादों के बढ़ते खतरों के बाद भी चुनाव आयोग इस प्रथा को रोकने में कामयाब नहीं हो पाया है। इसमें कहा कि चुनाव इस तरह से कराए जाएं जिससे लोकतंत्र की अखंडता बनी रहे। याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की थी कि चुनाव से कुछ समय पहले ही फ्री की योजनाओं पर रोक लग जानी चाहिए। ऐसी रोक सिर्फ सरकार ही नहीं बल्कि सभी राजनीतिक दलों पर लागू होनी चाहिए।

महाराष्ट्र से लेकर झारखंड तक में ऐसी स्कीमें काफी ज्यादा देखी गई हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में एंट्री पर लगने वाले सारे टोल टैक्स लाइट मोटर व्हीकल के लिए माफ कर दिए हैं। इसके अलावा लड़की बहिन स्कीम की भी घोषणा की गई थी। इतना ही नहीं झारखंड में भी ऐसी ही स्कीमों का ऐलान किया गया है। हरियाणा के चुनावों में भी राजनीतिक पार्टियों ने कई तरह की स्कीमों का ऐलान किया था। सत्तारूढ़ दल से लेकर कांग्रेस पार्टी भी इसमें शामिल है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शिक्षकों ने बीईओ पर नोटिस का भय दिखाकर धनादोहन का लगाया आरोप

**सिद्धार्थनगर।** शिक्षकों ने बीईओ बर्डपुर द्वारा मनमाने तरीके से विद्यालय में कमी दिखाकर 20 से अधिक बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा जाता है। आरोप है क़ि बीइओ की महिला व अन्य शिक्षकों के प्रति भाषा शैली भी अमर्यादित रहती है। सभी शिक्षकों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया क़ि ऐसे बीईओ से मुक्ति दिलाएं जिससे वे सभी उनके मार्गदर्शन में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अन्य सुविधाएं मानक के अनुरूप उपलब्ध कराने की मुहिम में सफल हो सकें। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव, ब्लाक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा, मन्त्री महिउद्दीन, जूनियर शिक्षक संघ के जिला मंत्री कलिमुल्लाह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष लोकेंद्र सहित सुधाकर मिश्रा, सालिक राम चौधरी, राजेश सिंह, विनोद कुमार, फूलचंद, क्यूम, आशीष, शब्बीर अनवर, बुधिराम आदि ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो शिक्षक शिक्षण कर्य का बहिष्कार कर धरना/प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार का कहना है कि शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करने के लिए पत्र जारी की गई है ।

## बिना डिग्री धारक डॉक्टर न ही एक्स-रे का रजिस्ट्रेशन ना ही टेक्नीशियन

**● क्या जिम्मेदारों की छापेमारी केवल दिखावा**

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के बसखारी अकबरपुर मार्ग पर स्थित बसखारी ष्ट.॥.ष्ट के सामने प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर बिना डिग्री धारक डॉक्टर न ही एक्स-रे का रजिस्ट्रेशन है ना ही टेक्नीशियन है खुले आम बसखारी ष्ट.॥.ष्ट अधीक्षक एवं अपर मुख्य चिकित्सा रामानन्द को खुला चुनौती दे रहा है। जहां एक तरफ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार छापामारी कर अवैध अस्पताल एवं पैथोलॉजी, डायग्नोस्टिक सेंटर को सील किया गया था। लेकिन कैसे प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश नाकाम हो रहे हैं वहीं पर प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर पैथोलॉजी के नाम पर तमाम प्रतिबंधित जांच खुले आम कर रहा है आखिर यह किसके सय पर खुलेआम मरीजों के साथ धोखाधड़ी कर जांच कर रहा है । जानकारी के मुताबिक डॉक्टर दीक्षित की डिग्री पर पैथोलॉजी डायग्नोस्टिक सेंटर चल रहा है।

**डॉक्टर दीक्षित ने प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर से दिया है त्यागपत्र**




गौरतलब है कि डॉ दीक्षित से जब मीडिया कर्मी ने बात की तो उन्होंने बताया 23 /11/2023 को शपथ पत्र देकर प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर से त्यागपत्र दे दिए हैं।

गौरतलब है कि जब डॉक्टर दीक्षित शपथ पत्र के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत करा दिया कि मैं अपना डिग्री प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर से त्यागपत्र दे दिया हूं तो आखिर अब तक कैसे प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर आंख में धूल झोंक रहा है उच्च अधिकारियों के या फिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजकुमार और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामानंद के संरक्षण में प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर फल फूल रहा है आखिर इतना मेहरबान क्यों कहीं ऐसा तो नहीं मोटी रकम पहुंच रही है प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर बहुत से ऐसे सवालों पर से पर्दा कब उठेगा । आखिर प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर पर कारवाई कब होगी इस पर जनता की निगाहें आज भी बनी हुई यह चर्चा सरे आम हो रही है कि आखिर यह कैसे मरीज की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहा है ?विगत दिनों मीडिया कर्मियों द्वारा सीएमओ अम्बेडकर नगर राजकुमार से लिस्ट मांगी गई थी लेकिन उनके द्वारा गुप्त बता कर देनै से इन्कार कर दिया गया था जिससे मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर भी सक की सुई जनता के मन में घुम रही है केवल अनहोनी होने पर जनपद के जिम्मेदार अधिकारी मिडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए कार्रवाई करते हैं आखिर जनपद की हालत कब सुधरेगी यह भी अपने आप में एक यक्ष प्रश्न है।

## भ्रष्टाचार से बचने के लिए जिम्मेदार खोज रहे रास्ता

**● लगा हुआ पोल सौभाग्य योजना का है या विभाग का**

**उच्चस्तरीय जांच होने पर कई जिम्मेदार अधिकारियों पर गिर सकती है गांज**

स्वतंत्र प्रभात




**अम्बेडकरनगर।** भ्रष्टाचार का खुल्लम खुल्ला खेल जिम्मेदारों द्वारा सांठ गांठ बनाकर पूरे निगम को चुना लगाया जा रहा है। जांच का आदेश जारी कर खुद ही निरीक्षण करते हैं और लेन देन कर पूरे मामले को निपटाते है ऐसी चर्चा चल रही है।बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की खबरें आए दिन प्रकाशित हो रही है । अब सवाल ये उठ रहा है कि आखिर बिजली विभाग भ्रष्टाचार की भेंट क्यों चढ़ रहा हैं ? वाह रे बिजली विभाग। करे कोई भरे कोई वाली कहावत बिजली विभाग पर बिलकुल फिट बैठ रही है। उपभोक्ता देवो भव~ का स्लोगन भी सिर्फ कागजी ही नजर आ रहा है।बिजली बकाए और बिजली चोरी में तेजी से कार्रवाई करने में माहिर विद्युत विभाग के कदम तब ठहरने लगते हैं जब उन्हीं के अभियंताओं की गर्दन फंसने लगती है।अवैध तरीके से पोल लगाने के खेल में जे ई की गर्दन फंसती नजर आ रही है है, वहीं जनपद अम्बेडकरनगर के टांडा उपखंड के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्र बलया जगदीशपुर से चल रही सप्लाई पकड़ी भोज मौर्य बस्ती के पीछे राम केवल मौर्या के घर से अशोक कुमार गुप्ता के घर तक लगभग 10 पोल की एलटी सिंगल फेज लाइन अवैध रूप से अवर अभियंता वा संविदा लाइनमैन द्वारा बनाई गई है जिसका एस्टीमेट तो पता नहीं,सवाल यह है कि बिजली विभाग के अधिकारी ने जानबूझकर नियमों की अनदेखी कर 10 पोल लगा दिए। उपभोक्ता से पूछे जाने पर बताया गया, कि जे ई साहब के माध्यम से यह कार्य किया गया है। गर्दन फंसती देख जिम्मेदार लोगों द्वारा तीन पोल का एस्टीमेट बनाने की चर्चा चल रही है जिसकी भनक मीडिया को लगी,मगर इस मामले में जेई और संविदा लाइनमैन की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। हैरत की बात है कि इन पोल लगने के बारे में उच्चधिकारियों को जानकारी है या नहीं यह भविष्य के गर्भ में है। जब पोल का एस्टीमेट बना ही नहीं तो पल लगा कैसे गया यह अपने आप में एक अहम प्रश्न है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो लंबा घोटाला निकाल कर सामने आएगा।हालांकि देखना लाजिमी होगा कि उक्त भ्रष्ट जेई के खिलाफ विद्युत विभाग उच्चाधिकारी कार्रवाई अमल में लाते हैं, या कार्रवाई का आश्वासन सिर्फ आश्वासन तक ही सिमट कर रह जाता है।बिजली विभाग में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार व्याप्त है। सरकार की मंशा भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की है, जिसे किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।सालों से एक ही जगह पर जमे अधिकारी खुद करते भ्रष्टाचार और खुद ही करते जांच और अपने खुद के फायदे और लाभ के लिए नियमों को ताख़ पर रखकर कार्य करते हैं।

## बंद है राजकीय नलकूप ,सिंचाई में हो रही है दिक्कत

**● जर्जर नालियों से खेतों तक पानी जाना मुश्किल**

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** किसानों के खेतों की सिंचाई व्यवस्था के लिए चार दशक पहले राजकीय नलकूपों की स्थापना की गई थी। जिले में जिनकी संख्या 441 है। इनमें से कुछ की नालियां क्षतिग्रस्त हो गई। और कुछ तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़े हैं। नलकूपों के खराब होने से सिंचाई की दिक्कत हो रही है। जिले में कुल 441 नलकूप है नौगढ़ ब्लाक के सुकरौली में राजकीय नलकूप की स्थापना चार दशक पूर्व हुई थी। जिससे इस क्षेत्र के सैकड़ों किसान एक हजार बीघे से अधिक खेतों की सिंचाई करते थे। नालियां जर्जर होने और नालियों पर अतिक्रमण कर लिए जाने से खेतों तक



पानी पहुंचाना मुश्किल से भरा है। बर्डपुर ब्लाक के भुजौली में लगा राजकीय नलकूप कई वर्षों से खराब पड़ा है जिससे इस क्षेत्र के किसानों की नलकूप के सहारे सिंचाई नही हो पाती है। क्षेत्रीय किसनों ने संबंधित विभाग से खराब पड़े नलकूप को चालू करने की मांग की है।

## किसान का धान 25, कारोबारी का चावल 100 से 120 रुपये किलो!

**● कारोबारी किसानों को पहुंचा रहे नुकसान**

**पिछले साल से 800 रुपये कुंतल तक गिरा धान**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** प्रशासन पराली जलाने तो किसान धान की कीमत नहीं मिलने से परेशान है। गुजरे साल जहां सुगंधित बासमती श्रेणी के धान की कीमत 3000 से 3800 रुपए कुंतल रही थी, इस बार वह 2300 से 2700 रुपए कुंतल पर अटक गई हैं। किसानों का कहना है कि मील मालिकों का चावल 100 से 120 ही चल रहा है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों की बात करें तो हालात निर्यात के लिए अनुकूल ही हैं फिर भी धान पर मंदी किसानों की दीवाली को फीका कर रही है और बढी लागत परेशानी का सबब बनी



मंडी में पहुंचा किसान का धान।

हुई है। धान की पूसा संस्थान की 1509 एवं 1692 बहुत प्रचलित किस्मों का हाल बेहाल है। देश के चुनिंदा निर्यातक इन्हें मनमानी कीमत पर खरीद रहे हैं। सरकारी तंत्र धान खरीद के मामले में फेल होने के कारण कारोबारी मनमौजी हो रहे हैं। चंद निर्यातक अन्नदाता की माली हालत के साथ खेल रहे हैं। मिलर इस बार धान की गुणवत्ता खराब होने का बहाना कर रहे हैं लेकिन यह सच नहीं है। कृषि विशेषज्ञ एवं शासकीय जिला गंगा समिति मथुरा के सदस्य दिलीप कुमार यादव कहते हैं कि धान किसानों के साथ धोखा हो रहा है। धान की फसल को नमी के चलते किसान भंडारण भी नहीं कर पाता। ऐसे में मंडियों में मंदी की भेंट चढ़ना उनकी मजबूरी है। इस थोपी गई मजबूरी पर कोई बोलने को तैयार नहीं। बोले भी तो एम एस पी की गारंटी जैसे मुद्दों पर कोई ठोस नीति सरकार की नहीं है। मिलर एसोसिएशन अपने हक के लिए लडती हैं लेकिन किसानों के हक की लड़ाई लड़ने की दमदारी कहीं नहीं दिखती। यही कारण है कि किसान की लूट चहुंओर सन्नाटा पसरा है।

## ग्राम पंचायत सचिव ने किया खेल दूसरी फॉर्म के नाम रुपए निकाल कर किया गोलमाल

**● शिकायत पर खंड विकास अधिकारी ने वेतन रोकने को लिखा पत्र**

स्वतंत्र प्रभात

**बरेली**/विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत नौगमा भगवंतपुर के सचिव प्रिंस चौहान ने गांव में सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे यह कैमरे नवाबगंज के राजीव सिंह कंप्यूटर्स द्वारा गांव में लगाए गए थे यह कैमरे ग्राम पंचायत सचिवालय में दिनांक 10 फरवरी 2024 को इनवॉइस संख्या 35 के द्वारा लगाए गए थे जिसका कुल भुगतान 32190 रुपए था जिसका भुगतान आज तक फर्म को प्राप्त नहीं हुआ। इसकी शिकायत राजीव सिंह ने भदपुरा के खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान से की तो उन्होंने ग्राम पंचायत पर कार्य रत सचिव नरेश सागर को तलब किया और भुगतान करने का निर्देश दिया तो नरेश सागर द्वारा बताया गया उक्त सीसीटीवी कैमरा का भुगतान पूर्व सचिव प्रिंस चौहान द्वारा किया जा चुका है इस को लेकर अफरा तफरी मच गई जब ज्ञात हुआ के पूर्व सचिव प्रिंस चौहान द्वारा किसी दूसरी फर्म के अभिलेख लगाकर भुगतान निकाल लिया गया है। तो खंड विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को पत्र भेजकर प्रिंस चौहान का वेतन रोकने के लिए कहा गया है इस बाबत ग्राम प्रधान सत्यपाल से बार्ता होने पर उन्होंने बताया सचिव प्रिंस चौहान ने अपने स्तर से सीसीटीवी कैमरे मंगवा कर लगवाए थे उन्होंने ही भुगतान किया है परंतु यह मेरे संज्ञान में नहीं है कि उन्होंने कैमरे किस लगवाएं और भुगतान किसके खाते में दिया है यह पंचायत सहायक से पूछने के बाद पता चल सकेगा परंतु पूर्व सचिव प्रिंस चौहान द्वारा इनका भुगतान किया जा चुका है ग्राम पंचायत पर अब सीसीटीवी कैमरा का कोई भुगतान शेष नहीं बचा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पुलिस की पकड़ से दूर हैं अपराधी , नहीं हुई गिरफ्तारी





**बस्ती।** मारपीट एवं छिनैती की खबर चलने का कलवारी थाने की पुलिस ने संज्ञान लेते हुए पीड़ित सत्यम् चौधरी की तहरीर पर आरोपी प्रमोद व महेन्द्र के विरुद्ध मुकदमा धारा अन्तर्गत 115, 352, 351 (2), 309(6) व 324(4) के तहत दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरु कर दिया है।

ग्राम नूरचक, थाना - नगर निवासी सत्यम् चौधरी पुत्र जनार्दन चौधरी ने पुलिस अधीक्षक बस्ती को भेजे पत्र में प्रमोद निवासी पकड़ी, महेन्द्र निवासी - खाईनारा के ऊपर जबरियां मारपीट व सोने की चेन, स्मार्ट वाच, मोबाइल व नगदी लगभग 20 हजार रुपये छिनैती का आरोप लगाते हुए मामले में प्राथमिकी दर्ज करके मामले में न्याय दिलाने की माँग किया था । पीड़ित के प्रार्थना पत्र व सोशलमीडिया की खबरों को संज्ञान में लेकर कलवारी थाने की पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दिया है । ताबड़तोड़ पुलिसिया कार्यवाही से आरोपी सकते में आ गए हैं फिरहाल खबर लिखे जाने तक अभी किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है ।

### 52 वीं जनपद स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी-2024 का हुआ शुभारम्भ

**अम्बेडकरनगर।** राज्य विज्ञान संस्थान प्रयागराज के दिशा निर्देश में 52वीं जनपद स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी-2024 का शुभारम्भ डा ए के पब्लिक स्कूल अकबरपुर में मुख्य अतिथि जिला आयकर अधिकारी चन्द्र प्रकाश विश्वकर्मा, प्राचार्य डा तेज प्रकाश वर्मा जिला समन्वयक निरंजन लाल, प्रधानाचार्या जगदम्बा प्रसाद, रामफूल यादव द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। आयकर अधिकारी ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि असफलता ही सफालता का मार्ग है। समन्वयक निरंजन लाल ने बताया कि प्रदर्शनी में जूनियर संवर्ग (हाईस्कूल स्तर) सीनियर संवर्ग (इण्टरमीडिएट) तथा अध्यापक संवर्ग में कुल 13 विद्यालयों से पूर्व निर्धारित मुख्य विषय सतत भविष्य के लिये विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के सात उपविषयों के 122 प्रदर्शो का प्रदर्शन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, यूथ आइकन प्रवीणगुप्ता ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया।प्रदर्शो का मूल्याकंन प्रधानाचार्या सुमित्रा देवी, डा तारा वर्मा , विभा सिंह, सुशील कुमार दूबे, सत्यवती, श्याम मोहन वर्मा, अखिलेश कुमार द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में उपप्रधानाचार्य प्रशांत शर्मा विज्ञान भूषण, लवकुश वर्मा, सत्य प्रकाश आर्य, मनोज विश्वकर्मा आदि शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग किया।

### पूर्व सांसद ने की गोंड जिलाध्यक्ष से औपचारिक मुलाकात




**अम्बेडकरनगर।** संतकबीर नगर लोक सभा क्षेत्र के बहुचर्चित लोकप्रिय पूर्व सांसद भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी का जिले के आलापुर विधान सभा क्षेत्र का एक दिवसीय भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों के सुख-दुख में शरीक होते हुए जगह-जगह समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिनका काफिला राजेसुल्तानपुर,देवरिया बाजार,जहांगीरगंज,ब्लाक रामनगर के ग्राम पंचायत सेमरा मानापुर,राम अवध इंटर कालेज मसेना मिर्जापुर रामनगर होते हुए ग्राम पंचायत चहोड़ा शाहपुर में अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गोंड के आवास पर पहुंच सैकड़ों पार्टी समर्थकों का अभिवादन करते हुए कहा कि जिले में गोंड धुरिया समाज की समस्या का निदान न होना इस समाज का दुर्भाग्य है जबकि केंद्र तथा प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। मौके पर आलापुर प्रतिनिधि विशाल गोश्वामी नरसिंह यादव इरफान खान अब्दुल सलाम खान निरंकारलाल श्रीवास्तव चिरंजीव कन्नौजिया विजय मांझी लहरी पाण्डेय जयप्रकाश पांडेय गंगा दर्शन सोनकर आनंद कन्नौजिया इत्यादि भारी संख्या में पार्टी कार्य कर्ता व सैकड़ों ग्रामीण सहित क्षेत्रीय गणमान्य जन मौजूद रहे।

# राजकीय महिला इण्टर कालेज में आयोजित हुआ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम

**● - अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान कार्यक्रम में रहे मुख्य अतिथि**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 2577/तीस-3/2024 दिनॉक 26.09.2024 के द्वारा समस्त स्टेक होल्डर विभागों के सहयोग से दिनांक 02.10.2024 से 16.10.2024 सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतिम दिवस दिनांक 16.10.2024 को राजकीय महिला इण्टर कालेज बस्ती में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम में राजकीय बालिका इण्टर कालेज व राजकीय इण्टर कालेज बस्ती के लगभग 500 छात्र/छात्राऍं उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम बालिकाओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी बस्ती द्वारा छात्र/छात्राओ को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा यातायात से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर यथा अपने परिवार के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का उपयोग करने, सड़कों का साफ और स्वच्छ रखने तथा यदि मार्ग पर कोई अवरोधक है तो सहयोग द्वारा उसे हटाने जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके साथ ही यातायात के विभिन्न नियमों का पालन करने/अपने परिवार तथा आसपास के लोगों से कराने हेतु बच्चों को जागरूक किया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) पंकज सिंह द्वारा जनपद के महाविद्यालयों में गठित सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल अधिकारियों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। सेमेरिटन (नेक आदमी) के रूप में प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अपर जिलाधिकारी बस्ती द्वारा अपने अनुभवों को साझा करते हुए प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भविष्य के युवाओं को प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत मे राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या सण्डिला चौधरी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए आग्रह किया कि उक्त प्रकार के सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम को निरंतर आयोजित कराया जाये जिससे आम जनमानस को सड़क दुर्घटना से बचाया जा सके। कार्यक्रम अंतिम चरण में परिवहन विभाग के सहयोग से अपर जिलाधिकारी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा मार्ग पर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रविकांत शुक्ल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/ प्रवर्तन) पंकज सिंह, क्षेत्रात्रिकारी सदर बस्ती, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ए0के0 चौधरी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआरटीसी, उप जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज बस्ती, प्रधानाचार्या राजकीय महिला इण्टर कालेज बस्ती सण्डिला चौधरी, संजय कुमार दास सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), अजीत कुमार, कुलदीप, टैम्पो/टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, बस यूनियन के अध्यक्ष गयापाल, रोड सेफ्टी क्लब के नोडल तथा परिवहन विभाग के विनीत राज श्रीवास्तव (वरिष्ठ सहायक) एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल कार्यशाला में सक्रिय सदस्यता पर जोर

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा रुधौली विधानसभा क्षेत्र के सल्टौआ, सोनहा, रामनगर, रुधौली, पकरीजई और हनुमानगंज मंडल में सक्रिय सदस्यता अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ। जिसमें भाग लेने के लिए सभी मंडलों की स्थानीय इकाई पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सम्मिलित हुए। मुख्य वक्ता सक्रिय सदस्यता जिला प्रमुख पवन कसौधन ने कहा कि जिले में पार्टी संगठन की योजनानुसार कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम करते हुए सदस्यता अभियान में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक सदस्यता के अभियान में जिस तरह से पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। उसी तरह सक्रिय सदस्यता के अभियान में भी सबको सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। ब्लॉक प्रमुख रामनगर पूर्व जिलाध्यक्ष यशकांत सिंह ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान पार्टी संगठन के नए गठन हेतु बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। हर बूथ पर कम से कम दो सक्रिय सदस्य होने आवश्यक है। सक्रिय सदस्यता का अभियान 16 अक्टूबर से प्रारम्भ हुआ है। जो कि 31 अक्टूबर तक चलेगा। कहा कि भाजपा फिर एक बार दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनने जा रही है। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्य समिति सदस्य नितेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर कार्य समिति सदस्य राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष रामनेवास गिरी, श्यामनाथ चौधरी, सुजीत सोनी, ओमप्रकाश शुक्ल, प्रशांत सिंह, विजय तिवारी, मनोज ठाकुर, रामउग्रह जायसवाल, सुनील पांडेय, चंद्रभान गुप्ता, मगन शुक्ल, सुरेश भट्ट, कृपाशंकर श्रीवास्तव, इंद्रसेन उपाध्याय, हरिश्चंद्र मिश्र, विश्वनाथ पासवान, गिरजेश मिश्र, अनिल सिंह, शिवम श्रीवास्तव, गिरजेश यादव उपस्थित रहे।

# सवारियों से भरी टैम्पू पलटने से एक महिला की मौत, 10 लोग घायल

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर थाना क्षेत्र के फुटहिया ओवर ब्रिज के पास सवारियों से भरी टैंम्पू पलट जाने से उसमें सवार 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक महिला की हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुँची एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचवायानगर थाना क्षेत्र के बकैनिया द्वीप निवासी सीमा पत्नी मनोज कुमार, हीरालाल, शीला देवी पत्नी संदीप कुमार, विन्ध्यवासिनी, रंजना, हिमांशु पुत्री मनोज कुमार, प्रज्ञा, महक सृष्टि पुत्री संदीप कुमार, निधि पुत्री राम अजोर मंगलवार की शाम एक ही टैम्पू पर सवार होकर दुर्गा पूजा मेला देखने बस्ती गए थे। मेला देखकर रात्रि लगभग 12बजे वे वापस आ रहे थे। अभी वह नगर थाना क्षेत्र के फुटहिया ओवर ब्रिज के बगल बने सर्विस रोड पर पहुँचे ही थे कि तभी रास्ते मे आटो रिक्शा का संतुलन बिगड़ जाने से वह अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे जाकर पलट गया। जिससे आटो में सवार सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने चीख पुकार सुनकर उन्हें बाहर निकाला, एंबुलेंस कर्मियों को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जहाँ सीमा देवी की हालत नाजुक देख डाक्टर ने उसे गोरखपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर गोरखपुर जा रहे थे तभी रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर घर आ गए। जबकि अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। महिला की मौत की सूचना बुद्धवार को परिजनों ने नगर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुँची नगर पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# साहिबगंज महाविद्यालय के नंदन भवन में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात



**साहेबगंज, झारखंड-** साहिबगंज महाविद्यालय के नंदन भवन में जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप कोषागं द्वारा शहरी क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पदाधिकारी चित्रा यादव ने इस कार्यक्रम के संदर्भ में बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी मतदाताओं का मत प्रतिशत वृद्धि नहीं होना लोकतंत्र के लिए विचारणीय विषय है। शहरी क्षेत्र के शिक्षित मतदाता कि मतदान के प्रति उदासीनता को कैसे दूर किया जाए यह संदर्भ में प्रश्न उत्तर के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और डॉ रणजीत कुमार सिंह व निर्वाचन कार्यालय के विशेषज्ञों के बीच संवाद व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ।जिसमें छात्र-छात्राओं ने 1950, सी विजिलेंस स्वच्छ मतदान व कई सवाल पूछे और सुझाव भी दिए। जिनको निर्वाचन विशेषज्ञों के द्वारा सुन समझ गया और इस दिशा में प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।

**कार्यक्रम -**

प्रश्नोत्तरी, मतदान वॉल सिग्नेचर कैंपेन, मतदान सेल्फी प्वाइंट, शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी चित्रा यादव, मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह, स्काउट एंड गाइड के उमाशंकर सिंह ,प्रोग्राम लीडर रजिया , राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रो कुमार प्रशांत भारती , कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो जीसू हांसदा, निर्वाचन कार्यालय से नवीन कुमार, गौरव कुमार अनंत सिन्हा एवं छात्र-छात्राओं में ज्योति ,प्रियंका कैलाश, बिट्टू, तैयब उर रहमान, सानिया परवीन, शाहनवाज अमन कुमार , डेविड यादव इत्यादि उपस्थित थे व इस कार्यक्रम में एनसीसी के क्रेडिट एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भागीदारी रही।

# अवध विवि की गठित समितियों ने दीपात्सव के कार्यो में लाई तेजी

**● - मुख्यमंत्री के मंशानुरूप अवध विवि दीपोत्सव में तोड़ेंगा पिछला रिकार्ड**

**दूसरे दिन सरयू के घाटों पर मार्किंग का कार्य हुआ तेज**

स्वतंत्र प्रभात



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल प्रबंधन में रामनगरी का आठवां दीपोत्सव भव्य होगा। वालंटियर्स की मदद से 25 लाख से अधिक दीए जलाकर सातवीं बार विश्व रिकार्ड बनायेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप कार्यो को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इस संबंध में गुरूवार को दूसरे दिन घाट चिन्हांकन समिति के संयोजक डॉ0 रंजन सिंह के देखरेख में राम की पैड़ी के दोनों ओर घाटों पर मार्किक का कार्य तेजी से शुरू किया गया। जिसमें 80 प्रतिशत मार्किंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति के निर्देशन में दीपोत्सव की भव्यता के लिए 22 समितियां गठित की है। जिनमें समन्वय समिति में कुलपति पदेन अध्यक्ष है, दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र, अधिकारीगण सहित 20 सदस्य शामिल है। इसके अलावा अनुशासन समिति, सुरक्षा समिति, सामग्री वितरण समिति, दीप गणना समिति, भोजन समिति, यातायात समिति, स्वच्छता समिति, फोटोग्राफी एवं मीडिया समिति, त्वरित कार्यवाही बल समिति, प्राथमिक चिकित्सा समिति, साजसज्जा/रंगोली समिति, पर्यवेक्षक समिति, अग्निशमन समिति, समग्र नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण समिति, कार्यालय समिति, निविदा एवं क्रय समिति, वालंटियर एवं आईकार्ड समिति, इंस्टीटयूशनल कोआर्डिनेशन समिति, प्रशिक्षण समिति, सामग्री प्राप्ति/स्टोरेज/अवशेष समिति एवं घाट चिन्हांकन समिति बनाई गई है। सभी समिति के संयोजकों, सह संयोजकों एवं सदस्यों ने दीपोत्सव को अलौकिक बनाने के लिए युद्धस्तर कार्य तेज कर दिया है।

दूसरी ओर दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि सरयू के 55 घाटों पर मार्किंग कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इन्ही चिन्हित स्थलों पर घाट समन्यक घाट प्रभारी की देखरेख में 25 लाख दीपों को प्रज्ज्वलित कराने के लिए 28 लाख दीए लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर तक वेडर्स से दीया, तेल व अन्य सामग्री प्राप्त हो जायेगी। 24 अक्टूबर से घाटो पर सामग्री पहुँचाने का कार्य प्रारम्भ होगा। वहीं 25 अक्टूबर से घाटों पर वालंटियर्स द्वारा दीयों को लगाने का कार्य शुरू होगा जिसे 28 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जायेगा। 29 अक्टूबर को दीयों की गणना गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड टीम द्वारा की जायेगी। वही 30 अक्टूबर को वालंटियर्स द्वारा घाटों पर लगे दीयों में बाती, तेल डालना एवं प्रज्वलन किया जायेगा। नोडल अधिकारी ने बताया कि दीपोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए 30 हजार वालंटियर्स लगाये जा रहे है। जिनमें विश्वविद्यालय परिसर से 7500, महाविद्यालय से 9500, इण्टर कालेज से 8000 व एनजीओ के 5000 वालंटियर्स लगाये जा रहे है। इण्टर कालेज के प्राचार्यो को विश्वविद्यालय द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है। ये अपने विद्यार्थियों प्रशिक्षित कर रहे है। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन के समन्वय में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# 16वें अयोध्या महोत्सव की तिथियां घोषित

**● -12 दिसंबर को आयोजित होगा 'अयोध्या मैराथन'**

**11 हजार कन्याओं का कन्यापूजन व 11 हजार मातृशक्तियों की दुरदुरिया पूजन का होगा आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात



**अयोध्या ।** 16 वें अयोध्या महोत्सव के आयोजन के तिथियों की घोषणा गुरुवार को की गई। कौशलपुरी स्थित अयोध्या महोत्सव के कार्यालय पर महोत्सव की प्रथम बैठक अयोध्या विधायक और न्यास के मुख्य संयोजक वेद प्रकाश गुप्त की अध्यक्षता तथा महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की गरिमयी उपस्थिति में की गई, उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि भारत सांस्कृतिक विरासत का देश है, यहां फैली संस्कृति वैश्विक स्तर पर विद्यमान है।यहां की लोक कला और लोक परंपरा अनुसंधान का विषय हैं। इसी को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने का कार्य अयोध्या महोत्सव द्वारा किया जा रहा है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने अयोध्या महोत्सव में अयोध्या की आध्यात्मिक विरासत को सहेंज़ेंने के लिए एक दिन अयोध्या विमर्श के आयोजन की संस्तुति की । अयोध्या महोत्सव के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने अयोध्या महोत्सव आयोजन से जुड़ी हुई विभिन्न तिथियों की घोषणा करते हुए बताया कि 12 दिसंबर को अयोध्या मैराथन का आयोजन किया जायेगा,30 दिसंबर को 11 हजार कन्याओं का कन्या पूजन कराया जाएगा। जिसका संयोजक महोत्सव की सदस्य ऋचा उपाध्याय को बनाया गया है इसके साथ ही 2 जनवरी को 11 हजार मातृशक्तियों का दुरदुरिया पूजन अरुण द्विवेदी जी के संयोजन में संपन्न होगा। 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाली अयोध्या मैराथन हनुमानगढ़ी,सहादतगंज से चलकर लता चौक, अयोध्या तक सम्पन्न होगी। जिनमें नगद पुरस्कारों की घोषणा की गई है, जिसके संयोजक रेगन सिंह,मोहित मिश्रा, गौतम सिंह,अनुराग सिंह और उज्जवल सिंह बनाये गए हैं। मीडिया प्रभारी श्रीप्रकाश पाठक ने बताया कि इस वर्ष का कार्यक्रम पिछले वर्ष से अधिक भव्य होगा,जिसकी तैयारियां पूरी हो गई है। इस दौरान महोत्सव के संयोजक डॉ विक्रमा प्रसाद पांडेय प्रबंधक आकाश अग्रवाल प्रबंध निदेशक नाहिद कैफ ,महासचिव संगठन अरुण द्विवेदी, महासचिव ऋचा उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय यादव, मोहित मिश्रा, श्री प्रकाश पाठक, रेगन सिंह चौधरी, निकिता चौहान, स्वाति सिंह, उज्जवल चौहान, गौतम सिंह, अभिनव द्विवेदी, पूजा अरोड़ा, शिप्रा श्रीवास्तव, अनुराग सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**● - प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद, भरा जोश।**

स्वतंत्र प्रभात



**मिल्कीपुर अयोध्या।** बहुजन समाज पार्टी ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के देवगांव स्थिति राजा के बाजार मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं मंडल प्रभारी सालिम अंसारी रहे। प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए सिर्फ दिखावे के लिए है अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में सिर्फ अपनें परिवार को टिकट दिया अपनें परिवार के अलावा एक भी यादव को टिकट नहीं दिया वे सिर्फ यादव वोट चाहते हैं। लेकिन बहन कुमारी मायावती ने सर्व समाज को टिकट देकर सदन पहुंचा है। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठे वादे करके सत्ता में आई है । उन्होंने कहा कि पीडीए का मतलब परिवार दल एलाइंस है। कांग्रेस ने जनता के साथ छल किया है। गरीबों और दलितों के हक को छीना है। कांग्रेस ने बाबा साहब के संविधान के नाम पर धोखा दिया है। बाबा साहब का संविधान ईमानदारी से लागू नहीं किया।उप चुनाव में करहल से अखिलेश यादव का छोटा भाई लड़ रहा है ।और मिल्कीपुर से अवधेश प्रसाद बेटा अजीत प्रसाद यह सभी परिवार का एलाइंस बनाए हैं। वही विधानसभा प्रत्याशी रामगोपाल कोरी ने कहा कि मिल्कीपुर की जनता इस बार हमें मौका दें मैं मिल्कीपुर का चौमुखी विकास करूंगा , मौजूदा सरकार डर रही है इसीलिए उन्होंने चुनाव को रोक दिया है। आप लोग बसपा वोट देकर बहन जी के हाथों को मजबूत बनाएं। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद मंडल प्रभारी सालिम अंसारी, महेंद्र प्रताप आनंद, रवि प्रकाश मौर्य, दिलीप कुमार विमल, सर्वेंद्र अंबेडकर, मोहम्मद असद, अर्चना कोरी, लल्लन करी सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता जनता मौजूद रही।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती सपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया

स्वतंत्र प्रभात




**अयोध्या -** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी फैजाबाद पर महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि ऋषि वाल्मीकि जिन्हें पौराणिक भारतीय महाकाव्य रामायण लिखने का श्रेय दिया जाता है का जन्म वाल्मीकि जयंती के रूप में मनाया जाता है हिंदू परंपराओं में बाल्मिक को सबसे महान कवियों ऋषियों में से एक माना जाता है उनकी रचनाओं में से एक रामायण भगवान राम माता सीता और प्रिय हनुमान जी की कहानी बताती है की श्रद्धा के साथ भक्ति बाल्मिक जयंती मनाते हैं यह प्रार्थना करने रामायण की कविताओं का पाठ करने और महाकाव्य द्वारा सिखाए गए पाठो और आदर्शो पर विचार करने का दिन है यह ज्ञान नैतिकता और रामायण द्वारा सिखाए गए आदर्श का उत्सव है सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव बख्तियार खान जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव आकिब खान शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह अधिवक्ता सभा जिला अध्यक्ष शावेज़ जाफरी जिला सचिव अंसार अहमद बबन वसी हैदर गुड्डू अखिलेश पांडे जगन्नाथ यादव कैलाश कोरो महेश सोनकर रामदुलारे यादव आदि लोग मौजूद रहे चौधरी बलराम यादव सपा जिला प्रवक्ता अयोध्या।

## संक्षिप्त ख़बरें

### युवक लापता



**लखनऊ।** कृष्णनागर थानाक्षेत्र के ओशोनगर मोहल्ला निवासी कन्हैया गुप्ता (24) पुत्र राम प्रवेश गुप्ता 14 अक्टूबर को पारा थानाक्षेत्र के जिंदल इस्पात के पास कहीं लापता हो गया। परिजनों ने बताया कि उस दिन शाम 6 बजे से पहले उसको वहां देखा गया। इसके बाद कहीं लापता हो गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई पता नही चल सका है। पारा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की जा रही ।

### नगर में निकाली गई झांकी



**मिश्रिख( सीतापुर )**–हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बा मिश्रिख में महर्षि दधीचि आश्रम के महंत देवानंद गिरी द्वारा महर्षि दधीचि स्मृति महोत्सव का आयोजन दिनांक 13 अक्टूबर से किया गया था । दिनांक 17 अक्टूबर को विशाल शोभा यात्रा के साथ पंचकोसी परिक्रमा किया गया । इस धार्मिक परिक्रमा में साधू संतों और नगर के सभी लोगों ने बढ़ ?चढ़ कर भाग लिया । सायं 6 बजे तीर्थराज मिश्रिख का दीपदान व महाआरती के बाद शरद पूर्णिमा का प्रसाद वितरण किया गया । प्रसाद वितरण के बाद आश्रम के महंत देवानंद गिरी ने महोत्सव समांपन की घोषणा की।इस मौके पर क्षेत्र के तमाम सम्भ्रांत व्यक्ति और हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हजरत सैय्यद शाह मजा कलंदर का 362वा उर्स 18 अक्टूबर से होगा शुरू



**हमे एक दूसरे से प्यार मोहब्बत से पेश आना चाहिए - सैय्यद गयास मियां सज्जादानशीन**

**लहरपुर,सीतापुर-** स्थानीय दरगाह कलंदरिया में हजरत सैय्यद शाह मजा कलंदर का तीन दिवसीय 362वा वार्षिक उर्स 18 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहा है जिसका समापन 20अक्टूबर को होगा।

कार्यक्रम के सम्बन्ध में सज्जादानशीन सैय्यद गयास मियां ने बताया कि उर्स के सिलसिले में समस्त तैयारी पूर्ण हो चुकी है 18 से उर्स शुरू हो रहा है उर्स के कार्यक्रम के बारे में सज्जादा नशीन ने बताया कि 18अक्टूबर अर्थात 14 रबीउस्सानी को रात में शब होगी और 19 अक्टूबर को सुबह क़ुरान ख्वानी तथा सांय काल दरगाह शरीफ़ तथा लंगर खाने में विशेष फातेहा होगा इसके बाद 9 बजे रात से दरगाह पर क़व्वाली महफिले समा होगी तथा देर रात कुल शरीफ़ होगा । 20 अक्टूबर को प्रातः कुरान ख्वानी तत्पश्चात महफिले समा घर के निकट दरगाह पर होगी और 11बजे कुल शरीफ हज़रत सैय्यद शाह बरकात मियां साहब होगा इसी के साथ उर्स का समापन हो जाएगा।

### पोलवा गांव में एक तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने एक ऑटो में मारा जोरदार टक्कर, दो महिलाओं की हुई मौत, चार घायल, एक रेफर

**सोनभद्र-** विंढमगंज थाना क्षेत्र के पोलवा गांव में गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे एक तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो पर सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि ऑटो पर सवार चार अन्य घायलों में एक कि गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सवारियों से भरी ऑटो दुद्धी की तरफ से विंढमगंज की तरफ जा रही थी कि पोलवा गांव में तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो पर सवार 40 वर्षीय संजय शर्मा पुत्र स्व श्री प्रसाद शर्मा निवासी महुली, 34 वर्षीय मीना देवी पत्नी संजय शर्मा निवासी महुली, 12 वर्षीय आशा कुमारी पुत्री स्व छोटे लाल निवासी घिवहीं, 52 वर्षीय संगीता देवी पत्नी रमेश चौधरी निवासी बिलासपुर, 6 वर्षीय रिशु कुमारी पुत्री संजय चौधरी निवासी बिश्रामपुर व 55 वर्षीय रमेश चौधरी पुत्र स्व मुनिरका चौधरी निवासी बेलासपुर सभी घायल हो गए। सभी को एम्बुलेंस की सहायता से इलाज हेतु आनन फानन में दुद्धी सीएचसी में भर्ती कराया गया जहाँ मीना देवी व संगीता देवी को चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वही घायल संजय शर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। वही शेष अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

# भ्रष्टाचार के आरोप से घिरी एसडीएम का आडियो लीक, कहा- 10-20 या 50 हजार खर्च कर फाइल से गायब करो आदेश

स्वतंत्र प्रभात



**संडीला (हरदोई)-** जिले की सवायजपुर तहसील में तहसीलदार और एसडीएम के पद पर तैनात रहीं अरुणिमा श्रीवास्तव का एक ऑडियो वायरल हुआ है। जिसमें वह बैक डेट में किए दाखिल खारिज के आदेश को फाइल से गायब करने के बदले 10-20 और हजार तक खर्च करने की बात कह रही हैं। हालांकि ऑडियो कि हम पुष्टि नहीं करते हैं। एसडीएम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर शिकायत की गई जिसकी जांच चल रही है। पूरा मामला सवायजपुर तहसील से जुड़ा हुआ है, जिसमें आरोप है कि एसडीएम के पद पर पदोन्नत होने के बाद अरुणिमा श्रीवास्तव ने बैक डेट में दाखिल खारिज से संबंधित पत्रावली पर हस्ताक्षर किए थे। एसडीएम के पद पर पदोन्नति होने से पहले अरुणिमा श्रीवास्तव सवायजपुर में ही तहसीलदार के पर पद पर कार्यरत थी। तहसील क्षेत्र के डिघासर और बरौली गांव की भूमि संबंधी दाखिल खारिज का बैक डेट में आदेश किया था, मामला खुलने पर ग्रामीणों ने अरुणिमा श्रीवास्तव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से प्रकरण की शिकायत की। बृहस्पतिवार को वायरल हुए आडियो में वर्तमान समय में सण्डीला तहसील में एसडीएम के पद पर तैनात अरुणिमा श्रीवास्तव एक बाबू से दाखिल खारिज से संबंधित आदेश रिकॉर्ड रूम में रखी फाइल से गायब करने के बदले पर 10-20 और 50 हजार रुपए तक खर्च करने की बात कहती सुनाई पड़ रही हैं. यह ऑडियो और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. ऑडियो वायरल होने के बाद प्रकरण की जांच एडीएम प्रियंका सिंह कर रही हैं।

# आज से 2 दिनों तक दिन में 5 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**● - पेड़ों की छटाई को लेकर गुल रहेगी परसदा क्षेत्र की बिजली**

स्वतंत्र प्रभात




**ऱामकोट ( सीतापुर )–** अनुरक्षण माह के अंतर्गत पेड़ों की छटाई को लेकर रामकोट पावर सब स्टेशन से परसदा क्षेत्र को सप्लाई होने वाली विद्युत की आपूर्ती 2 दिनों तक दिन में 5 घंटे तक ठप रहेगी। विद्युत फीडर के लाइन से लगे पेड़ों की टहनियों को काटा जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा सके। कई जगहों पर पेड़ बड़े होने के चलते बिजली के तार टहनियों के बीच से गुजरे हुए हैं। टहनियों के बीच तारों के होने से हल्की हवा चलने पर ब्रेक डाउन की समस्या बनी रहती है। कई बार बिजली के तार भी टूट जाते हैं। जिससे घंटों तक बिजली आपूर्ति बंद रहती है। ऐसे में पेड़ों की वजह से बिजली सप्लाई बाधित न हो इसके लिए पेड़ों की टहनियों की कटाई की जाएगी। जानकारी देते हुए रामकोट विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अश्वनी कुमार वर्मा ने बताया की विद्युत विभाग के द्वारा अनुरक्षण माह के अंतर्गत आज शुक्रवार व कल शनिवार तक 11 केवी फीडर परसदा पर पेड़ों की छटाई का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते विद्युत आपूर्ति दिन में सुबह 11ः00 बजे से लेकर शाम 4ः00 बजे तक 2 दिनों तक दिन की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होनें कहा की विद्युत उपभोक्ताओं को भविष्य में कोई दिक्कत का सामना नही करना पड़े इसके लिए पेड़ों की छटाई का कार्य किया जाएगा। इस मदेनजर रामकोट के पावर सब स्टेशन को परसदा क्षेत्र की विद्युत सप्लाई को दिन में बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है।

# कन्या भोज कार्यक्रम के साथ भागवत कथा का हुआ समापन

**● - पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष रहें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**

स्वतंत्र प्रभात



**मिश्रिख (सीतापुर)–** तहसील इलाके के ग्राम इस्लामनगर मे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का कन्या भोज कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। कथा वाचक राम जी यादव व ऊषा यादव ने कथा के माध्यम से अलग अलग प्रसंगों का व्याख्यान कर व कलाकरों ने मंच के माध्यम से शानदार प्रस्तुति पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के अंतिम दिन हवन पूजन और कन्या भोज का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे पधारे पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष सैय्यद अली क़ासिम द्वारा कन्याओं को प्रसाद वितरण किया गया। उन्होंने कथा कमेटी के सदस्यों सहित गांव वासियों को इस कथा के सफल आयोजन को लेकर भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यो से नवयुवकों मे धर्म के प्रति आस्था का विश्वास और मजबूती प्रदान करता है। ऐसे कार्यक्रम हर वर्ष होते रहना चाहिए। कथा के मुख्य संयोजक राजाराम राठौर व उनकी पत्नी द्वारा कथा वाचकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। दूर दराज गांवों से आए श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद के रुप मे पूरी खीर का सेवन किया। रात्रि मे कथा समापन के बाद कमेटी के लोगों ने हर्ष उल्लास के साथ अबीर-गुलाल एक दूसरे पर डालकर होली पर्व जैसा माहौल बना दिया। कथा में विशेष रूप से आशीष कुमार,अमरीश राठौर, राजेश पाल, दीपक पाल, राहुल कश्यप, सतीश तिवारी, अंकित, जमुना मौर्य, सुमित सक्सेना सहित ग्रामीणों का योगदान रहा।

# धूमधाम से मनाया गया प्रभु महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस महोत्सव

स्वतंत्र प्रभात



**बिसवां सीतापुर-** प्रभु महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को वाल्मीकि समाज के लोगो ने विशाल शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा रोडवेज बस अड्डे के निकट वाल्मीकि मन्दिर से प्रारम्भ होकर प्रमुख मार्गो पोस्टर तिराहे, बड़े चौराहे, रायगंज, जहांगीराबाद रोड, सेठगंज, मंगरहिया बाजार, मुराऊटोला , मिरदही टोला, शेखसराय, मियागंज होते हुए वापस वाल्मीकि मन्दिर में आकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में ढोल नगाड़े की धुन के बीच श्रद्धालु झूमते नाचते हुए श्री राम और महर्षि वाल्मीकि के जयकारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान घोड़े बग्घी पर रामदरबार, शिव परिवार, भगवान शिव पार्वती, महर्षि वाल्मीकि प्राकट्य आदि की सुंदर सुंदर सजीव झांकियां आकर्षण का केन्द्र बिंदु रहीं। शोभा यात्रा के पूर्व प्रभात फेरी निकाली गई और भजन कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मोहल्ला मंगरहिया बाजार में सामाजिक संगठन सेवा भारती के तत्वाधान में समाजसेवी मोहित जायसवाल ने शोभा यात्रा पर पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया । उन्होंने शोभायात्रा में चल रहे भक्तों को फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेंटकर अभिनन्दन किया तथा शोभायात्रा में सजीव झांकियों की आरती कर आशीर्वाद ग्रहण किया । शोभायात्रा का स्वागत करने वालों में जिला प्रचारक अजय, चक्रपानी, पप्पू सिंह, रिंकू मौर्या, विमल निगम, अन्नू वर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# सपा जिला कार्यालय में बड़ी धूमधाम से मनाई गयी वाल्मीकि जयंती

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गयी। जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', सांसद, आर0के0 चौधरी, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि वाल्मीकि जी संस्कृत रामायण के प्रसिद्ध रचयिता थे, जिस कारण यह आदिकवि के नाम से प्रसिद्ध हुए। वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक महाकाव्य है जो कि श्रीराम के जीवन के माध्यम हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से परिचित करवाता है। रामायण में वाल्मीकि ने 24000 श्लोकों में श्रीराम उपाख्यान 'रामायण' लिखी। अपने काव्य रामायण में उन्होंने अनेक घटनाओं के समय सूर्य, चन्द्र, तथा अन्य नक्षत्रों की स्थितियों का वर्णन भी किया है।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. फिदा हुसैन अंसारी, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, रंजीत यादव, अकरम उर्फ बब्लू, विधानसभा प्रत्याषी राजबाला रावत, जिला उपाध्यक्ष अनिल पासी, हलीम खान, जमालुद्दीन बेग 'कल्लू', बचान सिंह यादव, गुड्डू लोधी, जिला सचिव रामकिशोर यादव 'जग्गी', मो0 रईश, अखिलेश भार्गव, मोहनलालगंज विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, प्रदेश सचिव शिक्षक सभा अवधेश सिंह यादव, जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि', राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेन्द्र कुमार यादव, छात्रसभा जिलाध्यक्ष ओम कुमार लोधी, सपा नेता तानसेन यादव, रामसमुझ रावत, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, जिलाध्यक्ष शिक्षक सभा दिवाकर यादव, जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ विजय कुमार यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल, पूर्व प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ विजय यादव, लक्ष्मी यादव, गोविन्द यादव, अनुराग यादव, शिवम यादव 'गोलू' के साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साहित्य सृजन संस्थान, बिसवां द्वारा छात्रा को निःशुल्क वितरित की गई पाठ्य पुस्तकें

स्वतंत्र प्रभात




**बिसवां सीतापुर-** शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक सरोकारों को समर्पित अ. भा. संस्था 'साहित्य सृजन संस्थान' द्वारा क्षेत्र बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए बिसवां में निकट पशु चिकित्सालय, तहसील रोड पर स्थापित 'सृजन पुस्तकालय' में कक्षा 10 के छात्रा को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय राकेश अग्रवाल की पुण्यस्मृति में उनकी पत्नी मंजू अग्रवाल, सुपुत्र अभिषेक अग्रवाल और पुत्रवधू शिवानी अग्रवाल के सौजन्य से बादलपुरवा, बिसवां, सीतापुर निवासी, कृष्णा देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा मीनू पुत्री पिंका प्रसाद को उनके पाठ्यक्रम की पुस्तकें स्टेशनरी और स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उप जिलाधिकारी, बिसवां मनीष कुमार जी ने अपने संबोधन में कहा कि शैक्षिक चेतना ही समाज की दिशा और दशा तय करती है इस लिहाज से सृजन पुस्तकालय की भूमिका क्षेत्र के शैक्षिक सरोकारों के प्रति महत्वपूर्ण है। हमारी शुभकामनाएं और भरपूर सहयोग संस्थान को सदैव सुलभ रहेगा।

संस्थान के संस्थापक, अध्यक्ष, साहित्यकार संदीप मिश्र सरस ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष क्षेत्र के मेधावी जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बुक किट उपलब्ध कराई जाती है। ये बच्चे अपनी मेधा के बल पर सफलता अर्जित करके बिसवां का नाम पूरी दुनिया में जब रोशन करेंगे तो हमारे संस्थान का संकल्प सार्थक हो जाएगा। कार्यक्रम में कृष्णा देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज बिसवां की प्रधानाचार्य लक्ष्मी जी, उप प्रधानाचार्य उषा अवस्थी, गंगा स्वरूप मिश्र, समाजसेवी दीपक शुक्ल, अधिवक्ता मनोज गुप्त एवं बच्ची के अभिभावक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पुस्तकालय में विभिन्न भाषाओं की साहित्यिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, दार्शनिक पुस्तकों के साथ-साथ पर्याप्त कंपटीशन बुक्स की व्यवस्था है। इस वर्ष विभिन्न महाविद्यालयों के अन्यान्य शोध छात्र छात्राओं ने पुस्तकालय द्वारा उपलब्ध पुस्तकों से अपने लघु शोध प्रबंध तैयार किए हैं। सृजन पुस्तकालय द्वारा समय-समय पर बच्चों को विभिन्न स्कूल, कोचिंग सेंटर में एडमिशन एवं छूट का सहयोग दिलाया जाता है और छात्र-छात्राओं के लिए मोटिवेशनल क्लासेस एवं करियर काउंसलिंग के प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। अब पुस्तकालय में कंप्यूटर प्रशिक्षण की भी व्यवस्था संचालित हो गई है।

# सहायक विकास अधिकारी की पहल पर गांव गांव शुरू हुआ स्वच्छता अभियान

**● -लापरवाही बरतने वाले सफाईकर्मियों को दी गई सख्त चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** सरोजिनी नगर ब्लॉक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरिओम पाठक ने सरोजिनी नगर के लगभग सभी ग्राम सभाओं में साफ सफाई करने के निर्देश दिए थे जिसके चलते गांव में लगातार सफाई कर्मियों के द्वारा निर्मित सफाई अभियान चला कर स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाया जा रहा है और गांव में सफाई कर्मी भी लगातार पहुंच रहे हैं। जिन गांवों में सफाई कर्मियों की शिकायत मिल रही है वहां के सफाई कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह सभी सफाई कर्मी अपने गांव में निर्मित रूप से पहुंचकर साफ सफाई करके फोटो भेजें।

प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत ग्राम सभा गोदौली नारायणपुर सादुल्ला नगर सहित दर्जनों गांव में कूड़े की गाड़ी घर-घर कूड़ा लेने के लिए भी पहुंच रही है सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरिओम पाठक का कहना है कि जिन गांवों में प्रधान अभी हीला हवाली कर रहे हैं उन सभी को निर्देश दिया गया है की तत्काल अपनी ग्राम सभा में कूड़ा घर बनवाकर गांव में कूड़ा वाली गाड़ी चलाएं ताकि ग्रामीणों को कूड़ा फेंकने में आसानी हो सके और गांव भी स्वच्छ बन सके। बता दे सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरिओम पाठक अपनी कर शैली के लिए बेहतर छवि के अधिकारी माने जाते हैं और लगातार विकासखंड के गांव में विकास योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# अवैध शराब का निर्माण और बिक्री की रोकथाम के लिए की गयी समीक्षा बैठक, मेरठ जोन के आबकारी आयुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहांपुर –** आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शाहजहाँपुर में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब निर्माण,बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णरुप से अंकुश लगाये जाने के लिए समीक्षा बैठक की गयी। मेरठ जोन के संयुक्त आबकारी आयुक्त द्वारा शाहजहांपुर में राजस्व एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा भी की गई। इस दौरान क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक निकासी कराते हुए गत वर्ष के सापेक्ष न्यूनतम 20त्न से अधिक राजस्व प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत यह भी निर्देशित किया गया कि सघन प्रवर्तन कार्य करते हुए अवैध मदिरा की तस्करी,निर्माण एवं बिक्री पर अंकुश लगाया जाए साथ ही आबकारी दुकानों की निरंतर जांच की जाए तथा किसी भी दशा में ओवर रेटिंग न होने पाए। अंतरराज्यीय शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए जनपद के प्रवेश मार्गों पर त्रस्ज्ञ की टीमों के साथ की जा रही चेकिंग को निरंतर जारी रखा जाए। मीटिंग में जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश द्वारा जनपद द्वारा उपभोग आधारित राजस्व प्राप्ति के आकड़ो से संयुक्त आबकारी आयुक्त को अवगत कराया गया।जिस पर शाहजहांपुर के अच्छे प्रदर्शन के कारण संयुक्त आबकारी आयुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की।समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों के साथ जिला आबकारी अधिकारी, व सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन बरेली भी मौजूद रहे।

# हत्याकाण्ड का सफल अनावरण कर भतीजे सहित दो हत्याभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



दिनांक- 10.10.2024 को थाना असन्द्रा पर वादी राम सुमिरन निवासी नसीपुर मजरे मंसारा थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी द्वारा सूचना दिया गया कि दिनांक-09.10.2024 की शाम उसकी पत्नी घर के पीछे शौच के लिए गई थी, जहां पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी हत्या कर दी गई। उक्त सूचना के आधार पर थाना असन्द्रा पर मु0अ0सं0 396/2024 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं उक्त घटना से सम्बन्धित समस्त पहलुओं की जांच करते हुए घटना का अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट श्री जटाशंकर मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गये। डॉग स्कवाड व फॉरेंसिक टीम द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन किया गया। इसी क्रम में दिनांक 16.10.2024 को स्वाट/सर्विलांस व थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों 1. श्रवण कुमार पुत्र छंगालाल रावत, 2. राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 वंशीलाल रावत निवासीगण नसीपुर मजरे मंसारा थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को नैपुरा घाट के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशांदेही पर आलाकत्ल एक अदद चाकू बरामद किया गया। अभियोग उपरोक्त में धारा 3(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई।

पूछताछ से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त श्रवण कुमार का सगी चाची/मृतका से लगभग 10 वर्षो से अवैध सम्बन्ध था। अभियुक्त श्रवण का विवाह लगभग 05 वर्ष पूर्व हुआ था, जिस कारण अभियुक्त श्रवण का चाची/मृतका से पूर्व की भांति मिलना-जुलना नहीं हो पाता था, जिस कारण मृतका, अभियुक्त श्रवण से नाराज रहती थी एवं पूर्व की भांति ही सम्बन्ध बनाने एवं रुपये देने का दबाव बनाती थी एवं उसकी बाते न मानने पर झगड़ा करती व अभियुक्त के परिवार में सारी बाते बता देने की धमकी भी देने लगी थी। मृतका की वजह से अभियुक्त श्रवण का परिवार टूटने की कगार पर आ गया था। अभियुक्त श्रवण ने मृतका से पीछा छुड़ाने के लिए गांव के ही अपने दोस्त राजेन्द्र कुमार के साथ योजना बनाई। योजना के तहत दिनांक 09.10.2024 की शाम को अभियुक्त श्रवण ने अपनी चाची/मृतका को घर के पीछे खेत में बुलाया तथा राजेन्द्र को खेत के बाहर निगरानी के लिए खड़ा कर दिया। मृतका घर से शौच का बहाना करके खेत में पहुंच गई एवं अभियुक्त श्रवण द्वारा चाची/मृतका को बातों में उलझा कर उस पर चाकू से कई वार कर हत्या कर दी गई। अभियुक्त श्रवण, राजेन्द्र को लेकर गांव में ही मजार के पास स्थित नल पर अपने हाथ पैर धोने के बाद मोटरसाइकिल से जाकर नहर के पास झाड़ी में हत्या में प्रयुक्त की गई चाकू को छिपा दिया गया एवं नई सड़क पहुंचकर दोनों ने शराब पी एवं हत्याकारित करते समय प्रयुक्त चाकू से अभियुक्त श्रवण के हाथ में आई चोट का डॉक्टर से उपचार कराया गया एवं पट्टी बंधाई गई। अभियुक्त श्रवण द्वारा हाथ में लगी चोट को दुर्घटना का रूप देने के लिए अपनी मोटरसाइकिल का इण्डीकेटर तोड़ दिया गया एवं नम्बर प्लेट को क्षतिग्रस्त करते हुए बाइक पर स्क्रेच बना दिये गये थे।

# 'मिशन शक्ति फेज- 05"के दृष्टिगत "आपरेशन शील्ड"के तहत समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात



प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आपरेशन शील्ड के तहत एसिड की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु दुकानों पर चेकिंग की गई ।

# नरवल थाना क्षेत्र में नवविवाहिता की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**● -विवाह को अभी दस माह ही हुए थे, आठ दिन पहले मायके से ससुराल आई थी मृतका।**






स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कमिश्नरेट के के नरवल थाना क्षेत्र के अंतर्गत नरौरा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत हो गई, मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका शव छत पर मिला था। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराली जनों पर हत्या का आरोप लगा कर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नरवल पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच-पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महाराजपुर क्षेत्र के तिलसहरी खुर्द गांव निवासी रामसजीवन कुशवाहा की बेटी कविता (26) वर्ष की शादी नरवल क्षेत्र के नरौरा गांव निवासी कमलेश के बेटे सुधीर के साथ 3 दिसंबर 2023 को हुई थी। विवाह के केवल दस महीने ही हुए थे। मायके वालों ने बताया कि विवाह के बाद से दहेज में कूलर और कुर्सी न मिलने की वजह से आए दिन मारपीट होती थी। कविता तीन माहीने से मायके में थी 8 दिन पहले कविता ससुराल आई थी। गुरुवार को कविता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पति सुधीर, ससुर कमलेश तथा ननद बबिता पर प्रताड़ित करने तथा हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नरवल पुलिस व फोरेंसिक टीम मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार सुधीर कबाड़ खरीदने का काम करता है। घटना के वक्त घर पर सुधीर तथा पिता कमलेश एवं सुधीर का छोटा भाई हिमांशु उम्र 12 वर्ष सो रहे थे। महिला के पति सुधीर ने बताया कि वह सो रहा था। तीन बजे के लगभग छोटे भाई ने जानकारी दी कि भाभी छत पर गिर गई हैं, बेहोश हैं। सुधीर ने कविता के भाई को जानकारी दी तथा कविता को कांशीराम अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसीपी चकेरी दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को नरवल क्षेत्र में हत्या की सूचना मिली थी। नरवल थाना पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची, घटना के साक्ष्य जुटाए गए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मायके वालों की तहरीर और पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही होगी।

# निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का पालन होगा - डीसीपी पूर्वी

**● -आज 18 अक्टूबर से शुरू हो रही है सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक 17.10.2024 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा ज़िला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट कानपुर नगर के अंतर्गत सीसामऊ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के नामांकन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया और सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का पूरा पालन किया जाएगा नामांकन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण चेकपॉइंट्स बनाने के निर्देश दिए जहां बैरिकेटिंग लगाकर पुलिस द्वारा गाड़ियों और व्यक्तियों की तलाशी की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी गाइडलाइन्स का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि नामांकन प्रक्रिया शांति और कानून व्यवस्था के साथ संपन्न हो। नामांकन स्थल पर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के लिए अतिरिक्त बल को तैनात करने के निर्देश दिए । उम्मीदवारों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नामांकन स्थल के आसपास सुरक्षा का घेरा तैयार करने का निर्देश दिया। मौक़े पर श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मौजूद रहे।

# ठेकेदार के खिलाफ पार्षद एवं क्षेत्रीय जनता ने खोला मोर्चा

**● -रामलीला मैदान के मिले कार्य को छोड़कर गायब हुआ ठेकेदार - पार्षद योगेंद्र शर्मा**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** नौबस्ता पश्चिम वार्ड 65 के महाराणा प्रताप रामलीला मैदान के रंगरोगन तथा सुंदरीकरण कार्य को छोड़कर ठेकेदार उस समय गायब हुआ जब रामलीला मंचन होना था। पार्क की मरम्मत एवं सुंदरीकरण कार्य ना होने से क्षेत्रीय जनता में आक्रोश देखने को मिला। रामलीला समिति के प्रवक्ता कुलदीप गुप्ता ने कहा कि ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। वही दूसरी ओर क्षेत्रीय ओमप्रकाश शर्मा ने नगर निगम एवं ठेकेदार को दोषी मानते हुए कहा कि ऐसे ठेकेदारों के सभी कार्य विभाग द्वारा निरस्त किए जाने चाहिए। वही पार्षद योगेंद्र शर्मा ने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा टेंडर होने के बावजूद रामलीला मैदान के कार्यों को ना होना ठेकेदार की लापरवाही को स्पष्ट रूप से दर्शाता हैं। रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला को देखने तकरीबन 30 हजार लोग एकत्रित होते हैं। पार्षद ने युवराज कंटक्शन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने नगर निगम के आलाधिकारियों को इस बाबत जानकारी देते हुए कह दिया है कि अगर ठेकदार के खिलाफ कार्यवाही तथा कार्यों की जांच ना की गई तो वह आम जनमानस के साथ कार्यों को ना होने देंगे। तथा ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को मजबूर होगे।

# सरकारी विभागों पर नगर निगम का 34 करोड़ 38 लाख बकाया संपत्ति कर

**● -नगर निगम ने बड़े संपत्ति कर बकायेदार सरकारी विभागों को भेजे नोटिस**

**2 केंद्रीय विभागों पर नगर निगम का 10 करोड़ 17 लाख बकाया संपत्ति कर**



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** सरकारी विभागों से नगर निगम संपत्ति कर वसूली की धीमी प्रक्रिया को लेकर नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी सरकारी केंद्र सरकारी विभागों को संपत्ति कर जमा करने के संबंध में अधीनस्थों को स्वयं समन्वय संपर्क और संवाद करने की हिदायत दी है। नगर आयुक्त ने नगर निगम संपत्ति कर के बड़े बकायेदार सरकारी विभागों पर लगभग लाखों से करोड़ों रुपए बकाया होने को लेकर चिंता ज़ाहिर करते हुए अगले 15 दिनों में नगर निगम संपत्ति विभाग को सभी सरकारी विभागों में जाकर कार्यवाही करने की हिदायत दी है।

गुरुवार को नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के साथ नगर निगम संपत्ति कर वसूली को लेकर समीक्षा की समीक्षा के दौरान नगर आयुक्त ने नगर निगम संपत्ति करके बड़े बकायेदारों के विरुद्ध धीमी विभागीय कार्यवाही होने को लेकर चिंता जाहिर की. नगर आयुक्त ने सरकारी भवनों पर नगर निगम संपत्ति कर बकायेदारों की सूची को तलब करते हुए अगले 15 दिनों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रत्येक बड़े बकायेदार से संपत्ति कर वसूली की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया अलीगढ़ में विकास कार्यों को करने के लिए नगर निगम संपत्ति कर नगर निगम की रीढ़ की हड्डी है नगर निगम के संपत्ति कर का नागरिकों पर बकाया के साथ-साथ 30 राज्य सरकार व 2 केंद्र सरकार के विभाग पर लगभग 34 करोड़ 38 लाख का नगर निगम संपत्ति कर बकाया है। नगर आयुक्त ने बताया सभी सरकारी विभागों को नगर निगम द्वारा जल्द से जल्द संपत्ति कर जमा करने के संबंध में उनके स्तर से पत्र भी भेजा गया है और अधीनस्थों को व्यक्तिगत संबंधित विभाग से समन्वय संवाद और सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया केंद्रीय विभागों के अंतर्गत अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर 78681207.00, सहायक आयुक्त केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग पर 23030249.00 का संपत्ति कर बकाया है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम सीमान्तर्गत शासकीय भवन अंतर्गत 30 सरकारी भवनों के अंतर्गत बड़े बकायेदार जिनमे जिला जज कचहरी रोड पर 8033457.00 का सहायक मण्डल अभियन्ता उत्तर मध्य रेलवे पर रू0 78681207.00 व सहायक आयुक्त केन्द्रीय उत्पाद शुल्क पर रू0 23030249.00 व राज्य सरकार की संपत्ति विकास अधिकारी पर 32292283.00 का जिला निर्वाचन अधिकारी पर 4944705.00 का अधिशासी अधिकारी मध्य गंगा नहर पर 25457210.00 का अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग पर 11128056.00 का जिला कृषि अधिकारी पर 9951047.00 का प्रधानाचार्य राजकीय नोरंगीलाल इंटर कॉलोज़ पर 3204000.00 का उपाध्यक्ष अलीगढ विकास प्राधिकरण पर 4359591.00 का कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी पर 115646354.00 प्रबंधक राजकीय रोडवेज वर्कशॉप पर 4287279.00 का अधिसंशी अभियंता नलकूप खंड प्रथम निर्माण खंड पर 2854391.00 का बकाया है।

# कानून व्यवस्था में ढिलाई बर्दाश्त नही - एडीजी जोन आलोक सिंह



**● -एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह ने इटावा के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर ।** एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह द्वारा जनपद इटावा में पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था,आगामी पर्व दीपावली, मिशन शक्ति, महिला हेल्प डेस्क,साइबर जागरूकता व जनसमस्याओं के निस्तारण व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में इटावा के एसएसपी भी सम्मिलित हुए। एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति के तहत महिला संबंधी अपराधों को रोकने में अधिक ध्यान दें। महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी बराबर दी जाए। त्योहारों पर ढिलाई बिल्कुल नहीं की जाए।

# कलश यात्रा के साथ आज होगा महायज्ञ का शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात



**असोहा, उन्नाव।** नव दिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ का आज से कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ होगा। क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटीबीर बाबा में पिछले नव वर्षो से नव दिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ व मानस वेदांत सन्त सम्मेलन होता चला आ रहा है। आयोजक भाजपा नेता संजय शुक्ल ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 18 से 26 अक्टूबर तक कार्यक्रम होना है, कार्यक्रम की समाप्ति पूर्ण आहुति भंडारे के साथ होगी। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगा, उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में नैमिष से पधारे विनोदचार्य द्वारा सभी कार्यक्रम सम्पादित होंगे साथ ही रोज दोपहर, एवं शाम को राम कथा भी होगी, रामकथा में प्रयाग, बनारस, अयोध्या धाम से आये सन्तो द्वारा भक्तो को कथा का अमृतपान कराया जाएगा, यज्ञ के दौरान इच्छुक व्यक्तियों के वैदिक रीति रिवाज से यज्ञोपवीत भी कराये जाएंगे। आयोजको ने क्षेत्रवासियों से अधिक से संख्या में कलश यात्रा में भाग लेने के लिये कहा है।

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर वितरित किए गये हेलमेट



स्वतंत्र प्रभात

**असोहा, उन्नाव।** क्षेत्र के रायपुर गांव के पास संस्था द्वारा दो दर्जन से अधिक बाइक सवारो को हेलमेट दिए गए। संस्था के पदाधिकारियों ने सुरक्षा की दृष्टि से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की लोगो से अपील की है। बताते चलें कि लक्ष्मी फाउंडेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा मंगतखेड़ा-कांथा मार्ग पर रायपुर गांव के पास संस्था के चेयरमैन अनिल कुशवाहा ने संस्था के अन्य लोगो के साथ मिलकर बिना हेलमेट निकल रहे दो दर्जन बाइक सवारों को हेलमेट वितरित किए। अनिल कुशवाहा ने कहा की सड़क सुरक्षा नियमों का हम सभी को पालन करना चाहिए। जीवन अनमोल है। सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतना चाहिए। उन्होंने बाइक सवारों से बिना हेलमेट ना चलने, चार पहिया वाहन वालों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशे में वाहन ना चलाने व वाहन चलाते समय फोन पर बात ना करने की लोगो से अपील की है। इस दौरान अजय, शिवम, शशांक, संतोष, मोहन, नंद किशोर, सुषमेष, बिदा, सचिन आदि लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## गोपाल नगर की गलियों की अधिकांश लाइट खराब



**कानपुर।** सरकारी कर्मचारी अधिकारी काम न करें तो हम फरियाद लेकर जनप्रतिनिधि के पास जा सकते हैं लेकिन जनता का चुना हुआ प्रतिनिधि ही बात न सुने तो जनता कहां जाए। गोपाल नगर, और यशोदा नगर की गलियों में लगे खभों की अधिकतर लाइटें महीनों से पड़ी है खराब, नगर निगम एवं पार्षदों को सूचना देने पर भी नहीं सुधरती लाइट, उनका कहना है नगर निगम हमारी नहीं सुनता क्या करें मजबूरी है हमारी, नहीं कर पाते जनता की समस्या का समाधान,वही वार्ड 46 टाटा मोटर्स वाली गली की लाइट भी है महीनों से खराब, आसपास के लोगों को कहना है गणेश महोत्सव नवरात्रि दोनों निकल गई अब क्या दीपावली में भी गलियों में रहेगा अंधेरा।

## कार - डीसीएम में टक्कर में कार सवार दो की मृत्यु

**कानपुर।** आज दिनांक 17/10/2024 को कानपुर इलाहाबाद हाइवे पर लव द ढाबा से 100 मीटर आगे फतेहपुर की तरफ डीसीएम नंबर UP 78C N6378 से वैगनआर कार नंबर UP78G K 0698 का एक्सीडेंट हो गया जिसमें वैगनआर में बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतू एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी सरसौल लाया गया जहां पर दोनों को चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक पुरूष की जेब से मिले पुलिस आइडी के अनुसार सागर सिंह सेंगर तथा मृत महिला के विषय में नाम आदि की जानकारी नहीं हो सकी है। मृतक के परिजन को अवगत करा दिया गया है मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई हैं तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान मझौली में जुलुस में दो युवकों को चाकू घोंप किया घायल



**सलेमपुर, देवरिया।** जिले के कोतवाली क्षेत्र के मझौली राज में बुधवार कि रात्रि मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल हो गया। जुलूस में शामिल होकर नाच गा रहे दो युवकों को वहां पहुंचे कुछ लोगों ने चाकू मार दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। इस दौरान कुछ अन्य लोगों को भी चोटे आई हैं। शांति व्यवस्था को लेकर सलेमपुर थाने के अलावा खुखुन्दु और लार थाने की पुलिस पहुँच गयी। अधिकारियों ने किसी तरह भीड़ को संभाला और समझा बूझाकर मूर्ति विसर्जन कराया। चाकू लगने से घायल लोगों का सीएचसी सलेमपुर में इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मौके पर पहुंचकर घटना की जायजा लिया। घटना के बाद तनाव को देखते हुए मझौली राज में पीएसी फ़ोर्स तैनात कर दी गई है।

## अव्यस्थाओं को देखकर न्यायाधीश ने जतायी कड़ी नाराजगी



**देवरिया।** वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर पीड़िताओं का चिकित्सीय परीक्षण व्यवस्थित रूप से न होने तथा पीड़िताओं हेतु आबंटित सामग्री का स्टॉक रजिस्टर अपूर्ण तथा अव्यवस्थित होने के कारण कड़ी नाराजगी जताई। उन्होने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक को अव्यवस्थाओं को दूर करने हेतु कड़े निर्देश दिए। सचिव ने वन स्टाप सेण्टर पर उपस्थित पीड़िताओं के समस्याओं का सुनकर उन्हे तत्काल दूर करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संदर्भित करें ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें।

## निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक खैर मण्डी अधिग्रहीत

**अलीगढ़।** विधानसभा निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के लिए प्रस्थान, वापसी, मतगणना का कार्य कृषि उत्पादन मण्डी समिति, खैर में सम्पादित कराया जाना हैं, जिसके लिए मण्डी स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयानुसार पूर्ण कराने के लिए मण्डी स्थल की तत्काल आवश्यकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, खैर के सम्पूर्ण स्थल व परिसर को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 160 के अधीन तत्काल प्रभाव से निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक के लिए अधिग्रहीत कर लिया गया है। उन्होंने मण्डी के सचिव को निर्देशित किया है कि वह निर्वाचन संबंधी कार्य स्थल पर विद्युत, पानी समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की सम्पूर्ण व्यवस्था तत्काल कराना सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाएं समयान्तर्गत करायी जा सकें।

## बन्दी की मृत्यु में नगर मजिस्ट्रेट जांच अधिकारी नामित

**कलैक्ट्रेट स्थित कमरा नं0 04 में 29 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं साक्ष्य**

**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी0 द्वारा सिद्धदोष बन्दी गौरव गोयल पुत्र सुरेश चंद्र गोयल आयु लगभग 42 वर्ष निवासी दुर्गापुरी थाना सासनीगेट गेट की 16 जुलाई को जेएन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में हुई मृत्यु की घटना की मजिस्ट्रियल जॉच के लिए नगर मजिस्ट्रेट राम शंकर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। नगर मजिस्ट्रेट राम शंकर ने उक्त घटना की मजिस्ट्रियल जॉच के संबंध में समस्त सम्बंधित व सर्व साधारण को सूचित किया है कि 29 अक्टूबर तक किसी भी कार्य दिवस व कार्यालय समय प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक नई कलेक्ट्रेट बिल्डिंग कमरा संख्या 04 में उपस्थित होकर अपना बयान अथवा अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 29 अक्टूबर के पश्चात किसी को भी अपना पक्ष रखने के लिए समय प्रदान नहीं किया जायेगा।

# सपा नेताओं ने चुनाव आयोग के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**● -भाजपा के इशारे पर सीसामऊ विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं पर उत्पीड़न रोकने की मांग,तत्काल पर्यवेक्षक नियुक्त कर आदर्श आचार संहिता का पालन किये जाने का अनुरोध**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** गुरुवार समाजवादी पार्टी के नेता व विधायक तथा सीसामऊ विधान सभा के मुख्य प्रभारी राजेंद्र कुमार के नेतृत्व मे तथा महानगर अध्यक्ष की अध्यक्षता मे सपा नेताओं, विधायकों के साथ दिन मे 12:00 बजे कलेक्ट्रेट कंपाउंड मे जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर मांग की। सीसामऊ विधान सभा के उपचुनाव की तिथियां घोषित हो गयी है लेकिन कानपुर महानगर प्रशासन सीसामऊ विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं पी0डी0ए0 मिशन टीम को फोन द्वारा धमकी भरे शब्दों का प्रयोग करके भाजपा के दबाव में मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है जिससे सपा कार्यकर्ताओं में दहशत का माहौल पैदा करके एकपक्षीय कार्य करके चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी महानगर आपसे अनुरोध करती है कि सीसामऊ उपचुनाव में चुनाव आचार संहिता का पूरा पालन किया जायेगा तथा उक्त विधान सभा क्षेत्र में चुनाव पर्यवेक्षक अविलम्ब नियुक्त किया जाये। साथ ही, चुनाव में, सम्पर्क, मीटिंग, सभायें एवं गोष्ठी की अनुमति देने के लिये एक ही ऐप पर व्यवस्था की जाये। चुनावी कार्यक्रम के आवेदन के साथ 8 घंटे में अनुमति दी जाये। समाजवादी पार्टी यह मांग करती है कि बी0एल0ओ0 के द्वारा मतदाता सूची की पर्ची बांटने के समय पार्टी के बी0एल0ओ0 को साथ बी0एल0ए0 रखे ताकिसमाजवादी पार्टी यह भी आपसे अनुरोध करती है कि सपा के स्टार प्रचारक तथा गोष्ठी व सेमिनार में मतदाताओं के द्वार पर मिलने पर रोका न जायें मतदान के दिन मतदान से 200 मीटर दूरी पोलिंग के साथ पानी की व्यवस्था तथा बैनर झण्डे को लगाने की अनुमति दी जाये। अतः भाजपा के इशारे पर कार्यकर्ताओं पर अर्नगल उत्पीड़न रोककर, आदर्श आचार संहिता का प्रयोग करने पर किसी के इशारे परेशान करना रोककर चुनाव पर्यवेक्षक की नियुक्ति तत्काल की जाये।। प्रतिनिधिमंडल मे प्रभारी सीसामऊ विधान सभा विधायक राजेंद्र कुमार, प्रत्याशी श्रीमती नसीम सोलंकी ,पूर्व सांसद राजाराम पाल ,विधायक मोहम्मद हसन रुमी ,पूर्व विधायक दिलीप सिंह कल्लू यादव जी,प्रदेश सचिव आदरणीय के के शुक्ला ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ,प्रवक्ता रजत मिश्रा,शबाब अबरार,नरेंद्र सिंह पिंटू ठाकुर,युवजन सभा अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी ,अल्पसंख्यक अध्यक्ष अरमान खान ,विकास मिश्रा ,हरभजन यादव ,इशरत इराकी ,नवनीत यादव ,आसिफ खोखर ,कादिर सिद्दीकी ,उमा देवी ऐडवोकेट,मुन्ने खान एडवोकेट आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।।

# संक्षिप्त ख़बरें

**समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार आज दिनांक 17-10-2024 को नकटादाना स्थित समाजवादी पार्टी**



**पीलीभीत** कार्यालय पर सपाइयों ने महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जीके चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई कार्यक्रम कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा जी एवं कार्यक्रम का संचालन सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी जी ने किया ! कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर जी, सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप जी, सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी साहब, सपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट, अमित पाठक, सपा जिला सचिव सैयद आसिफ अली कादरी, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष निरंजन कुमार गंगवार, नरेश कुमार सागर विधानसभा बरखेड़ा महासचिव, गुरविंदर सिंह, विनोद कुमार वर्मा बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष, रामनाथ वर्मा, भगवानदीन वर्मा, शुभम पटेल, चंद्र प्रकाश यादव, राजेंद्र प्रसाद, अलीम, शेरा, अर्जुन भारती, राममूर्ति लाल यादव, नरेश कुमार आदि तमाम सम्मानित नेतागढ़ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे !

### पूरनपुर कटान पीड़ित किसान मजदूरों का आंदोलन आज 13वा दिन भी जारी रहा।

आज राहुल नगर मजदूर बस्ती मे चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य कॉमरेड प्रहलाद विश्वास ने कहा कि हमारा धरना लगातार तेरह दिन से जारी है, अभी तक भाजपा सरकार के तरफ से नदी कटान से निजात दिलाने के लिए कोई भी काम शुरु नहीं किया और न ही कोई योजना के बारे मे जानकारी दी, इससे सरकार की जनविरोधी चेहरा सामने आ रहा है। वर्षो से ट्रांस शारदा क्षेत्र तबाह और बर्बाद हो रहा है मगर भाजपा सरकार क्षेत्र को बचाने के नाम पर लोगों को केवल झूठा आश्वासन देते आ रही हैं, काम के नाम पर खानापूर्ति कर रही हैं। जब बरसात मे कटान शुरु होती हैं तब आनन फानन मे केवल दिलासा देने के लिए कुछ काम करते है। आधा अधूरी काम पानी में ही बह जाता है। अगर सरकार इस समय जल्द से जल्द काम शुरु नही करती तो आंदोलन को उग्र करने के लिए क्षेत्रवासी बाध्य होंगे। आज धरने में कान्ति देवी, मुन्नी देवी, दुर्गा देवी मंशिला, मंजू, ताहिराबेगम, मैना देवी , देवकी, आरती राय, छायादेवी,राजिंद्र, नगीना, प्रभु, रामकुमार,प्रदीप, बृजेश सहित दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

### कटरा पुलिस को कार में मिले 5 जिन्दा कछुआ और 2 तस्कर



**शाहजहांपुर/** की थाना कटरा पुलिस को एक बड़ी कामयाबी तब मिली जब कटरा पुलिस टीम थाना क्षेत्र में गस्त कर रही थी। तभी चेकिंग के दौरान लगभग 11 बजे के आसपास कमलापुर नहर की पुलिया के पास पुलिस ने कछुआ तस्कर सुखदेव मण्डल और सागर विश्वास को रोककर चेकिंग की तो इनकी कार में बैठे हुए पांच जिंदा कछुआ मिले। ये दोनों तस्कर जगतपुरा रूद्रपुर ट्राजिंट कैम्प थाना ट्राजिंट कैम्प जिला ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड के रहने वाले हैं। पुलिस को इनके पास से एक कार भी बरामद हुई है जिसमें कछुओं को बैठकर ये लोग सप्लाई करने जा रहे थे। तभी पुलिस ने पकड़ लिया और इनका चालान कर इन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस की पूछताछ में कछुआ तस्करों ने बताया कि यह कछुये हमारे नही हैं बल्कि मदनापुर के गिरीश नाम के व्यक्ति के हैं। उसने यह कछुए हमे रूद्रपुर ले जाने के लिये दिये है। हम लोग रुद्रपुर लेकर जा रहे थे कि पुलिस वालो ने हमे गिरफ्तार कर लिया।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपात्रो को शौचालय दिए जाने के लग रहे आरोप

**लखीमपुर खीरी** बिजुआ ग्राम पंचायत में हर घर शौचालय अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बिजुआ ग्राम विकास अधिकारी कर रहे अपनी मनमानी। और धनबल कीदम परआपात्रों को शौचालयदिये जाने के आरोप ग्रामीण द्वारा लगाया जा रहे हैं। बताते चले बिजुआ ग्राम सभा में आज भी ऐसे गरीब लोग रह रहे हैं जो आज तक नहीं बनवा सके शौचालय और न ही सरकार की तरफ से ही मिल सका शौचालय का लाभ। पात्र लोग ग्राम विकास अधिकारी के कार्यालय के चक्कर लगाते लगाते थक गये और कई लोगो की तो घिस गयी चप्पलें, लेकिन ग्राम विकास अधिकारी केवल सहानुभूति देकर करते टाल मटोल । सुविधा शुल्क की दम पर अपात्रों को बॉट रहे शौचालय।यदि इस मामले की ,हो जाये जांच तो बड़े घोटाले का पर्दाफाश होगा।ग्रामीण का आरोप हैकि खाऊ कमाऊ की नीति के चलते ग्राम विकास अधिकारी पर कोई भी कार्यवाही नही हो रही है।अखिर क्यो ?योगी सरकार को बदनाम करने पर तुले है ब्लाक के जिम्मेदार।

# भ्रष्टाचार हटाओ, पुष्टाहार वितरित कराये जाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** ब्लॉक निघासन क्षेत्र के आधे से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रहा भ्रष्टाचार। बच्चों व धात्री महिलाओं को प्रति माह मिलने वाला पुष्टाहार दुकानों एवं खुद के यूज में बराबर लिया जा रहा.है। लेकिन सीडीपीओ निघासन जानबूझ कर अनजान बन रही है। भ्रष्टाचारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर इसलिए नहीं होती कार्यवाही क्योंकि दुकानों पर बिकने वाला पुष्टाहार से प्रति आंगनबाड़ी कार्यकत्री निघासन सीडीपीओ को देती है नजराना। इसलिए निघासन सीडीपीओ आंगनबाडियों पर नहीं करती है कार्यवाही। स्वच्छ छवि वाले मुख्य विकास अधिकारी एवं जिलाधिकारी महोदया के आदेशो को किया जा रहा उल्लंघन। बच्चों को मिलने वाले पुष्टाहार में हो रही जमकर भ्रष्टाचारी की अगर सही तरीके से करवाई जाए जांच तो निघासन सीडीपीओ के साथ साथ कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां आएंगी लपेटे में। प्रति माह बच्चों एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाला पुष्टाहार 20त्र ही किया जाता है वितरण, बाकि 80% दुकानों में एवं आंगनबाडियों के घरों में रखा आता है नजर जो.धीरे धीरे पशुओ के आहार मे तब्दील होकर खत्म हो जाताहै कागजो पर शतप्रतिशत वितरण किया जाता है।



**गन्ने के खेत मे फेंके जा रहे खाली पैकेट**

आंगनबाड़ी व सीडीपीओ की मिली भगत से नन्हे मुन्ने बच्चों को मिलने वाला आहार बच्चों को ना दे कर आंगनवाड़ी के द्वारा बेच कर भारी मात्रा खाली पैकटों को गन्ने के खेत में फेका जा रहा है।

मामला दौलतापुर की आंगनवाड़ी सुमन तिवारी,विद्यावती व हुलासी पुरवा जानकी देवी द्वारा बच्चों को मिलने वाला आहार की जमकर की जा रही काला बाजारी की जा रही है।जिसका विडियो सोशल मीडिया पर जम कर वायरल हो रहा है।इसके बावजूद भी सी डी पी ओ निघासन और जिला कार्यक्रम अधिकारी मौन साधे बैठे सबकुछ देख रहे है।

# पीलीभीत अधिवक्ता, के लिए सरकार संरक्षण लागू करें

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य अजय कुमार शुक्ला पीलीभीत पहुंचे और अधिवक्ताओं से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार अधिवक्ता संरक्षण कानून लागू करे। अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि समाज के कमजोर लोगों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिवक्ताओं पर आए दिन हमले हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता संरक्षण कानून तत्काल लागू करे कहा कि न्यायिक अधिकारियों की जवाब देही एवं पारदर्शिता हेतु प्रदेश के सभी न्यायालयों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं। प्रदेश के अधिवक्ताओं को वकालत करने के लिए सरकार की ओर से पक्के चैंबर उपलब्ध कराए जाएं। प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं को सामूहिक बीमा योजना का लाभ दिया जाए।

वकीलों को वंचित कर रखा है। किसान सम्मान निधि भी उन किसानों को नहीं मिल रही है, जो कृषि के साथ वकालत कर रहे हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और समुचित समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र, महासचिव आनंद मिश्रा, विवेक अवस्थी, डॉ. जीएल वर्मा, विवेक पांडे, अशोक बाजपेई, बाबूराम शर्मा, तेज सिंह वर्मा, विद्याराम वर्मा, सैयद हैदर जाफरी, अशोक शर्मा, संजीव दुबे, सत्य पाल गौतम, महेंद्र मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# फंदे पर लटकी मिली विवाहिता,पति समेत सात पर दर्ज हुआ दहेज हत्या का मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात

**बरेली** एक विवाहिता का शव घरवालों ने फंदे पर लटका देखा तो चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी होने पर सीओ हर्ष मोदी एसडीएम अजय उपाध्याय थाना प्रभारी परमेश्वरी मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस ने मृतका के परिजनों के पहुंचने से पहले ही शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। जिसको लेकर नाराज परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी पति समेत सात ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।





**जानकारी होने पर परिजन रोते बिलखते वहां पहुंचे।**

पुलिस के अनुसार क्योलडिया के मौजमपुर निवासी हरपाल अपनी पत्नी प्रियंका के साथ रात 9 बजे के करीब नबावगंज से मेला देखकर वापस लौट आया। इसी बीच हरपाल अपनी बेटी की दवा लेने चला गया। रात में 10 बजे के करीब प्रियंका का शव घर में फंदे से लटके होने पर चीख पुकार मच गई। तुरंत ही घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीओ हर्ष मोदी एसडीएम अजय उपाध्याय भी घटना की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना की जानकारी पर मृतका के परिजन वहां पहुंचे और बेटी का शव नहीं होने पर हंगामा करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया की पुलिस ने शव को उन्हें नहीं दिखाया। पुलिस ने मृतका के पिता रामलाल की तहरीर पर आरोपी पति हरपाल ससुर लीलाधर, सास सुशीला, देवर हरीश, मुकेश, नितेश, संजू के विरुद्ध दहेज की खातिर प्रियंका की हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि उन्होंने 4 साल पहले शादी में काफी दहेज दिया लेकिन ससुराली इससे संतुष्ट ना थे और अक्सर उसकी पिटाई करते थे।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित विशेष पखवाड़े में 1215 वृद्धजनों को मिली स्वास्थ्य सेवाएं

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** एनसीडी एनपीएचसीई कार्यक्रम के अंतर्गत 1 अक्टूबर से जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल में मनाया जा रहे हैं पखवाड़े के बाद सलेमपुर कोन स्थित वृद्धा आश्रम में एक हेल्थ कैंप लगाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान फल वितरण के साथ ही जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा साठ वृद्धजनों को स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की गई। वहीं विशेष पखवाड़े के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में चलाई जा रही ओपीडी में 1215 वृद्धजनों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया है। सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि एनसीडी के अंतर्गत एनपीएचसीई कार्यक्रम संचालित है। इसी कार्यक्रम के तहत 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान और स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें जिरियाट्रिक फिजिशियन और एनपीएचसीई कार्यक्रम के जिला चिकित्सालय के नोडल डॉ शिखर बाजपेई द्वारा 536 वृद्धजनों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। इसी तरह मानोचिकत्सक द्वारा 132 वृद्धजनों को, ऑर्थोपेडिक सर्जन द्वारा 227 मरीजों को और नाक कान गला रोग विशेषज्ञ द्वारा 151 मरीज के साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 169 वृद्धजनों को इस पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा दी गई। इसके बाद कार्यक्रम का समापन 16 अक्टूबर को वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में स्वास्थ्य शिविर लगाकर दिया गया, यहां पर जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई, मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विनय, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज शर्मा सहित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीराम द्वारा कैंप लगाकर 60 वृद्धजनों को देखा गया और उन्हें दवाई भी वितरित की गई। इस दौरान स्टाफ नर्स विवेक मित्तल व नेहा परवीन ने सहयोग किया। वहीं सीएमओ ऑफिस से एनसीडी टीम में एपिडेमियोलॉजी डॉ राकेश गुप्ता व विजय वर्मा द्वारा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ ग्रहण कराकर लोगों को तंबाकू उत्पादों के नुकसान से जागरूक किया गया साथ ही वृद्धजनों के सम्मान में फल वितरण भी किया गया।



# परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस लाइन ने तीन दंपतियों की विदाई

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद शाहजहांपुर में किया गया। इस आयोजन में 20 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 03 दम्पति को विदा किया गया ।थाना निगोही जनपद शाहजहंपुर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 3 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनो पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया ढ्ढ दोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया ढ्ढ प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैढ्ढ दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया।

थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर की दम्पति जिनकी शादी लगभग 01 वर्ष पूर्व हुई थी। पति पत्नी मे कुछ समय से दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया। दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैं और दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया हैं, दोनो को परिवार परामर्श केंद्र शाहजहांपुर से विदा किया गया। थाना रोजा जनपद शाहजहॉपुर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 4 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनो पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया ढ्ढ दोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया ढ्ढ प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैढ्ढ दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया।इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र जनपद शाहजहांपुर उप निरीक्षक श्रीमती मधु यादव- महिला आरक्षी पूनम मिश्रा- महिला आरक्षी मोनिका महिला आरक्षी करुणा आदि मौजूद रहे।



# ऐरा चीनी मिल के तीसरी बार डायरेक्टर चुने गए राम नरेश मिश्रा

**● गन्ना विकास समिति ऐरा के अध्यक्ष बने राजू सिंह, उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह निर्विरोध निर्वाचित!**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर-खीरी।** तहसील धौरहरा क्षेत्र की गन्ना विकास समिति ऐरा में गुरुवार को पुलिस सुरक्षा के बीच तीसरी बार राम नरेश मिश्रा डायरेक्टर के पद पर नामित किया गया। क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें मिठाई व माला फूल पहनाकर शुभकामनाएं दिया हैं धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि राम नरेश मिश्रा सेमरी निवासी बहुत ही निष्ठावान पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं और धौरहरा के गांव सेमरी से आकर जिले की राजनीति करना अपने आप में प्रमाण है अपनी कुशल कार्यशैली व मेहनतकश स्वभाव के चलते राम नरेश मिश्रा तीसरी बार डायरेक्टर चुने गए।

धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी महाराज का यही संकल्प है की प्रत्येक कार्यकर्ता सक्षम बने जो निष्ठावान कार्यकर्ता है उनको सरकार बराबर सम्मान देने का काम कर रही है तथा उत्तर प्रदेश के अंदर 7 वर्षो में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना कर सरकार से ग्राम प्रधान तक सब लोकहित में कार्य कर रहे हैं इसी का नतीजा है कि आज राम नरेश मिश्रा को उत्तर प्रदेश सहकारी गन्ना विकास समिति में तीसरी बार डायरेक्टर पद पर सरकार द्वारा नामित किया गया है।

वही अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। डायरेक्टर पद पर चुने गए मूडी निवासी राजू सिंह पुत्र रमेश सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए व उपाध्यक्ष पद के लिए हरदासपुर निवासी विजय प्रताप पुत्र तेज प्रताप सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्धारित समयावधि तक कोई अन्य नामांकन पत्र नहीं खरीदा गया। जिसके चलते दोपहर आर ओ शैलेंद्र कुमार ने ऐरा गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष पद पर राजू सिंह व उपाध्यक्ष पद पर विजय प्रताप सिंह को निर्विरोध निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपस्थित डायरेक्टर उत्तरा सिंह, भानु प्रताप सिंह,कमल किशोर सिंह, होशियार बक्श सिंह, सरयू प्रकाश पांडे, संतोष कुमारी, अमरीश भार्गव, शत्रोहन लाल राजपूत, राजकिशोर चौधरी के साथ समर्थक रमेश सिंह , ज्ञानेंद्र वर्मा, अभय प्रताप सिंह, संतोष मिश्रा, राजकुबेर सिंह, खिलाड़ी सिंह, कमलेश भार्गव, गुड्डू सिंह, लाल बहादुर सिंह मौजूद रहे।





# हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के माहौल में मनायी गयी आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी की जयन्ती

**● सपा कार्यालय पर गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहाँपुर/** शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जनपद में पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती व रामायण पाठ का आयोजन किया गया। महर्षि वाल्मीकि जयंती नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों में रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया। वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर महर्षि वाल्मीकि की जयंती की उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन कर सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में उनके विचारों पर चर्चा की गई इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा,सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा के प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा के वरिष्ठ नेता संजीव कुमार वर्मा, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉक्टर नवनीत यादव,नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष अजफर अली खान,सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह,सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल,लल्ला सिंह यादव,जबर सिंह यादव,सपा नेता सर्वेश कुमार राठौर,हफ़ीज़ अंसारी,संतोष कुमार पाल, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, सपा नेता लाल बाबू, यावर बाबू,शक्ति कुमार वाल्मीकि, विकास वाल्मीकि, धर्मेंद्र वाल्मीकि, राजीव वाल्मीकि,प्रसून कुमार कनौजिया, महावीर यादव, धर्मवीर यादव फौजी,आकाश यादव,मनोज यादव, विपिन दीक्षित, सचिन दीक्षित,रोहित यादव, गुफरान खान,मोनू कुरैशी,टिंकू सिंह, राजू सिंह, अनिल भोजवाल, अनिल भास्कर, असलम खान, मोहम्मद फिरोज,सूर्य प्रकाश,नीरज राणा, विशाल राणा, शाहनवाज जिलानी, मोहम्मद हसन, नेहाल अहमद खान, सुनील यादव, हिमांशु गुप्ता,खिजर महबूब खान,मनीष यादव आदि मौजूद रहे.... !



# गोला में बाल्मिक जयंती के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**● भारी पुलिस की मौजूदगी में गोला के सभी मार्गो पर निकाली शोभायात्रा।**

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बाल्मीकि जयंती के अवसर पर गोला नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान गोला के सभी प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भारत माता व राम जन्म भूमि की योगी आदित्यनाथ, भारत के सभी प्रमुख मंदिरों के वर्णन की सजीव झांकियो को दर्शाते हुए झांकी का सजीव चित्रण किया गया। इस दौरान गोला में रोड स्थित प्रसिद्ध वाल्मीकि मंदिर से झांकी का आयोजन किया गया। इससे पहले रामायण पाठ सुंदर कांड पाठ के आयोजन के समापन के पश्चात शोभा यात्रा निकाली गई। वही गोला अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगर पालिका गेट पर भव्य स्वागत किया। इसके साथ गोला मे व्यापारी नेता व समाजसेवी पारस मिश्र के प्रतिष्ठान पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गय। गोला में समाजसेवियो एवं जन प्रतिनिधियों ने कई जगह भंडारे व जल के भंडारे आदि के आयोजन किये। इस अवसर पर गोला प्रभारी ने चंद्रशेखर की अगवानी में भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी रहीं।



# जनता की शिकायतों को सुनकर किया गया समाधान

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रत्येक बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायतों में जन-चौपाल का आयोजन किये जाने के निर्देशों के क्रम में जनपद की 64 गावों में नोडल अधिकारियों द्वारा जन-चौपाल का आयोजन कर लोगों की समस्याओं को सुना गया। साथ ही ग्राम पंचायतो में किये गये विकास कार्यो का स्थलीय सत्यापन भी अधिकारियों द्वारा किया गया। ग्रामों चौपाल का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों मे पहुंच कर जनता कि शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापरक समाधान किया जा सके। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, कानून एवं शांति व्यवस्था एवं जनकल्याण के दृष्टिगत विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को जागरूक करने तथा पात्र व्यक्तियों तक उनका लाभ पहुंचाने हेतु ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का आयोजन बृहस्पतिवार सायंकाल 04.00 बजे से 6:00 बजे किया गया।

ग्राम चौपाल में राजस्व कार्यो, ग्राम में संचालित विकास कार्यो, जनकल्याणकारी योजनाओं, कानून एवं शांति-व्यवस्था के संबध में ग्रामवासियों से जानकारी ली गई। ग्राम चौपाल में लोगों से शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, राशन, शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, मिशन शक्ति, नारी सशक्तिकरण, रोजगार, कौशल विकास, साफ-सफाई, जल निकासी, नाली, सड़क, खड़ण्जा, सी0सी0रोड एवं अन्य निर्माण कार्य इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। जन-कल्याणकारी योजनाओं पेंशन, राशन, आवास, शौचालय एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं आदि का घर-घर जाकर सत्यापन किया गया। ग्राम चौपाल में प्राप्त प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्वक निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा।



# झोलाछाप डॉक्टरों पर छापे मार कार्यवाही दो पैथोलॉजी किए बंद


स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सोमेश अग्निहोत्री ने दो झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें सील कर उन्हें नोटिस जारी किया है वहीं रजिस्ट्रेशन ना पाए जाने पर दो पैथालोजी को बंद करवा कर रजिस्ट्रेशन के कागज उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए है चिकित्सा अधीक्षक डॉ सोमेश अग्निहोत्री ने हरेबा स्थित झोलाछाप डॉक्टर शिवम कुशवाहा और ड्रा उमेश कुशवाहा के यहां छापा मारकर दुकाने बंद करवा दीं और दुकान की चाबी स्वयं रख ली वहीं बरेली रोड स्थित जय मेडिकल स्टोर के पास संचालित शिव पैथोलाजी लैब पर भी डॉक्टर सोमेश अग्निहोत्री ने छापा मारा और दुकान बंद करवाकर उसकी भी चाबी अपने पास रख ली इस कार्यवाही से अन्य झोलाछाप अपनी अपनी दुकाने बंद कर फरार हो गये हैं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि छापामार कार्रवाई के दौरान कई झोलाछाप डॉक्टरों की दुकान बंद करवाई गई हैं और उनसे नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है वहीं इस कार्रवाई के दौरान दो पैथोलॉजी जो अपना रजिस्ट्रेशन नहीं दिखा सके उन्हें बंद करवाया गया है।




## कृषक समाज इंटर कालेज मे मनाई गई आदि कवि महर्षि बाल्मीकि की जयंती।

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** महाकाव्य रामायण के रचनाकार आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। जयंती समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कालेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नारायण लाल वर्मा ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण करके किया तथा उपस्थित शिक्षकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा महर्षि वाल्मीकि का जीवन तपस्या और ज्ञान का प्रतीक है जिन्होंने कठिन साधना के बाद महर्षि का पद प्राप्त किया । महर्षि वाल्मीकि ज्योतिष और खगोल विज्ञान के में भी निपुण थे जिसका उल्लेख रामायण में मिलता है जो उनके ज्ञान को प्रमाणित करता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बनने की कहानी विस्तार पूर्वक सुनाई। कार्यक्रम में श्याम मूर्ति शुक्ला, लखपति भारती, ओम प्रकाश यादव, अरविंद कुमार यादव सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गणित शिक्षक एवं स्काउट प्रभारी देवेंद्र सिंह ने किया।



## संक्षिप्त ख़बरें

### आदित्य के हरफनमौला प्रदर्शन से जीता आजाद स्पोर्ट्स क्लब

प्रयागराज में चल रहे शशि द्विवेदी एसीए अंडर 14 की क्रिकेट लीग में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने गंगा ड्रीग्री कालेज की टीम को 35 रनों से हरा दिया। टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर के मैच में 33 वे ओवर में सभी विकेट खोकर 166 रन बनाए जिसमें आदित्य यादव ने 42 गेद पर 57 रन बनाए इसके अलावा आकाश उपाध्याय ने 24 रन, संदीप कुमार ने 22 रनों का योगदान किया। गंगा ड्रीग्री कालेज की तरफ से गेंदबाजी में आफताब को 4 विकेट, अंकित व अनुराग को 2-2 सफलता मिली। जबाब में खेलने उतरी गंगा ड्रीग्री कालेज की टीम 30 ओवर में सभी विकेट खोकर 131 रन ही बना सकी इस तरह से 35 रनों से हार गई। जिसमें अंशु ने 34 रन,अंकित ने 24 रन व ने सुधांशु 16 रन बनाए। आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से गेंदबाजी में आदित्य यादव ने 18 रन देकर 4 विकेट लिए इसके अलावा संदीप व मिथिलेश ने 1-1- विकेट लिए। आजाद स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों की जबरदस्त क्षेत्ररक्षण के कारण गंगा ड्रीग्री कालेज के 4 बल्लेबाज रन आउट हुए।

### विश्व चैंपियन का जोरदार स्वागत



**सुरियावां-** बाजार में स्थित प्रभा कंप्यूटर्स पर वर्ड्स पुलिस गेम्स के विजेता धर्मेंद्र प्रताप सिंह का अशीष सिंह तथा संजय श्रीवास्तव , दिनेश दादा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि सुरियावां क्षेत्र के एकौनी गांव के निवासी धर्मेंद्र प्रताप सिंह फायर ब्रिगेड पुलिस में प्रयागराज में कार्यरत हैं। गत माह डेनमार्क में आयोजित विश्व पुलिस गेम्स में उन्होंने 400 मीटर तथा 100म4 मीटर रिले की दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 100 एवं 200 मीटर में रजत पदक जीतकर देश का सम्मान बढ़ाया। इसी उपलक्ष्य में उनके जनपद के प्रथम आगमन पर प्रभा कंप्यूटर्स/ महर्षि आजाद खेल समिति कार्यालय से सेवाश्रम इंटर कॉलेज होते हुए उनके घर तक जगह जगह बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अशीष सिंह तथा महर्षि आजाद खेल समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष दिनेश यादव दादा ने मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व मैराथन धावक रामआसरे सिंह, पूर्व राष्ट्रीय धावक दिनेश सिंह, कार्यालय अधीक्षक संतोष प्रजापति, राजमणि पाण्डेय प्रधान, अमर सिंह, मनोज मौर्य, शशिभूषण सिंह,विजय यादव गुलाल, ज्ञानेंद्र सिंह, आदर्श दूबे, नीरज श्रीवास्तव, लोकेश वर्मा,आकाश गौड़, अमन सरोज, राजू उपाध्याय,समेत हजारों छात्र,खिलाड़ी उपस्थित रहे लोग उपस्थित रहे।

### ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रक सुरक्षा खाई में धंसा, चालक सुरक्षित

**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़का मोड़ घुमान पर गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रक सुरक्षा खाई में जाकर धंस गया। हादसे में चालक बाल बाल बच गया। मध्यप्रदेश के कटनी से सेना का सामान लादकर पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जा रहा ट्रक जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर पहुंचा तो अचानक ब्रेक फेल हो गया।ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिस द्वारा बनाए गए सुरक्षा खाई में जाकर धंस गया जिससे अनियंत्रित ट्रक सैंकड़ों फीट नीचे जाकर पलटने से बच गया। ट्रक में सवार चालक उमेश राय निवासी निवासी छपरा ,बिहार बाल बाल बच गया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद सरोज ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर ब्रेक फेल होने अनियंत्रित ट्रक का पहिया सुरक्षा खाई में धंसने से ट्रक पलटने से बच गया चालक सुरक्षित है।

### वाल्मीकि जयंती पर पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

**हलिया।** ड्रमंडगंज महर्षि वाल्मीकि जयंती पर गुरुवार को ड्रमंडगंज थाना परिसर में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद सरोज संग पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। पुलिसकर्मियों ने,नीम, बाटल पाम, खजूर, अमरूद के पौधे लगाए। थानाध्यक्ष अरविंद सरोज ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। धरती को हरा भरा रखने और पर्यावरण को बचाने के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है।एसआई अवधेश कुमार सिंह,भरत राय, मनसुख यादव हेड कांस्टेबल मूलचंद वर्मा, उमाशंकर राजपूत आदि पुलिसकर्मियों ने पौधरोपण किया।

## आगामी दीपावली, भैया दूज, देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा, छठ पूजा को सकुशल व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों के क्रम में डीएम व एएसपी ने की पीस कमेटी की बैठक

**● पटाखें की अस्थायी दुकान लगाने हेतु जनपद के समस्त इच्छुक दुकानदार सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को आवेदन पत्र देकर प्राप्त करें अस्थायी लाइसेंस-जिलाधिकारी**

**धनतेरस व दीपावली पर बाजारों में खरीदारी व भीड़-भाड़ के दृष्टिगत रहेंगी बैरीकेटिंग, डायवर्जन, पर्याप्त पुलिस बल, एन्टीरोमियों स्कार्ट की मुस्तैदी-अपर पुलिस अधीक्षक**

**आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के सभी निकायों, बाजारों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था को सम्बन्धित ईओ, बीडीओ, डीपीआरओ करें सुनिश्चित-अपर जिलाधिकारी**

**देव दीपावली व छठ पूजा के दृष्टिगत रामपुर घाट, सेमराधनाथ, सीतामढ़ी घाटों पर रहेगी रस्सी बैरीकेटिंग, गोताखोर, जल पुलिस-अपर पुलिस अधीक्षक**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-**आगामी दीपोत्सव, दीपावली, भाई दूज, देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा, छठ पूजा आदि त्यौहारों व पर्वो को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों के क्रम में जिलाधिकारी विशाल सिंह व अपर जिलाधिकारी वि0/रा0कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 तेजवीर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों व संभ्रान्तजनों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, व्यापार मण्डल प्रतिनिधियों, सम्भ्रान्तजनों के द्वारा अपने क्षेत्र से सम्बन्धित समस्याओं व अन्य मुदों से सदन को अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकों आश्वस्त कराते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा में निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जो पोल टूटे है, लाइट बाधित है उसको तत्काल ठीक कराते हुए विद्युत व्यवस्था को सुचारू संचालित किया जाय। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त आतिशबाजी/पटाखें की अस्थायी दुकान लगाने के इच्छुक दुकानदारों को निर्देशित किया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी कार्यालय में आवेदन पत्र देकर अस्थायी लाइसेंस प्राप्त कर लें। जनपद के सभी निकायों व बाजारों में पटाखें की अस्थायी दुकान लगाने के लिए मानक व नियमानुसार प्रशासन व पुलिस द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही लगाये। दीपावली व छठ पूजा के दृष्टिगत भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था किया जाय। समस्त नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी, डीपीआरओ एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि त्यौहारों के समाप्ति के बाद विशेष तौर पर दीपावली के अगले दिन साफ-सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जाय। त्यौहारों के दिन भी सफाई नायकों द्वारा सफाई किये जाने के प्रोत्साहन फल स्वरूप



त्यौहार पश्चात् उनके साथ सामूहिक भोज किया जाय।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 तेजवीर सिंह ने कहा कि दीपावली हर्षोल्लास पर्व है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि लाइसेंस कर्ताओं द्वारा पटाखें का मानक व नियमानुसार भण्डारण करते हुए दीये, अगरबत्ती, तेल आदि के दुकानों से दूर निर्धारित खुले मैदान में बालू, पानी, अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता के साथ दुकान लगाना सुनिश्चित करें। जनपद के सभी बाजारों में चिन्हित पटाखों की दुकान स्थल के क्षेत्र में फायर बिग्रेड की गाड़ी उपलब्ध रहेंगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने अभिभावकों से अपील किया कि वे अपने देख-रेख में ही ग्रीन पटाखें ही बच्चों से जलवायें। उन्होंने जनपदवासियों खासकर बच्चों से ध्वनि व वायु प्रदूषण के दृष्टिगत कम पटाखें जलाने व मिट्टी के दिये जलाने की अपील किया। प्रमुख बाजारों में धनतेरस व त्यौहारों के खरीदारी के दृष्टिगत अत्याधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर टैऊफिक पुलिस, बैरीकेटिंग, पार्किग डायवर्जन, पेट्रोलिंग, पुलिस बल की उपलब्धता हेतु पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया। खरीदारी हेतु भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं के साथ छेड़-छाड़ न हो इसके लिए एन्टीरोमियों पुलिस की महिला/पुलिस जवान सादे डेऊस में रहकर शोहदों पर कार्यवाही करेंगे। छठ पूजा के दृष्टिगत सूर्य के अस्ताचल व उदयाचल अवसर पर महिलाओं व बच्चों को पूजा वाले तालाब/सरोवर में डुबने से बचाने के लिए रस्सी, बैरीकेटिंग, गोताखोर, नाविक, आदि तैनात रहेंगे।

अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य ने दीपोत्सव व छठ पूजा के दृष्टिगत हरिहर नाथ मन्दिर से ज्ञानसरोवर, रामपुर घाट, सीतामढ़ी, सेमराध नाथ धाम पर अधिशासी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, डीपीआरओ को घाटों पर पर्याप्त साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेजिंग रूम, प्रकाश व्यवस्था, राहत बचाव कार्य सहित सभी बिन्दुओं पर निर्देशित किया। अपर पुलिस अधीक्षक तेजवीर सिंह ने भी गोपीगंज, ज्ञानपुर, भदोही कस्बे में धनतेरस व दीपावली के दृष्टिगत भीड़-भाड़ को नियंत्रिण करने के लिए सम्बन्धित थानाध्यक्षों को बैरिकेटिंग करते हुए पुलिस जवानों को मुस्तैदी के साथ तैनात करने का निर्देश दिया। हरिहरनाथ मन्दिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा आगे, मेज, चौकी रखने के कारण प्रवेश मार्ग सकरा होने से अव्यवस्था को रोकने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञानपुर को दुकानदारों से आपसी संवाद कर अतिरिक्त मेज, चौकी को हटाने पर बल दिया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, समस्त विभागों के अधिशासी अभियंता, जनप्रतिनिधिगण व सम्भ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहे।

## खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों पर होगी कार्यवाही- सहायक खाद्य आयुक्त

स्वतंत्र प्रभात

त्यौहार नजदीक आने पर खाद्य सामग्री और मिठाईयों में मिलावट की चर्चा अधिक हो जाती है तथा कभी कभार शिकायत भी सुनने को मिलती है। जबकि आम जनता को मिलावट रहित और शुद्ध खाद्य सामग्री लोगों को मिले इसके लिए स्थानीय स्तर पर खाद्य सुरक्षा विभाग के तरफ से औचक निरीक्षण और जांच में दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही भी की जाती है। इन्ही चीजों का ध्यान देते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की सक्रियता और बढ जाती है।

भदोही जिले के सहायक खाद्य आयुक्त शशिशेखर ने बताया कि त्यौहार के समय में मिठाई का उपभोग ज्यादा हो जाता है जिससे मिलावट की संभावना बढ जाती है, कहा कि रंग बिरंगी और चांदी कवर वाली मिठाईयों का उपभोग करने से बचना चाहिए। शशिशेखर ने बताया कि इस समय पैक्ड मिठाईयों को गिफ्ट करने का प्रचलन बढा है, इस मामले में पैक्ड मिठाई का इक्सपायरी डेट अवश्य देख लेना जरूरी है। पैक्ड मिठाई को इक्सपायरी डेट से कम से कम 10 दिन पहले उपभोग कर लेना चाहिए। साथ में पैक्ड गिफ्ट मिठाई को आगे दूसरे को गिफ्ट करने से बचना चाहिए। क्योकि मिठाई जल्द खराब होने वाली चीज है इसलिए इसका उपभोग जितना जल्दी हो सके कर लेना चाहिए। कहा कि लगातार जनपद के तमाम क्षेत्रों से औचक निरीक्षण के माध्यम से



मिठाईयों के सैम्पल लिये जाते है तथा उनकी गुणवत्ता की चेकिंग के लिए लैब में भेजा जाता है। जिनका भी सैंपल गुणवत्ता में सही नही पाया जाता उस मिठाई विक्रेता के खिलाफ कार्यवाही की जाती है। सहायक खाद्य आयुक्त ने बताया कि सभी दुकानदार व्यवसायिक दृष्टि और जनस्वास्थ्य के हित को ध्यान में रखकर काम करे, किसी भी तरह की मिलावट पाये जाने पर सम्बन्धित पर कार्यवाही की जायेगी। कहा की दूध और छेना से बनी मिठाई को तीन दिन तथा बेसन से बनी मिठाई का उपभोग एक सप्ताह के अंदर कर लेना चाहिए। कुछ नाश्ता वाले खाद्य पदार्थो में सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए। तेल का प्रयोग तीन बार से अधिक नही करना चहिये तथा पाम आयल अच्छे कम्पनी का हो इसका ध्यान रखना जरूरी। सहायक खाद्य आयुक्त शशिशेखर ने कहा कि खाद्य पदार्थो में मिलावट करने वालों की खैर नही। जांच में दोषी पाये जाने पर निश्चित रूप से होगी कार्यवाही।

## पाहो बाजार की मेला शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़ , मीरजापुर ।** विगत वर्षो की भर्ती इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर पाहो बाजार की मेला समिति के संरक्षक धीरज त्रिपाठी,अध्यक्ष अनमोल सिंह कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता वर्तमान मेले के व्यवस्थापक अजय सिंह एवं समिति के कार्यकारणी सदस्यों के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।मेले के मुख्य अतिथि शिक्षक संघ मझवा के मंत्री सन्तोष सिंह की पुत्री रूचिका सिंह वर्तमान लेखपाल चयनित फारेस्ट इंस्पेक्टर के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मंच का उद्घाटन किया गया। समिति के अध्यक्ष अनमोल सिंह ने मंच पर उपस्थित पत्रकार बंधुओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया और मुख्य अतिथि रूचिका सिंह और उनकी माता रंजना सिंह,का स्वागत मोनिका सिंह , रीना सिंह द्वारा माल्यार्पण कर किया गया।तदुपरान्त देर रात मेले में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक अपनी लागे निकाली जिससे क्षेत्रीय जनता देखकर प्रसन्न होकर मेला समिति के पदाधिकारियों और निकले लागो की प्रशंसा की ।वहीं मेले में जयप्रकाश दुबे पूर्व प्रधान डोमनपुर,अमित सिंह, विनय सिंह, अनूप सिंह, विकास सिंह, राजा भैया, सर्वेस सिंह, योगेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि रामसमुझ सिंह, पवन सिंह, सौरभ सिंह, राजू यादव, रतन गुप्ता, गोविंद यादव, मन्नू गुप्ता, गौतम पटेल महेश सिंह, लाल पांडेय, राकेश, मनीष विश्वकर्मा,सहित समिति के सम्मानित सदस्य एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य मेला प्रेमी उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत

**●जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने 397-मझवा विधानसभा उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस अधिकारियों के बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक केन्द्र एवं मतदेय स्थलो के नाम व मोबाइल नम्बर एवं बी0एल0ओ0 के नाम मतदेय पर अंकित कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटो को निर्देशित करते हुए कहा कि दो दिन के अन्दर मतदेय स्थलो का निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि आप सभी के द्वारा रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट के अनुसार मतदेय स्थलो का औचक निरीक्षण किया जाएगा निरीक्षण के दौरान कोई कमी पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलो पर पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, सी0 सी0 टी0 वी0 कैमरा, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ले तथा कमियों को दुरूस्त कराएं। उन्होंने कहा कि यह भी देख ले कि मतदेय स्थलो पर भारी वाहनो के आने व जाने में कोई समस्या हो तो उसकी सूची बनाकर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अपने जोन अथवा सेक्टर में पड़ने वाले सभी थानो व पुलिस चैकियों के टेलीफोन नम्बर अपने जानकारी हेतु नोट रख ले पूरे निर्वाचन के दौरान कभी भी इनकी आवश्यकता पड़ने नी प्रयोग किया जा सकें। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट इस प्रकार के गांव/मजरे/आबादी क्षेत्र के स्थानीय लोगो से सम्पर्क किया जाएगा तथा ऐसे लोगो को चिन्हित कर लिया जाए जो लोगो को डराने धमकाने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके ऐसे व्यक्तियों को सूची रिटर्निग अधिकारी को उपलब्ध करा दें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शान्ति एवं कानून व्यवस्था सम्बन्धी कोई भी समस्या आने पर सम्बन्धित थाना प्रभारी को अवगत कराकर सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र की आवश्यकतानुसार समस्याओं की लिखित रिपोर्ट समीक्षा बैठक में अपने जोनल मजिस्ट्रेट को प्रस्तुत करें, जोनल मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर से सम्बन्धित समस्त सेक्टरो की संकलित सूचना अपनी सुस्पष्ट आख्या सहित बैठक में रिटर्निग अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र सहित जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस अधिकारी उपस्थित रहें।

### श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा किया गया भंडारे का आयोजन

**चुनार, मीरजापुर ।** श्री दुर्गा पूजा समिति सद्दूपुर मोहना के सदस्यों द्वारा बुधवार को देर शाम भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में नगर सहित आस पास के लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अनिल कुमार गुप्ता, दीना नाथ गुप्ता, प्रदीप कुमार साहू,संजय साहू, कमलाकर गुप्ता, रमेश साहू, दीपक साहू,बृजनंदन कुशवाहा, शतीश साहू,आलोक जौहरी सहित बड़ी संख्या में समिति के लोग उपस्थित रहे।

## डेंगू के वार्निंग सिग्नल पहचानें, खुद को बचा सकते हैं गंभीर होने से - सीएमओ

**●शरीर पर लाल दाने, बार-बार उल्टी, पेशाब-मल में खून, 12 घंटे से अधिक पेशाब न आने, पेट दर्द, सांस लेने में तकलीफ, झटका, बेहोशी के लक्षण दिखे तो हो जाएं सतर्क**

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** डेंगू सामान्य बुखार की ही तरह है। सात से 10 दिन में अपने आप ठोक हो जाता है। गंभीर होने से पहले यह बार्निंग सिग्नल देता है। बस उसे पहचानने की जरूरत है। लिहाजा सतर्क और सावधान रहें। आप डेंगू से बचे रहेंगे। डेंगू के लिए अनुकूल मौसम चल रहा है। मरीज भी लगातार आ रहे हैं लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। मच्छर के काटने से होने वाली इस बीमारी से भारत में मरने वाले एक फीसदी में भी कम हैं लेकिन जानकारी का अभाव, लापरवाही व वार्निंग सिग्नल को अनदेखा करना और अपने मन से दवाओं का सेवन इस बीमारी को गंभीर बना सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक पांच प्रतिशत रोगी ही गंभीर डेंगू हैमरेजिंग व डेंगू जाक सिंड्रोम में परिवर्तित होते हैं। बाकी 95 प्रतिशत सात से आठ दिन में ठीक हो जाते हैं। सामान्य डेंगू बुखार गंभीर में परिवर्तित होने के संकेत देख है। एक्सपर्ट ने बताया कि शरीर के किसी हिस्से में लाल दाने दिखें, हरीर के किसी हिस्से में खून आए, बार बार उल्टी, पेशाब-यल में खूल आए, 12 घंटे से अधिक पेशाब न आए, पेट दर्द, सांस लेने में तकलीफ, छटका, बेहोशी, हाथ-पैर का ठंडा पड़ जाने के लक्षण दिखें तो बिना एक पल गंवाए फौरन पास के अस्पताल में मरीज को भर्ती कराएं। सही समय पर इलाज मिल जाने पर इस तरह के रोगी 24 से 48 घंटे में ठीक हो जाते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ छोटेलाल वर्मा ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जांच व इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा 108 में एंबुलेंस को सेवा उपलब्ध है। मरीज डेंगू के लक्षण बाता हो तो एंबुलेस बुलाकर पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती हो। उन्होंने अपील की कि डेंगू के लक्षण बाला प्रत्येक मरीज जल्द से जल्द जांच कराए। इससे आपको तो समय में इलाज मिल ही जाएगा। साथ ही समाज में इसका प्रसार भी रोका जा सकेगा। डॉ वर्मा ने बताया कि सामान्यतः डेंगू का बुखार तीन से सात दिन में उतर जाता है लेकिन आगे के कुछ दिन भी सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि शरीर में पानी व नमक को कमी कतई नहीं होने देनी चाहिए।

**इन्हें खतरा ज्यादा**

जिन्हें पहले हो चुका हो शिशु व 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चे खासतौर पर कुपोषित बच्चे 65 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग, मोटे लोग

गर्भवती महिलाएं मासिक धर्म चल रहा हो जिनका

हाई बलड प्रेशर, चावबिटीज अग्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोग

**ये बिल्कुल न करें**

अपने मन से कोई भी दवा न लें ज़ प्लेटलेट बढ़ाने के लिए सोशल

**डेंगू से बचने के आसान उपाय**

अपने आसपास की जगह को साफ रखें। कुलर, टायर या कबाड़ सामान में पानी जमा न होने में पूरी आस्तीन के कपड़े पहने

मच्छरदानी लगाकर सोएं

कीटनाशक का छिड़काव कराएं।

## धूमधाम से मनाई गई बाल्मीकि जयंती

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय महाविद्यालय चुनार में गुरुवार को बाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम निहोर एवं मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ पी एन डोंगरे के द्वारा महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया।




महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम निहोर ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि हमारे आदर्श हैं, उन्होंने रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की, जो अद्वितीय है।उक्त कार्यक्रम में डॉ भाष्कर प्रसाद द्विवेदी नें बाल्मीकि ज़ी के प्रथम श्लोक को समझाया। मुख्य अतिथि डॉ पी एन डोंगरे ने एक स्लोकी रामायण को श्लोक के द्वारा समझाया। आईक्यूएसी प्रभारी प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने रामायण के मर्म को समझाया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीप नारायण ने किया। इस दौरान अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह, डॉ नलिनी सिंह, डॉ राजेश कुमार सहित स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र - छात्रायें उपस्थिति रहे।

## मा.सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड अरविंद सिंह पटेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं खंड विकास कार्यालय सुरियावा का किया गया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही/सुरियावा-** गुरुवार को सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड अरविंद सिंह पटेल द्वारा जनपद भदोही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं खंड विकास कार्यालय सुरियावा का स्थलीय निरीक्षण किया किया तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके कुशल छेम उनके कुशल छह पूछा तथा कहा कि शासन द्वारा द्वारा दी जा रही दवाइयां आप लोगों को मिल रही है कि नहीं तथा अस्पताल में दवाई उपलब्ध हैं आप लोगों को बाहर से तो दवाई नहीं लेनी पड़ रही हैं मरीजों द्वारा बताया गया कि सारी दवाइयां अस्पताल से ही मिल जाती हैं इस दौरान उन्हें में टीवी मरीज से फोन पर बात कर उसका कुशल सेक्षेम पूछा और कहां की शान द्वारा आप लोगों को जो सरकार के तरफ से सुविधा उपलब्ध हैं मिल रही हैं कि नहीं जिस पर मरीज द्वारा बताया गया कि सारी सुविधा मिल रही है इस दौरान उन्होंने लेबर रूम ऑपरेशन थिएटर लैब पर्चा काउंटर इमरजेंसी वार्ड सहित सभी स्थानों का निरीक्षण किया साफ सफाई पर संतुष्ट नजर




आए इसी तरह खंड विकास कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय आजीविका मिशन कीबीसी सखियों के सॉन्ग बैठक कर शान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में चर्चा की तथा मोटे अनाज के प्रचलन के बारे में बताया कहां की मोटे अनाज के उपयोग से हमारे स्वास्थ्य पर इसका बढ़िया प्रभाव पड़ता है तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है मोटे अनाज के पैदा पर जोर देते हुए कहा कि आप लोग ग्राम पंचायत में इसका प्रचार प्रसार ज्यादातर कर लोगों को जागरूक करें इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ अभिषेक नाग चीफ फार्मासिस्ट अमर बहादुर यादव लैब




टेक्नीशियन सहीत सीएचसी के स्टाफ एवं खंड विकास कार्यालय सुरियावा से एडियोएसटी अशोक पांडेएडीयो कोऑपरेटिव राहुल एडीयो आईएसबी लेखाकार नागेंद्र कुमार शेषनाग पाटिल सहित कर्मी उपस्थित रहे।

## नेशनल हाईवे 731बी के काश्तकारो को मुआवजे की धनराशि के भुगतान में तेजी लाने हेतु जिलाधिकारी ने बैठक कर दिया निर्देश

**● हाईवे निर्माण शासन की प्राथमिकता में, संबंधित अधिकारी/राजस्वकमी करें गंभीरता से त्वरित कार्य**

**निर्धारित समय सीमा में मुआवजे का भुगतान न करा पाने पर सम्बन्धित लेखपाल के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-**नेशनल हाईवे 731बी से संबंधित काश्तकारो को मुआवजे की धनराशि के भुगतान में तेजी लाने हेतु जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि हाईवे का निर्माण शासन की प्राथमिकता में है। जिसमें उच्चाधिकारियों द्वारा गंभीरता पूर्वक मॉनिटरिंग की जा रही है। अतः संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण को गंभीरता पूर्वक कार्य करते हुए भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। सक्षम प्राधिकारी/अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह ने लेखपालों से भुगतान की स्थिति सही न होने के कारण नाराजगी व्यक्त की और भुगतान की प्रगति बढाए जाने हेतु निर्देशित किया।



बैठक में अधिग्रहित होने वाले ऐसे ग्राम जिनमें भुगतान प्रतिशत कम हुआ है, सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के लेखपाल मानिकपुर, लच्छापुर, सियरहा, नरोत्तमपुर, हरिपट्टी, सूरियावॉ पट्टी, पिपरीस, भंडा ,शेरपुर गोपलहा, मिश्राईनपुर, मंसुधी, गौरा,हरिकरनपुर, सारायभाव सिंह ,छनौरा, बिहियापुर, कौवापुर, सुरियावा पत्ती जो सिंह, मलेपुर, छपरिया, महुआपुर, चकिया उर्फ उदयी का पूरा ,देवदास ,कस्तूरीपुर, चकचंदा, बनकट ज हरीपट्टी, सराय छत्रशाहपुर, हरीपट्टी, मकनपुर ,चकचिवरानी, नरोत्तमपुर चमरूपट्टी, सियरहा, उगई का पूरा, डुडवा धरमपुर, नेवादा कला, नयनपुर, पिपरीस, आदि लेखपालों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित समय सीमा में भुगतान न करा पाने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

उप जिलाधिकारी भदोही भानसिंह ने बताया कि हाईवे निर्माण में अधिग्रहित भूमि के काश्तकारो को मुआवजे की धनराशि भुगतान का कार्य तेजी से राजस्व कर्मियों द्वारा कराया जा रहा है। कुछ जमीनों का वाद तहसील न्यायालय में चल रहा है। उनको अविलम्ब निस्तारित कराते हुए भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लायी जायेगी। बैठक में तहसीलदार भदोही संजय कुमार, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, लेखपाल व कार्मिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सरसवां ब्लॉक के अन्तर्गत भरसावां मण्डल में संगठन महापर्व सदस्यता का चलाया गया अभियान



**कौशाम्बी।** जनपद में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के निमित्त आज विधानसभा मंझनपुर के मण्डल सरसवां के ग्राम पंचायत भरसवां बूथ संख्या 173 में जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने ग्राम भरसवा में सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने हेतु घर घर जाके आम जनमानस को टोल फ्री नंबर 88 00 00 2024 पर मिसकॉल के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। साथ ही पार्टी की नीतियों को बताया गया इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष आलोक तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र साहू ,आईटी संयोजक सत्यम केसरवानी, उपस्तिथि रहे।

### ग्राम फतेहपुर परसखी में ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन



**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रबुद्ध सिंह उप संचालक चकबन्दी कौशाम्बी के नेतृत्व में ग्राम फतेहपुर परसखी परगना कड़ा तहसील सिराथू में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। ग्राम में चकबन्दी अधिकारी सहायक चकबन्दी अधिकारी चकबन्दीकर्ता व चकबन्दी लेखपाल उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान व चकबन्दी समिति के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा सहभागिता की गयी। ग्राम चौपाल में सभी ग्रामवासियों से चकबन्दी की समस्याओं पर चर्चा की गयी। ग्राम फतेहपुर परसखी में प्रथम चक्र की चकबन्दी प्रचलित है। कृषकों की जनसमस्याओं को सुना गया। जिसके नियमानुसार निस्तारण हेतु अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

### जिलाधिकारी ने प्रबन्धान्तर्गत स्थित अलवारा जलाशय श्रेणी-5 का स्थलीय निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मत्स्य विभाग के प्रबन्धान्तर्गत स्थित अलवारा जलाशय श्रेणी-5 का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि जलाशय का विकास पर्यटन की दृष्टि से किया जाय। जिलाधिकारी ने इसके सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोधार कराने हेतु मत्स्य विभाग, मनरेगा, वन विभाग एवं सिचाई विभाग संयुक्त रूप से टीम बनाकर विकास की कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अजीत कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अज्ञात दबंगों ने गाड़ी के साथ की तोड़फोड़

**इटियाथोक गोंडा।** ग्राम चमनढार भरिया लबेदपुर के रसीद खान ने बताया कि बुधवार को सायं वह कार से परिवार के साथ रिश्तेदारी में जा रहा था। इटियाथोक बलरामपुर मार्ग पर करूवापारा गांव के पास अज्ञात कार सवार ने ओवरटेक कर मेरे आगे आकर मुझे रोक लिया।इसके बाद पत्नी के साथ छीना-झपटी कर मेरी कार में तोड़फोड़ की।घटना की सूचना बृहस्पतिवार को पुलिस को दी गई है। थाना प्रभारी शेषमणि पांडे ने बताया तहरीर मिली है जांच पड़ताल की जा रही है

### बस से उतरते ही यात्री की मौत

फूलपुर। प्रयागराज। इलाज कराकर लौट रहा यात्री बस से उतरते ही गिर पड़ा और उसके प्राण पखेरू उड़ गये।अचानक हुई इस मौत से यात्रियों और राहगीरों में हड़कंप मच गया। उधर सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। फूलपुर कोतवाली अन्तर्गत ढकपूरा गाँव निवासी महेंद्र कुमार मौर्या का उपचार तीन दिनों से फाफामऊ के एक अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को वहाँ से डिस्चार्ज होने के बाद वह अकेले ही बस से घर वापस लौट रहा था जैसे ही वह फूलपुर कोतवाली के सामने उतरा वैसे ही उसकी अचानक मौत हो गई।अचानक हुई इस मौत से बस के यात्रियों और राहगीरों में हड़कंप मच गया। उसे तुरंत सीएचसी फूलपुर ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुँचे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक महेंद्र के दो पुत्र व एक पुत्री है। दोनों पुत्र वर्तमान में मुंबई में हैं। महेंद्र घर पर रहकर खेती बाड़ी का काम करता था।

## माननीय प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन से किसानों को होगा अधिक-से-अधिक फायदा- जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद के मुख्यालय स्थित डायट मैदान में मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन सम्पन्न हुआ ।जिसमे मुख्यातिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर रही व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य रहे जिलाध्यक्ष ने प्रदर्शनी में आए किसानों को सम्बोधित किया की देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के प्रोत्साहन के बाद आयुर्वेदिक सुपर फूड के रूप में मिलेट्स यानी मोटा अनाज दुनिया भर की पसंद बनाता जा रहा है। मिलेट्स मेला एक ऐसा आयोजन है जो मिलेट्स (छोटे अनाज) की खेती, प्रसंस्करण और उपभोग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है यह मेला किसानों, व्यापारियों, और उपभोक्ताओं को एक मंच पर लाता है ताकि वे मिलेट्स के बारे जानकारी साझा कर सकें और इसके लाभों को समझ सकें। मिलेट्स के तमाम तरह के फायदे है जैसे मिलेट्स के प्रसंस्करण और मार्केटिंग को बढ़ावा देना, उपभोक्ताओं को मिलेट्स के लाभों के बारे में जागरूक करना, किसानों को मिलेट्स की खेती के लिए प्रोत्साहित करना और ऐसी प्रदर्शनी के आयोजनों से मिलेट्स की खेती को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, व तमाम कृषि वैज्ञानिक व भारी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

## एन्टी करप्शन टीम द्वारा लगातार कार्यवाही से जनपद में सभी विभागों में मचा हड़कम्प

**● - दरोगा के बाद घूस लेते लेखपाल भी गिरफ्तार**

**एन्टी करप्शन टीम की एक और कार्यवाई,5 हजार रुपए घूस लेते हुए लेखपाल लालमन पाल को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ किया गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कौशाम्बी जिले में एन्टी करप्शन की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही से जनपद के सभी विभागों में हड़कम्प मचा गया है एन्टी करप्शन टीम ने जनपद में सबसे पहले दरोगा को घूस लेते हुए गिरफ्तार करने के बाद एक और करवाई की है,मंगलवार को एन्टी करप्शन टीम ने ट्रैफिक एसआई को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था और उसी टीम ने बुधवार को लेखपाल को 5000 रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा और गिरफ्तार कर लिया है लेखपाल को गिरफ्तार करने के बाद टीम प्रयागराज लेकर चली गई है। एन्टी करप्शन की टीम द्वारा लेखपाल को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी जैसे ही राजस्व विभाग को हुई विभाग में हड़कम्प मच गया।

एन्टी करप्शन की टीम को जानकारी मिली कि मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बरौली गांव में तैनात लेखपाल लालमन पाल गांव के ही एक किसान से जमीन नाप करने के नाम पर 5000 हजार रुपये रिश्वत की डिमाण्ड कर रहा है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद एन्टी करप्शन की टीम सक्रिय हुई बुधवार को जब लेखपाल लालमन पाल किसान से रिश्वत का रुपया लेने कनैली गांव के पास पहुँचे और रुपये ले रहे थे तभी एन्टी करप्शन की टीम ने उन्हें रंगे हाथ 5000 रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार कर




लिया। इसके बाद टीम ने मामले की जानकारी उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह को दिया और आरोपी लेखपाल को लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हो गई।एसडीएम मंझनपुर आकाश सिंह ने बताया कि बरौली गांव के तैनात लेखपाल लालमन पाल को एन्टी करप्शन टीम ने 5000 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है उन्हें गिरफ्तार करने के बाद एन्टी करप्शन टीम प्रयागराज लेकर रवाना हो गई है। आगे की कार्रवाई एन्टी करप्शन की टीम के द्वारा की जाएगी।

## जिला प्रशासन की सख्ती का असर- कहीं रोका कंबाइन तो कहीं किसानों को किया जागरूक

**● - गॉव में चौपाल लगाने के साथ ही खेत-खलिहानों तक पहुॅच रहे अधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** जिले में पराली न जलाने को लेकर जिला प्रशासन के प्रयासों का असर धरातल पर देखने को मिल रहा है। जिलास्तरीय अधिकारी हों या फिर तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, गुरूवार को सभी ने गॉव-देहात ही क्या खेत-खलिहानों तक पहुॅच बनाते हुए किसानों से संवाद किया और उन्हें पराली न जलाए जाने के प्रति जागरूक किया।

खण्ड विकास अधिकारी टप्पल अरविंद त्यागी ने जहानगढ़ एवं कसेरा में किसानों से संवाद करते हुए पराली जलाने से होने वाले दुष्परिणामों एवं पराली के सदुपयोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने हस्तपुर में स्ट्रारीपर न होने के कारण कंबाइन हार्वेस्टर मशीन को नहीं चलने दिया। उन्होंने चालक को निर्देशित किया कि स्ट्रारीपर लगाकर ही मशीन का संचालन सुनिश्चित किया जाए। बीडीओ अतरौली वेदप्रकाश ने ग्राम पंचायत जिरौली धूमसिंह में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को पराली जलाने से होने वाली पर्यावरणीय हानियों के बारे में समझाया।

जिले को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए जिला प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रहा है। जिलास्तर से अधिकारियों की छापामार टीमों का भी गठन किया गया है, जो निरंतर क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर पराली जलाने वालों पर जुर्माना भी लगा रही हैं। इसके साथ ही उनके द्वारा यह भी समझाया जा रहा है कि पराली का उचित प्रबंधन कर खेतों में फसलोत्पादन को कैसे बढ़ा सकते हैं।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति (गौ-संरक्षण) की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात





**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति (गौ-संरक्षण) की बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देषित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारी/अधिषासी अधिकारी नगर पंचायत/नगर पालिका परिशद, पषुचिकित्साधिकारी संयुक्त रूप से प्रत्येक सप्ताह अनिवार्य रूप से गौ- आश्रय स्थलों का निरीक्षण करते हुए निर्धारित प्रारूप पर निरीक्षण आख्या मुख्य पशुचिकित्साधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

गौ- आश्रय स्थलों से सम्बन्धित गोचर भूमि को पूर्णतया कब्जामुक्त करा ली जाये। साथ ही जो गोचर भूमि उपजाऊ नहीं है उसमें भी उचित प्रयास कर हरा चारा उत्पादन किया जाये। गौ- आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंषों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत ग्रामीणों को उत्साहित कर उन्हे अधिक से अधिक गोवंष (एक लाभार्थी को 1 से 4 गोवंष तक) को सुपुर्द किया जाये। गौ-आश्रय स्थलों से मृत गोवंषों के षवों का निस्तारण नियमानुसार तत्काल प्रभाव से कराया जाये। गौ-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वर्मी कम्पोस्ट खाद एवं अन्य उत्पाद बनाने का कार्य प्रगति पर लाये।

नेपियर घास लगवाने का कार्य निरंतर जारी रखा जाये, जिससे वर्शपर्यन्त हरा चारा गोवंषों को मिल सके। गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंषों की षत प्रतिषत टैगिंग सुनिष्चित की जाये। भविश्य में यदि किसी भी क्षेत्र में निराश्रित गोवंष विचरण करते पाये जायें तो उन्हे तत्काल निकटवर्ती गौ-आश्रय स्थल में संरक्षित कराया जाये। आगामी षीत ऋतु से बचाव हेतु उचित प्रबन्ध जैसे- तिरपाल, जूट के बोरे, अलाव, काऊ कोट के साथ-साथ गुड़, की भी समस्त गौ-आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिष्चित की जाये। उक्त बैठक में श्री नागेश्वर प्रसाद मिश्र, प्रदेष अध्यक्ष, गौरक्षा प्रकोश्ठ, पूर्वी उत्तर प्रदेष (अध्यक्षः- गौ-संरक्षण समिति कौषाम्बी) के साथ मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उपायुक्त (श्रम रोजगार), परियोजना निदेषक डी0 आर0 डी0 ए0 एवं जिला पंचायत राज अधिकारी आदि भी उपस्थित थे।

## देश के टॉप 50 जिलों में से एक इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा देश भर में कक्षा 6 से 10 तक के सभी प्रकार के बोर्ड में अध्ययन करने वाले छात्रों में वैज्ञानिक सोच, तर्क क्षमता के साथ उच्च स्तरीय समस्या समाधान क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से, ÷इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना÷ संचालित करता है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक स्कूल/कॉलेज के अधिकतम 5 छात्रों के आइडिया चयन कर सिनॉप्सिस के रूप में इंस्पायर अवॉर्ड की वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। साथ ही छात्र का बैंक एकाउंट विवरण भी अपलोड किया जाता है।

इस प्रकार आवेदन की अन्तिम तिथि 15 अक्टूबर थी। कल जारी आंकड़ों के अनुसार देश भर में उत्तर प्रदेश से सर्वाधिक कुल 2,10,347 छात्रों द्वारा आवेदन कर प्रथम स्थान पर रहा। वहीं देश के टॉप 50 जनपदों की सूची भी जारी की गई जिसमें उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ सहित कुल 12 जनपद ने स्थान बनाया।

अलीगढ़ जनपद से कुल 4419 छात्रों द्वारा आवेदन करते हुए आइडिया अपलोड किए गए हैं। जनपद अलीगढ़ में इंस्पायर अवॉर्ड हेतु माध्यमिक शिक्षा से एस आर जी राजीव अग्रवाल एवं बेसिक शिक्षा से एस आर जी संजीव कुमार शर्मा को प्रभारी नामित किया गया था।

नोडल इंस्पायर अवार्ड राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि जनपद के सभी गवर्नमेंट कॉलेज एवं एडेड कॉलेज द्वारा शत प्रतिशत आवेदन के साथ सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों द्वारा बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया गया। संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बेसिक शिक्षा में ब्लॉक खैर, टप्पल, अतरौली एवं इगलास के शत प्रतिशत स्कूलों द्वारा जबकि अन्य ब्लॉक के 95 से अधिक स्कूलों द्वारा अपने छात्रों के आइडिया पोर्टल पर अपलोड किए गए थे। जनपद की इस विशिष्ट उपल्ब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद जी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश कुमार सिंह ने दोनों ही जनपदीय नोडल सहित पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि जनपद से अच्छी संख्या में आइडिया का चयन होना चाहिए। ज्ञात हो कि चयनित छात्र को भारत सरकार प्रोजेक्ट पर कार्य करने के लिए 10000/ की धनराशि प्रदान करती हैं।

## मण्डल में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए रूद्रा फाउण्डेशन के कई छात्रा/छात्राएं

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के कैंपस में दिनांक 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आयोजित थी राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आज हुआ समापन जिसमें प्रयागराज मण्डल से चयनित खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें रुद्रा फाउण्डेशन कौशाम्बी की जानवी केसरवानी ने गोल्ड मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई अर्थात नेशनल के लिए चयनित हुई वहीं सत्यम सिंह ब्रॉन्ज मेडल, सार्थक नारायण पाण्डेय ब्रॉन्ज, मेडल सामर्थ नारायण पाण्डेय ब्रांज मेडल ,वंश यादव ब्रॉन्ज, मेडल साक्षी आर्य ब्रॉन्ज मेडल, खुशी पटेल ब्रॉन्ज मेडल एवं शिल्पा यादव सिल्वर मेडल, सूची पाल सिल्वर मेडल, जीतकर प्रयागराज मण्डल का ही नहीं बल्कि अपने क्षेत्र एवं जनपद कौशाम्बी का भी नाम रोशन किया है। सभी खिलाड़ियों को कौशाम्बी जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 सच्चिदानन्द यादव ने ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और क्रीड़ा सचिव श्याम लाल ने हार्दिक बधाइयां दी है। वही रुद्रा फाउण्डेशन की अध्यक्ष अनामिक त्रिपाठी जी ने इस जीत को नए परिवर्तन की ओर अग्रसर करते हुए यह बताया कि या न केवल रुद्रा फाउण्डेशन की जीत है बल्कि यह पूरे हमारे क्षेत्र एवं कौशाम्बी जनपद की जीत है इसमें पीटीआई के साथ-साथ बच्चों के अथक प्रयास तथा अभिवावकों के सम्पूर्ण समर्पण का परिणाम है। फाउण्डेशन के तकनीकी प्रबन्धक अंजनी कुमार त्रिपाठी ने नेशनल के लिए हुई चयनित जानवी केसरवानी की जीत को उनके कठिन परिश्रम तथा पीटीआई के कुशल मार्गदर्शन को उत्कृष्ट बताया साथ ही साथ सभी मेडल प्राप्त किए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी साथ ही साथ उन्होंने कहा की यह उपलब्धि पूरे कौशाम्बी जनपद के लिए आमूल-चूल परिवर्तन लेकर आएगी और राष्ट्रीय स्तर में भी कौशाम्बी जनपद एवं रुद्रा फाउण्डेशन के बच्चे पूरे भारत में अपना परचम लहराएंगे।

## आतिशबाजी बाजार में आ रही बाधाओं का हल कराये प्रशासनः प्रदीप गंगा

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ प्र अलीगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा की अगुवाई में अपर जिलाधिकारी नगर एवं प्रदर्शनी प्रभारी अमित भट्ट से मिला तथा प्रदर्शनी में 24अक्टूवर से लगने वाले आतिशबाजी बाजार से पूर्व आ रही बाधाओं के लिए एक ज्ञापन भी सौंपा। जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने कहा कि 2024 से 2 नबम्वर 2024 तक प्रदर्शनी की पक्की दुकानों में लगना आपके द्वारा सुनिश्चित किया गया है लेकिन अभी तक लाइसेंस जारी नहीं किये गये हैं तथा काफी लाइसेंसों को पुलिस प्रक्रिया पूर्ण होने में देरी होने के कारण भी समस्या हो रही है। कृपया अतिशीघ्र लाइसेस जारी कराने की कृपा करें। आतिशवाजी बाजार लगने से पूर्व ही प्रदर्शनी की पक्की दुकानों में रूकी हुई पी.ए.सी. को अन्य स्थान पर अतिशीघ्र स्थान्तरित कराई जाये जिससे सभी दुकानों में टीन शेड व टैन्ट की व्यवस्था समय से हो सके। आतिशवाजी बाजारों लगने से पूर्व ही जो मार्ग जर्जर हैं उन्हें समय से पूर्व मरम्मत कार्य कराने का कष्ट करें। आतिशवाजी बाजार लगने से पूर्व ही सफाई कर्मियों की उपयुक्त व्यवस्था समय से करा दी जाये। जो काफी देरी से शुरू होती है काफी कूड़ा एकत्रित होने से दुर्घटना घटने की संभावना वनी रहती है। आतिशवाजी बाजार में चांट रेहड़ी ,खोमचे व तमंचे के फड़ इत्यादि के लगा देते हैं जिससे दुकानदारों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

अपर जिलाधिकारी नगर ने सभी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए अधिनस्थों को यथाशीघ्र सभी मांगों को पूरा करने के निर्देश दिए तथा लगभग 100के करीव लाईसेंस भी जारी कराएं। व्यापार मंडल ने उनका आभार व्यक्त किया। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री एम ए खान गांधी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशकुमार वावा, युवा जिलाध्यक्ष सन्तोष वार्ष्णेय, महामंत्री उमेश गौड़,कमल गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, देवेंद्र वांवी, संजय गौतम, विवेक अग्रवाल आदि थे।

## जिला पंचायत अध्यक्षा ने उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत 01 दिवसीय जनपद स्तरीय मेला /कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

**● - जिला पंचायत अध्यक्षा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने मिनी किट का वितरण कर सर्वाधिक उत्पादन करने वाले प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद में जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर ने आज डायट मैदान में आयोजित उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत 01 दिवसीय जनपद स्तरीय मेला/कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित करके किया शुभारम्भ तथा कृषि विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगायी गई विभागीय योजनाओं के स्टॉलों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने मिनी किट का वितरण सर्वाधिक उत्पादन करने वाले प्रगतिशील किसानों- गुलाब सिंह, भवानी दीन, ओमप्रकाश, नरेन्द्र, तीरथ प्रसाद, सत्यनारायण, बुद्धसेन मौर्या, रामफल, सुरेश चन्द्र, मालती देवी,देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के आधुनिक जीवन शैली में हम लोग मोटे अनाजों से दूर हों गये हैं, जबकि मोटे अनाज का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही उपयोगी एवं लाभप्रद है।

मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने कृषकों को बताया कि मोटे अनाजों में भरपूर पोषण तत्व-आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम आदि पाये जाते हैं। मा0 प्रधानमंत्री जी ने मोटे अनाजों को श्रीअन्न का नाम देकर अधिक से अधिक उत्पादन एवं उपभोग की पहल की है। जैसा कि आप सभी जानते है कि यूएनओ द्वारा वर्ष-2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मोटे अनाजों के अधिकाधिक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी भी की है। उन्होंने किसानों से मोटे अनाजों का अधिकाधिक उत्पादन करने का आवाह्न करते हुए कहा कि मोटे अनाज के उत्पादन में लागत कम आती है, जिससे आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों से कहा कि कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी जा रहीं जानकारियों व सुझाओं को अपनाकर अधिक से अधिक मोटे अनाजों का उत्पादन करें।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने किसानों की आय दोगुनी करने का संकल्प लिया था और सरकार उसी दिशा में निरन्तर आगे बढ़ रहीं है। हम सब पुराने अन्नों (मोटे अनाज) के उत्पादन को भूलते चलें गये, अधिकाधिक रासायनिक खादों का उपयोग करने लगें, रासायनिक खादों से उत्पादित अन्न का सेवन करने से अनेक बीमारियॉ होती हैं, जबकि मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए अधिक लाभदायक हैं। इन अनाजों में रोग-प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती हैं। उन्होंने सभी से मोटे अनाजों को अपने भोजन में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों से कहा कि अधिकाधिक मोटे अनाजों का उत्पादन करें, इसके उत्पादन में लागत भी कम आती है। उन्होंने प्राकृतिक खेती करने तथा रासायनिक खादों का कम से कम उपयोग करने का भी आवाह्न किया। उक्त कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ0 अजय कुमार, डॉ0 मनोज कुमार सिंह एवं डॉ0 मीनाक्षी सक्सेना ने किसानों को मोटे अनाज की उपयोगिता, उत्पादन एवं फसलों को बीमारियों से बचाव आदि महत्वपूर्ण जानकारियॉ व सुझाव दिये। इस अवसर पर, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, इन्द्रजीत यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व कृषकगण उपस्थित रहे।

## संत वाल्मीकि की जीवन गाथा और उनके योगदान को किया याद

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ़।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, अलीगढ़ में आज वाल्मीकि जयंती का आयोजन बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और स्वच्छता सेवकों ने मिलकर संत वाल्मीकि की जीवन गाथा और उनके योगदान को याद किया। प्रधानाचार्य श्याम कुंतैल ने संत वाल्मीकि के जीवन और उनके द्वारा रचित 'रामायण' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जी ने न केवल साहित्य को समृद्ध किया, बल्कि समाज में समानता और न्याय का संदेश भी फैलाया। कार्यक्रम में छात्रों ने वाल्मीकि जी की प्रेरक कविताओं और भजनों का गायन किया।।

सुधा सिंह ने कहा कि वाल्मीकि जयंती केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमें एकजुट होकर समाज में समानता और भाईचारे के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे संत वाल्मीकि की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें।

इस अवसर पर डाक्टर चंद्र शेखर शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारे बच्चों को भारतीय संस्कृति और महान व्यक्तित्वों के प्रति जागरूक करते हैं।कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना और संत वाल्मीकि की जयकारों के साथ हुआ। इस अवसर पर सुधा सिंह, डाक्टर चंद्र शेखर शर्मा, नीतू दास गुप्ता, कीर्ति पालीवाल, प्रदीप चौधरी, अमित कुमार, ललित वत्स, एवं सभी स्वच्छता सेवक, शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कवाड़ के गोदाम में लगी आग

**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र में खेरेश्वर चौराहे के पास कवाड़ के गोदाम में आग लगने से मची अफरा तफरी देहलीगेट के गोविंद नगर निवासी राकेश कुमार का खेरेश्वर चौराहे के पास कवाड़ का गोदाम है शाम को गोदाम का ताला लगा था अचानक गोदाम से तेज लपटें और धुंआ उठने लगा क्षेत्रीय लोग एक साथ दौड़ पड़े गोदाम मालिक और कंट्रॉलरुम पर सूचना देते हुए स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की पुलिस मौके पर पहुंच गयी बाद में गोदाम खुलने पर समर द्वारा आग पर काबू पा लिया थोड़ी देर बाद पहुंची दमकल ने पूर्ण रूप से आग पर काबू पाया कवाड़ के गोदामों में नहीं हैं आग के इंतजाम रोरावर क्षेत्र में दर्जनों कवाड़ के गोदाम हैं पहले भी एसी घटना हो चुकी है मगर किसी भी गोदाम में आग पर काबू पाने के कैसे भी इंतजाम नहीं हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## शरद पूर्णिमा के अवसर पर संकट मोचन धाम में भजन संध्या व महाआरती का हुआ आयोजन




**पाथरोल/करौं/देवघर/झारखंड-** सिद्ध पीठ पथरोल के कालीधाम स्थित संकट मोचन धाम में बुधवार देर शाम अश्विन पूर्णिमा (शरद पूर्णिमा) के अवसर पर भजन संध्या और हनुमान जी की महाआरती के साथ खीर और खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। यह परंपरा वर्ष 2002 से हर पूर्णिमा पर जारी है, जिसमें भक्तगण भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण में शामिल होते हैं। इस शरद पूर्णिमा पर भजन गायकों जैसे राम जी रवानी, दिवाकर लाल यादव, कुमार जितेंद्र और भजन गायिका रिया देवी ने अपने मधुर भजनों से भक्तों को झुमाया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी गोतम पाठक द्वारा हनुमान चालीसा पाठ से हुई। संगीत में मदन रवानी (नाल), गोपाल पांडे (बैंजो), दिनेश दास (हारमोनियम) और सुरेन दास सहित अन्य संगीतकारों ने भी सहयोग दिया। मंदिर प्रबंधक श्री पाठक ने बताया कि हर पूर्णिमा पर भक्तों के सहयोग से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया जाता है। इस आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमेटी और स्थानीय ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा, जिसमें माधो मंडल, उपेंद्र रवानी, सुरेंद्र दास, अजय रवानी, और अन्य ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शालीनता और धूमधाम से सम्पन्न हुआ महालक्ष्मी पूजन



**करौं, देवघर, झारखंड-** बुधवार देर रात और गुरुवार को अनुमण्डल के विभिन्न गांवों के दुर्गा मंडपों में महालक्ष्मी पूजन-अर्चना शालीनता और धूमधाम से सम्पन्न हुआ। करोग्राम स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, देदे टोला दुर्गा मंदिर, कायस्थ टोला दुर्गा मंदिर, और आचार्य टोला दुर्गा मंदिर जैसे विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों व्रती महिलाओं ने विधिपूर्वक पूजा की। उन्होंने फूल, फल, धुर्वा, साड़ी, चन्दन, अक्षत, सिन्दूर-आलता, नारियल, लड्डु, लूची-सूजी, सुपारी-पान, घी, अठ्ठाईस बेल पत्र और खीर जैसे भोग चढ़ाए और मां कजागोरी को पुष्पांजलि अर्पित की। पंडित उत्तम मुखर्जी, ओपी आचार्य श्यामापद बनर्जी और अजित मिश्र ने महालक्ष्मी व्रत कथा, वंदना और महालक्ष्मी पंचाली सुनाकर उपस्थित भक्तों को अभिभूत किया। चन्द्रमा को खीर का अमृत भोग अर्पित किया गया, जो शरद पूर्णिमा के विशेष अवसर का प्रतीक है। बंगाली बोली में "एसो माँ, बोसो माँ आमार घरे, आमार घरे थैको आलो कोरे "(आइए माता, बैठिए मेरे घर में, मेरे घर को उजाले से भर दीजिए) के जयकारों से इलाका गूंज उठा और वातावरण में लक्ष्मी का आह्वान हुआ। इस पूजा में आशीष आचार्य, अरविंद सिंह, गोपाल चक्रवर्ती, सीमा रिया, मंटू औझा, अरुप औझा, सुजीत दे, हराधन शर्मा, सुमन सिंह, शंकर साव और अन्य व्रती महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बरही विधानसभा में मतदाताओं की संख्या में 16 प्रतिशत की वृद्धि, 47,447 नए मतदाता करेंगे भागीदारी




**बरही-** बरही विधानसभा क्षेत्र में इस बार मतदाताओं की संख्या में बड़े पैमाने पर वृद्धि हुई है। 2019 के मुकाबले, 2024 में मतदाताओं की संख्या में 16 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जिससे यह क्षेत्र राजनीतिक दृष्टिकोण से और भी महत्वपूर्ण हो गया है। वर्ष 2019 में, बरही में कुल 2,87,892 मतदाता थे जबकि इस बार यह संख्या बढ़कर 3,35,339 हो गई है, जो 47,447 नए मतदाताओं की भागीदारी को दर्शाता है। इस बार के मतदाताओं में 1,70,828 पुरुष और 1,63,999 महिला मतदाता शामिल हैं। बरही विधानसभा क्षेत्र में कुल 400 मतदान बूथ होंगे, जहां सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नए मतदाताओं की वृद्धि के साथ चुनावी लड़ाई और भी रोमांचक हो गई है, क्योंकि बरही हमेशा से झारखंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। अब उम्मीदवारों की किस्मत इन नए मतदाताओं के हाथों में है। आगामी चुनाव के पहले चरण में 13 नवंबर को बरही विधानसभा क्षेत्र में मतदान होगा। चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, इस चरण में बरही के मतदाता अपने प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। इसके चलते सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी रणनीति को तेज कर दिया है ताकि वे अधिक से अधिक मतदाताओं का समर्थन प्राप्त कर सकें।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की

● सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी सभी मतदान केन्द्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधा की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें



स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज, झारखंड-** विधानसभा आम चुनाव -2024 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार बैठक कर रहा है।इस कड़ी मे साहिबगंज समाहरणालय सभागार में, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में बैठक हुई।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सती ने सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर के साथ बैठक कर कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को उनके कार्य और दायित्व की जानकारी ली एवं विशेष जानकारी दी । उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से मतदान केंद्रों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें। जहां शौचालय निर्माण करना है या चापाकल मरम्मति करना है, तो वहां यथाशीघ्र कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। दिव्यांग मतदाताओं और 85 साल से अधिक आयु वाले मतदाताओं को होम वोटिंग करने, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।मतदान केंद्रों पर सारी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिन मतदान केंद्रों या क्लस्टर प्वाइंट पर जल स्तर नीचे है, वहां पानी की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ रखें। बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें।उपायुक्त ने कहा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश को पूर्णतः एवं ससमय आदेशों को पूर्ण करना है। उपायुक्त ने बताया कि मतदान के दिन पोलिंग दल मतदान केंद्र के बाहर ना बैठे एवं मतदान केंद्र में पर्याप्त मात्रा में रोशनी की व्यवस्था हो।बैंठक के उपरान्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री सती ने विधानसभा चुनाव 2024 में गठित कोषांग के कार्यों का निरीक्षण किया । जिसमें कार्मिक कोषांग, निर्वाचन कोषांग, वाहन कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, श्वड्डरूकोषांग, पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग, मिडिया/ सोशल मीडिया कोषांग, स्ष्टस्ष्ट कोषांग, सम्रागी कोषांग, का निरीक्षण किया एवं कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मौके पर उपायुक्त समेत अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, समेत सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# बरही और बरकट्ठा में कल से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, 25 अक्टूबर तक भरे जाएंगे नामांकन पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण की प्रक्रिया कल से बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्रों में शुरू हो रही है। 18 अक्टूबर 2024 से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होगी और 25 अक्टूबर 2024 तक उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। निर्वाची पदाधिकारी बरही सह एसडीओ जोहन टुडू व निर्वाची पदाधिकारी बरकट्ठा सह एलआरडीसी अजय भगत ने सभी जरूरी जानकारी साझा की है, जिससे चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। निर्वाची पदाधिकारी जोहन टुडू व अजय भगत ने चुनाव की महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी देते हुए बताया कि बरकट्ठा (20), बरही (21) में मतदान 13 नवंबर 2024 को होगा। मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगी। वहीं उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होने की तिथि 18 अक्टूबर, नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, स्क्रूटनी की तिथि 28 अक्टूबर, नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 है। बरही निर्वाची पदाधिकारी एसडीओ जोहन टुडू होंगे और उनकी सहायता के लिए बरही बीडीओ, पदमा बीडीओ और चौपारण बीडीओ तैनात होंगे। बरकट्ठा निर्वाची पदाधिकारी अजय भगत ने यह भी बताया कि एआरओ के रूप में बरकट्ठा बीडीओ, इचाक बीडीओ, और जयनगर बीडीओ कार्य करेंगे।नामांकन पत्र 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक हर दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक खरीदे जा सकते हैं। बताया कि प्रत्याशी के साथ केवल चार लोग ही नामांकन दाखिल करने के लिए आ सकते हैं। सभी उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। साथ ही निर्वाची पदाधिकारी ने यह भी बताया कि आम नागरिक सी-विजिल ऐप के माध्यम से किसी भी तरह की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार और अन्य अनुमतियों के लिए सुविधा पोर्टल का उपयोग करने की सलाह दी गई है। निर्वाची पदाधिकारी ने यह भी अपील की कि जितने अधिक उम्मीदवार इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लें, उतना ही बेहतर होगा। चुनाव आयोग मतदाताओं की सुविधा और जागरूकता के लिए विभिन्न उपाय कर रहा है, ताकि सभी मतदाता अपने मताधिकार का सही उपयोग कर सकें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती प्रदान कर सकें।

# बरही विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूर्व विधायक मनोज यादव ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

● पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी सुनिश्चित - मनोज यादव

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-**आगामी बरही विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व विधायक मनोज यादव ने अपने आवास पर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में बरही प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जहां चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष भगवान केशरी व संचालन विजय यादव ने किया।पूर्व विधायक मनोज यादव ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के लिए बहुत कम समय बचा है और बरही विधानसभा का चुनाव प्रथम चरण में होना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कम समय के बावजूद, भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। पंचायत प्रतिनिधियों से उन्होंने अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करें और भाजपा के मूल उद्देश्यों और नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। श्री यादव ने कहा कि यह चुनाव भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए प्रत्येक पंचायत प्रतिनिधि की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि हालांकि समय कम है, फिर भी उनका लक्ष्य है कि हर गांव और हर व्यक्ति तक भाजपा की विचारधारा को पहुंचाया जाए। पूर्व विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे अपनी-अपनी पंचायतों में सक्रिय भूमिका निभाएं और भाजपा की विजय के लिए काम करें। उन्होंने विश्वास जताया कि जनसमर्थन के बल पर भाजपा बरही विधानसभा में जीत हासिल करेगी। बैठक में चुनावी अभियान की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई और पंचायत प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार करें। मौके पर चुनाव प्रभारी विनय सिंह, रमेश हर्षधर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष विजय यादव, भगवान केशरी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमित साहू, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, समशेर आलम, मोतीलाल चौधरी, अर्जुन रविदास, मुकेश राम, विशेश्वर यादव, हरेंद्र गोप, राजन ओम, रवि यादव, खिरोधर यादव, नारायण यादव, रामचन्द्र टुड्डू, सकलदेव यादव समेत बरही प्रखण्ड के कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पाकुड़िया में छूट्टे रुपये एवम पैसों की भारी कमी से लोगों की बढ़ी परेशानी

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया में इन दोनों छूट्टे रुपये, पैसों की कमीसे लोगों की जरूरत एवम अपनी आर्थिक स्थिति के अनुकूल वस्तुओं की खरीददारी करने में,सामान्य विशेष कर गरीब तथा श्रमिक वर्गों की भारी परेशानी बढ़ती देखी जा रहीहै।कहा जा रहा है आये दिन किराना, स्टेशनरी, सब्जियां, जलपान, चाय आदि की दुकानों से जरूरत के अनुसार सामान खरीदने पर,एक,दो सौ के नोट देने के बाद कहा जाता है कि खुदरा दें लेकिन अधिकांश लोगों को, खुदरा नहीं मिलने के कारण उन्हें सामान वापस करना होता है या फिर पूरे सौ रुपये का सामान खरीदने की विवशता, होती है।खुदरा की भारी कमी से छोटे, फूटकर व्यापारियों को भी सामान बिक्री करने में दिक्कतें होती है। विभिन्न स्त्रोतों से मिल रही जानकारी के मुताबिक,कहा जा रहा है कि प्रखण्ड के भारतीय स्टेट व ग्रामीण बैंकों की मिली भगत से कई दलाल, बिचौलियों की पैठ बैंक कर्मियों से होने से बड़े-बड़े व्यापारियों से पांच व दो सौ रुपये के नोट,बैंकों में देकर छोटे नोट लेकर वे देते रहे हैं और ऐसे लोग पुनः दस प्रतिशत कमीशन लेकर,लोगों को देते रहे हैं और वहीं पुनः बैंकों से लोगों को बड़े नोट पांच,तथा दो सौ के मिलते हैं जिससे छूट्टे व छोटे 50,20,10,5 रुपये की कमी होती रही है। पाकुड़िया प्रखण्ड में प्रतिदिन ग्रामीण हाटें लगती है वहां भी, छोटे तथा छूट्टे पैसों की भारी कमी से गरीब वर्गों की जरुरत के मुताबिक चीजें खरीदने में,परेशानी होती रही है। बहरहाल,छोटे व छुट्टे पैसों की भारी कमी की जांच उच्चाधिकारियों को करना चाहिए कि,किन कारणों से छोटे नोटों व छुट्टे पैसों की भारी कमी से सामान्य व गरीब वर्ग के लोगों विशेष, महिलाओं को आवश्यकता अनुसार चीजों की खरीददारी में कठिनाई न हो।वहीं दुसरी ओर,जानकार तथा प्रवुद्ध लोगों का मानना है कि रिजर्व बैंक सभी छोटे-बड़े,नोट,छूट्टे पैसे को बैंक शाखाओं को प्रदान करती है तो फिर छोटे व छूट्टे पैसों की कमी,कैसे हो जाती है जिसकी जांच की जानी चाहिए जिससे गरीब वर्गों को सुविधा हो।

# आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने की लोगों से निर्भीक मतदान की अपील

●बरही अनुमंडल क्षेत्र में एक अंतरराज्यीय व छह अंतरजिला चेकनाका किया गया है स्थापित

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बरही अनुमंडल पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। इस संबंध में बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के लोग बिना किसी भय या दबाव के अपना मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लें। एसडीपीओ ने जानकारी दी कि चुनावी गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने के लिए बरही अनुमंडल में एक अंतरराज्यीय चेकनाका और छह अंतरजिला चेकनाकों की स्थापना की गई है। अंतरराज्यीय चेकनाका चौपारण के चोरदाहा में स्थापित किया गया है, जबकि अंतरजिला चेकनाके बैघ्नाबारा इटखोरी रोड, बटबीघा रामपुर चौपारण, बरही तिलैया डैम के पास, पदमा गारूकुरहा, चलकुशा4 पलमा मोड़ और गोरहर के पास बनाए गए हैं। इन चेकनाकों पर सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने कहा कि पुलिस प्रशासन पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तत्पर है। आम नागरिकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे निर्भीक होकर मतदान करें और स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार का चयन करें। एसडीपीओ ने अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वे सावधान हो जाएं, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी



कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उम्मीदवारों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और सभी को चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा। बरही अनुमंडल पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए इन व्यापक इंतजामों से उम्मीद है कि आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न होंगे।

# ABVP ने कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की कमी और परीक्षा में देरी के खिलाफ उठाई आवाज, प्राचार्य को सौंपा मांग पत्र



स्वतंत्र प्रभात

**विद्यासागर, जामताड़ा, झारखंड-** विद्यासागर नगर के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के नगर मंत्री निर्भय मंडल के नेतृत्व में छात्रों ने कॉलेज में जारी बुनियादी सुविधाओं की कमी और सत्र 2022-2026 और 2023-2027 की परीक्षाओं में हो रही देरी के खिलाफ आवाज उठाई। छात्रों को गणित के आचार्य की कमी, कक्षाओं और लैब की कमी, साथ ही बाथरूम और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं को लेकर कॉलेज के छात्रों ने प्राचार्य को एक माँग पत्र सौंपा है, जिसमें इन मुद्दों के समाधान की अपील की गई है।

**परीक्षा में देरी और गणित के आचार्य की कमी से छात्रों को हो रही परेशानी**

ABVP के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र प्राचार्य से मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी समस्याओं का विस्तार से वर्णन किया। सत्र 2022-2026 और 2023-2027 के छात्रों की परीक्षाओं में हो रही देरी के कारण उनके भविष्य की चिंताएं बढ़ गई हैं। छात्रों का कहना है कि परीक्षा के समय पर न होने से उनकी पढ़ाई और अन्य शैक्षिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं, जिससे उनका अकादमिक करियर बाधित हो रहा है। इसके अलावे, कॉलेज में गणित के आचार्य का न होना छात्रों के लिए एक बड़ी समस्या बन गयी है। गणित के छात्रों को समय पर पढ़ाई की सुविधा नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। छात्रों का कहना है कि उन्हें गणित के लिए सही मार्गदर्शन और शिक्षा की आवश्यकता है, लेकिन आचार्य की अनुपस्थिति के कारण वे इस सुविधा से वंचित हैं।

**बुनियादी सुविधाओं का अभाव, लैब, कक्षाएं और पानी की समस्या**

छात्रों ने यह भी बताया कि कॉलेज में गणित के छात्रों के लिए कक्षाओं की भी उचित व्यवस्था नहीं है। उन्हें बैठने के लिए उचित कक्षाएं नहीं मिल पा रही हैं, जिससे उनकी पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। इसके अलावा, लैब की सुविधा न होने से छात्रों को प्रैक्टिकल कार्यों में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज में बाथरूम और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी कमी है। छात्रों का कहना है कि इन आवश्यक सुविधाओं के अभाव के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

**छात्रों की मांग और ABVP का समर्थन**

छात्रों ने इन सभी समस्याओं को हल करने के लिए प्राचार्य महोदय को एक मांग पत्र सौंपा है, जिसमें इन मुद्दों का शीघ्र समाधान करने की अपील की गई है। ABVP नगर मंत्री निर्भय मंडल ने छात्रों का समर्थन करते हुए कहा कि यह उनका अधिकार है कि उन्हें बुनियादी शैक्षणिक सुविधाएं मिले और समय पर उनकी परीक्षाएं आयोजित की जाएं। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से आग्रह किया कि वह इन समस्याओं का समाधान करें, ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

**प्राचार्य की प्रतिक्रिया**

प्राचार्य ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गणित के आचार्य की नियुक्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी को जल्द ही दूर किया जाएगा, और छात्रों की परीक्षाओं को भी समय पर आयोजित करने के प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान ABVP के विभिन्न सदस्य और छात्र भी मौजूद थे, जिन्होंने छात्रों के हक की लड़ाई को पूरी ताकत से समर्थन दिया।

# देवदयाल कुशवाहा के छठी पुण्यतिथि में शामिल हुए प्रदीप प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात

**दारू-** देवदयाल कुशवाहा के छठवीं पुण्यतिथि में शामिल हुए प्रदीप प्रसाद पांचवीं पुण्यतिथि में देवदयाल कुशवाहा की बड़ी बहू और कांति देवी ने देवदयाल की पैतृक जन्मभूमि तिलैया में दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी झारखंड के प्रथम कृषि मंत्री सह हज़ारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र का लगातार तीन बार प्रतिनिधित्व कर चुके सरल, सहज और सादगीपपूर्ण व्यक्तित्व के धनी रहे देवदयाल कुशवाहा का छठवीं पुण्यतिथि आज बनाया गया देवदयाल कुशवाहा स्वाभिमानी होने के साथ-साथ मधुरभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे इन्होंने कार्यकर्ताओं को बड़े ही सहेजकर और बांधकर पार्टी को मजबुत करने का कार्य किया। अपने राजनितिक कैरियर में इन्होंने ना किसी से बैर ना किसी से अत्यधिक प्रेम रखा। जीवन को भी इसी तरिके से बड़े ही संजीदगी से इन्होंने जिया।

**प्रारंभिक जीवन परिचय**

हजारीबाग के दारू प्रखंड के रामदेव खरिका पंचायत के तिलैया गांव में जन्मे देवदयाल कुशवाहा का जन्म वर्ष 1936 में हजारीबाग जिला के तिलैया गांव में हुआ था। जिला स्कूल हजारीबाग से मैट्रिक और संत कोलंबा कॉलेज से बीए की पढ़ाई करने



के बाद महेशरा हाई स्कूल में शिक्षक बने। 10 वर्षों तक शिक्षण कार्य के बाद इस्तीफा देकर राजनीति में प्रवेश किया। वह दो बार महेशरा के सरपंच बने।

**राजनीतिक कैरियर की शुरुआत**

वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ गये. वर्ष 1985 में भाजपा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा का दायित्व संभाला। वर्ष 1985 में भाजपा के टिकट से पहलीबार चुनाव लड़े, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी एचएच रहमान से हार गये. इसके बाद 1990,1995 और 2000 में लगातार तीन बार भाजपा के टिकट पर हजारीबाग सदर विधानसभा से एमएलए चुने गये। वर्ष 2000 में पहली बार कृषि मंत्री बने। अर्जुन मुंडा की सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री का भी दायित्व संभाला। अंतिम समय तक खतियानी परिवार से जुड़े रहे तीन-चार वर्षों से खतियानी परिवार कमेटी में सक्रिय थे। इस मंच का इस्तेमाल सामाजिक व स्थानीय विकास के मुद्दों को उठाते थे। बेरोजगारी, किसानों की समस्या, प्रदूषण, राजनीति में स्थानीय लोगों की भागीदारी और हजारीबाग जिले के विकास पर होने वाले किसी भी आंदोलन की वह मुखर आवाज थे। हजारीबाग शहर के सभी ज्वलंत मुद्दों पर बात करते थे। इसके लिए वह लगातार दो साल से साप्ताहिक पत्रकार सम्मेलन करते थे। इसमें जनता की मांगों को मीडिया में रखते थे भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने बतलाई की देव दयाल कुशवाहा एक ईमानदार व्यक्ति थे और उन्होंने प्रत्येक कार्य को ईमानदारी पूर्वक करते थे और काफी लोकप्रिय नेता थे और कोई भी व्यक्ति समस्या लेकर आता था तो इसे सहज पूर्वक काफी आसानी से मिलते थे और मुझे भी काफी आशीर्वाद दिए और मुझे भी इनके साथ काम करने का मौका मिला है

**श्रद्धांजलि देने में कई लोग उपस्थित थे**

भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद , विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू , लोकनाथ महतो , प्रकाश दयाल , दिनेश प्रसाद, आनेसर महतो , विजय वर्मा , के पी ओझा , अजय साहू , मनोज प्रसाद , देवदत्त प्रसाद , अशोक प्रसाद , सुरेश साव, रामनारायण कुशवाहा , बंसी कुशवाह , नवल किशोर , संजय प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

# बरही में कमल की जीत को लेकर कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

●भाजपा ने पंचायत प्रतिनिधियों और छ पंचायतों के बुथ कार्यकर्ताओं संग की बैठक

दिया गया जीत का मुलमंत्र, कई कांग्रेसीयों ने थामा भाजपा का दामन

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** भाजपा ने विधान सभा चुनाव जीतने के लिए सारी कोर कसर लगा दी है। योजना के तहत पंचायत वार बुथ कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया जा रहा है। बृहस्पति वार को प्रखण्ड के पंचायत प्रतिनिधियों मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्यों तथा बेलाही, बसरिया, बरहमोरीया, करमा, भगहर, पडरिया की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कांग्रेस तथा अन्य पार्टीयो के कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ हैं। यह चुनाव केवल भाजपा



का नहीं बल्कि हर कार्यकर्ता का है। बुथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे। राज्य को बचाने के लिए और प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए भाजपा को जीताना है। गाँव टोला में घुम घुमकर घर घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यकर्ताओं की जीत ही पार्टी की जीत है।

**काँग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल**

इस दौरान भाजपा में शामिल होने वालों में काजल कुमारी पंसस बसरिया, लखन भुईंया पुर्व समिति सदस्य प्रतिनिधि, अनिल राणा वार्ड सदस्य हजारीधमना, कैलाश केशरी बसरिया, घनश्याम यादव, सिकेन्द्र यादव, मनोज यादव तीनो ग्राम ककरौला, संदीप यादव, दीपू यादव, पप्पू यादव, अभिषेक यादव, आशु यादव सभी ग्राम महूदी, रामकेश्वर सिंह,ठकुरी प्रजापति सहित अन्य भाजपा का दामन थामा। सबको पूर्व विधायक व विधानसभा प्रभारी ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

**पंचायत प्रतिनिधियों का भाजपा को समर्थन**

मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक व प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा के अगुवाई में पंचायत जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुआ। बैठक में मुख्यरुप से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विधानसभा प्रभारी बिनय सिंह उपस्थित रही। बैठक में उपस्थित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, उपमुखिया ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का भरोसा दिया। मौके पर मुखिया अर्जुन पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया मंटू सिंह बेलाही, पप्पू रजक पडरिया, सुनीता देवी रामपुर, ममता देवी बेला, पूजा कुमारी बहेरा, गंदौरी दाँगी दादपुर, जानकी यादव यवनपुर, प्रतिनिधि बिनोद सिंह चौपारण, रंजीत सिंह मानगढ़, कैलाश पासवान सेलहारा, महेश भुइँया ब्रहमोरिया, मोहन साव डेबो, पुर्व मुखिया शौकत खान ताजपुर, रितेश सिंह चैथी, पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, विजय यादव, अशोक यादव, सुरेन्द्र रजक, सर्योत्तम पांडेय, बिनय रवानी, विकास रजक, प्रतिनिधि मो फैजान अंसारी, युगल तुरी, वार्ड संघ अध्यक्ष राजेश यादव, सहित सैकड़ों वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।

# आश्विन मास की शरद् पूर्णिमा की संध्या बेला में हुई धन-संपदा की महादेवी मां लक्ष्मी जी की भक्ति-भाव से आराधना

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** आर्यावर्त को देव भूमि कहा गया है और इसके कण-कण में निखरती रही है, आध्यात्मिक सुरभि और के इस पावन धरा के मूल में है"बसुद्यैव कुटुम्बकम्"के पूनीत भाव।भरतखण्ड के ऋषि, महर्षियों ने सभी ऋतुओं में भगवान-भगवती की आराधना,की महत्ता को बताते हुए भगवद् सत्ता की सानिध्यता को रेखांकित किया।सनातनी माता ही आदि महाशक्ति शालिनी हैं और सृष्टि की रचयिता,संहार कर्ता हैं,और समय-समय पर विभिन्न अवतारों में प्रकट होकर विश्व का कल्याण करती रही हैं। उल्लेखनीय है देव-दानव जब



श्री विहिन होते गये तब,उन्हें समुद्र मंथन करने को उनके गुरुओं ने कहा। तदुपरांत प्रारम्भ हुआ सागर मंथन और मंथन के क्रम सुरा,सुन्दरी,अलाहल,अमृत,श्री सहित कुल 14रत्नों की प्राप्ति हुई और श्रीहरि को वरण किया श्री लक्ष्मी ने।धन,धान्य,समृद्धि,एश्वर्य की महादेवी की उपासना पाकुड़िया स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में आश्विन महिने की,शरद् पूर्णिमा वुधवार की मंगलमयी संध्या वेला में पुरोहित ने पूरी विधि-विधान एवम श्रद्धा-भक्ति से की।इस पूनीत वेला में पूजा समिति के भक्तों के अलावे,बड़ी संख्या में लोग व बालक-बालिकाओं तथा महिलाएं पूजा में उपस्थित हो माता से मंगलकामना की।पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।शरद् पूर्णिमा के शुभावसर पर प्रखण्ड के मोंगलाबांध, तेतुलिया, पारुलिया चौकीसाल, साइबेरिया,बनो ग्राम,श्रीधरपाड़ा, आलूदाहा सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में,मां लक्ष्मी पूजा पूरी भक्ति-भाव व उल्लास पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

# खालिस्तानी समर्थकों के दबाव में कनाडा



भारत-कनाडा के संबंध जितने जस्टिन ट्रूडो सरकार के समय खराब हुए है उतना तनाव इन दोनो देशों के बीच पहले कभी देखने को नही मिला। भारत-कनाडा के बीच रिश्ते बुरे दौर से गुजर रहे हैं। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की कथित हत्या की जांच के विषय में कनाडा ने आरोप लगाया है कि इंडियन हाई कमिशनर और अन्य डिप्लोमेट जांच से जुड़े एक मामले में %पर्सन ऑफ इंटरेस्ट% हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने प्रेस कॉफ्रेंस में दावा किया कि कनाडा के अधिकारियों ने भारतीय के समकक्षों को आपराधिक गतिविधियों के साक्ष्य दिए थे लेकिन भारत सरकार ने सहयोग नहीं किया। भारत ने कनाडा के ताजा आरोपों को बेतुका करार देते हुए कनाडा के राजदूत को तलब किया। भारत ने कहा कि ये आरोप ट्रुडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा हैं और हमारे साथ कोई सबूत साझा नहीं किए गए हैं।क्या कनाडा फाइव आइज समूह के इशारे पर भारत को बदनाम करने और भारत की अंतर्राष्ट्रीय छवि को खराब करने की कोशिश कर रहा है। फाइव आइज समूह में कनाडा के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं, जो आपस में खुफिया जानकारियां साझा करते हैं। कनाडा से तनाव का मुख्य कारण खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाड में हुई हत्या में ट्रूडो द्वारा भारत का नाम घसीटना है। पिछले साल सितंबर में कनाडाई पीएम ट्रूडो ने सबसे पहले इस मामले में गंभीर आरोप भारत पर लगाए थे तब भी दोनों देशों के डिप्लोमैटिक संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। परन्तु अब कनाडा ने इस मामले में हद पार करते हुए भारतीय उच्चायुक्त और कुछ राजनयिकों को ही संदिग्ध बता दिया है। इसी के चलते भारत सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपने राजनयिकों को वापिस बुलाने और कनाडा के 6 डिप्लोमैट्स को भारत छोड़ने को कह दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि कनाडा की ट्रूडो सरकार की आक्रामकता की मुख्य वजह अगले साल होने वाला चुनाव है। ट्रूडो अपने यहां खालिस्तान समर्थक वोट बैंक को साधने के लिए भारत को नीचे दिखाने की कोशिश में लगा हुआ है। इस पूरे तनाव को लेकर जब कनाडा की विदेश मंत्री से भारत पर प्रतिबंध लगाने को लेकर सवाल किया गया कि तो उन्होंने कहा कि हमारे पास सारे विकल्प खुले हैं। विदेश मंत्री मेलानी जोली का यह बयान भारत के लिए धमकी की तरह है जिसके पीछे कनाडाई सरकार की मंशा फाइव आइज समूह की ताकत को दिखा भारत पर दबाव बनाने कि कोशिश है। वैसे फाइव आइज ग्रुप में कनाडा को छोड़कर बाकि सभी देशों से भारत के अच्छे संबंध हैं। पिछले करीब एक साल से कनाडा के साथ जारी तनाव के बावजूद भारत और इन चारों देशों के संबंधों में कोई असर नहीं पड़ा है। माना जा रहा है कि अगर कनाडा भारत पर प्रतिबंध लगाता है तो फाइव आइज के बाकि देशों के साथ भी भारत के संबंधों में कड़वाहट आएगी। निज्जर हत्याकांड में कनाडा के बेबुनियाद आरोपों को लेकर फाइव आइज के सदस्य देश अमेरिका ने भारत से इस मामले में सहयोग करने को कहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि हम चाहते हैं कि इन आरोपों को लेकर भारत सरकार जांच में मदद करे। इससे पहले भी अमेरिका इस मामले में कनाडा के पक्ष में बयानबाजी कर चुका है। हालांकि अमेरिका ने माना है कि खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहा है। इससे अलग अगर भारत और अमेरिका संबंधों पर नजर डालें तो दोनों देश मजबूत सहयोगी हैं। खासकर इंडो-पैसिफिक रीजन में चीन की आक्रामकता के चलते अमेरिका को अपने हितों की सुरक्षा के लिए भारत का साथ बेहद जरूरी है। ऐसे में अमेरिका का इस पूरे मामले में भारत के खिलाफ किसी प्रतिबंध को समर्थन देना फिलहाल मुमकिन नजर नहीं आता है। वहीं दूसरी ओर इस पूरे विवाद में कनाडा के पीएम ने इंग्लैंड के पीएम कीर स्टार्मर से फोन पर बात की है, दोनों नेताओं ने कानून व्यवस्था के महत्व पर जोर दिया है। हालांकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी किए गए बयान में सीधे तौर पर भारत का जिक्र नहीं किया गया है।

वहीं ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ भी भारत के संबंध अच्छे रहे हैं, इन देशों की ओर से कनाडा के आरोपों को लेकर फिलहाल में कोई ताजा बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि पहले भी इस मामले में जो बयान दिए गए थे वह बेहद संतुलित और नपे-तुले बयान थे, जिससे ऐसा कभी नहीं लगा कि फाइव आइज के ये सहयोगी देश भारत के खिलाफ कनाडा के साथ खड़े हैं। वहीं अगर कनाडा भारत के खिलाफ किसी भी तरह का प्रतिबंध लगाता है तो इससे कनाडा का ज्यादा नुकसान हो सकता है। क्योंकि भारत सरकार के रुख से साफ है कि वह कनाडा के इन बेबुनियाद आरोपों को लेकर जैसे को तैसा वाली कार्रवाई कर सकती है। यदि कनाडा भारत पर प्रतिबंध लगाता है तो कनाडाई कंपनियों के लिए भारत में व्यापार करना मुमकिन नहीं होगा। वहीं दोनों देशों के बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार पर भी इसका बड़ा असर देखने को मिलेगा। दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों की बात करें तो 2019 से 2023 के बीच कनाडाई कंपनियों ने करीब 11.9 अरब डॉलर का निवेश भारत में किया है। इस वक्त 600 से अधिक कनाडाई कंपनियां भारत में मौजूद हैं और एक हजार से अधिक कनाडाई कंपनियां सक्रिय तौर पर भारत में व्यापार कर रही हैं। साल 2023 में भारत और कनाडा के बीच 9.36 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ था तो वहीं इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच 3.11 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ है इसके अलावा कनाडा के पेंशन फंड ने भारत में करीब 4575 अरब रुपये का निवेश कर रखा है। ऐसे में अगर कनाडा किसी भी तरह का आर्थिक-व्यापारिक प्रतिबंध लगाता है तो इससे कनाडाई कंपनियां और भारत में उनके द्वारा किया गया निवेश भी प्रभावित होगा।निज्जर मामले को लेकर भारत और कनाडा के बीच संबंध भले ही एक साल से तनावपूर्ण रहे हों लेकिन अब तक व्यापारिक रिश्तों पर कोई बड़ा असर देखने को नहीं मिला है। अब अगर दोनों देशों के बीच जारी राजनीतिक तनाव ट्रेड वॉर में बदलता है तो कनाडा को बड़े आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। इस पूरे घटनाक्रम को देख यही लगता है कि खालिस्तानी समर्थकों के दबाव में,उनको खुश करने और उनकी वोटों के लालच में ट्रूडो भारत से संबंध बिगाड़ने में लगे हुए हैं।

**(नीरज शर्मा भरथल )**

# दलितों को साधने में लगे सपा मुखिया अखिलेश यादव



उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनाव की तारीखों की घोषणा चुनाव आयोग ने कर दी है। 13 नवंबर को 9 सीटों के लिए मतदान होगा और 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। हालांकि कुछ कानूनी पचड़े में पड़ने से फिलहाल मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव रोक दिया गया है। लेकिन 9 सीटों के लिए राजनैतिक हलचल तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी 6 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है , बची तीन सीटों में से वह अपने गठबंधन दल कांग्रेस को कितनी सीटें देती है यह कुछ दिन में ही निश्चित हो जाएगा। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव लोकसभा में मिली सफलता को लेकर उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 37 सीटों पर परचम लहराया था और भारतीय जनता पार्टी को पीछे छोड़ दिया था। इस चुनाव में दलित वर्ग ने समाजवादी पार्टी को बड़ी संख्या में वोट किया था। और अखिलेश यादव उसी पीडीए के सहारे ही उप चुनाव में उत्तर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में दलित वोट हमेशा से गेम चेंजर साबित हुआ है। लेकिन हाल के ही दो चुनावों को देखा जाए तो दलित बसपा से कट रहा है। और पिछले लोकसभा चुनाव में दलित वर्ग का रुझान समाजवादी पार्टी की तरफ बढ़ा है। और इसीलिए मायावती किसी भी पार्टी से गठबंधन न करके अपने दलित वोट को साधने में लगी हैं।

समाजवादी पार्टी के साथ यादव और मुस्लिम मजबूरी से खड़ा है और यदि दलित वोटों में अखिलेश यादव सेंध लगाने में कामयाब रहे तो अच्छे परिणाम हासिल कर सकते हैं। वही भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों पर दांव लगा रही है। क्योंकि अगड़ा वर्ग भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है और यदि ग़ैर यादव पिछड़ा वर्ग एक साथ आ जाए तो भारतीय जनता पार्टी की स्थिति मजबूत रहेगी। लेकिन अभी हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में ऐसा हुआ नहीं है। पूर्वांचल में जहां पिछड़े वर्ग की तमाम राजनीतिक दलों से गठबंधन कर भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़े वर्ग को साधने की कोशिश की थी वह एक साथ नहीं हुआ उसका एक बहुत बड़ा हिस्सा समाजवादी पार्टी के साथ आया है। और यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी को उपचुनाव में प्रत्याशी तय करने में देरी हो रही है। भारतीय जनता पार्टी को जो हार उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मिली है उसको देखते हुए वह फूंक फूंक कर कदम रख रही है। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में आधी सीटों पर सिमट जाने से भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता भी यह मानते हैं कि समाजवादी पार्टी को वोट ट्रांसफर कराने में महारथ हासिल है और वह वोट ट्रांसफर करा लेती है। यह बात कानपुर में एक प्रेस वार्ता में केन्द्रीय मंत्री सुंदर सिंह वघेल ने भी स्वीकार की थी।

अखिलेश यादव जानते हैं कि यादव और मुस्लिम उनके साथ मजबूती से खड़ा है। अगर दलित भी साथ देदे तो अखिलेश की बल्ले-बल्ले है। दलितों में जाटव वर्ग मायावती के साथ रहता है लेकिन गैर जाटव दलित को स्विंग किया जा सकता है यह बात लोकसभा चुनाव में सभी के सामने आ चुकी है। दलितों को साधने के लिए अखिलेश यादव ने सम्मेलन करने शुरू कर दिए हैं। बाल्मीकि जयंती हो या डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती हो दलित से संबंधित कार्यक्रमों में अखिलेश यादव बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। अखिलेश यादव का पीडीए फार्मूला लोकसभा चुनाव में हिट हो चुका है। यह फार्मूला अल्पसंख्यक, पिछड़ों और दलितों को साधने के लिए बनाया गया था। और इसी फार्मूले से लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव को 37 लोकसभा सीटें मिलीं थीं। यह न सिर्फ सपा को उत्तर प्रदेश में नंबर वन पर ले आया बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी सपा तीसरे नंबर की पार्टी बन गई। समाजवादी पार्टी बसपा के फाउंडर कांसीराम के साथ मुलायम सिंह यादव की फोटो इसीलिए बार - बार पोस्ट कर रही है ताकि दलितों तक यह संदेश पहुंचे कि मुलायम सिंह यादव भी दलित हितैषी थे और अखिलेश यादव भी उन्हीं की राह पर चल रहे हैं।

हालांकि 2019 के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन होने के बावजूद दलित वोट सपा को ट्रांसफर नहीं हो सका था और समाजवादी पार्टी उस चुनाव में केवल पांच सीटों पर सीमित होकर रह गई थी जब कि उसकी सहयोगी बहुजन समाज पार्टी को दस सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। लेकिन उस चुनाव के तुरंत बाद मायावती ने समाजवादी पार्टी से गठबंधन समाप्त करने की घोषणा कर दी थी। और इस बार का लोकसभा चुनाव भी उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने अकेले ही लड़ा लेकिन वह बुरी तरह असफल रही। और शून्य पर सिमट गई। आज लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी का एक भी सांसद नहीं है जब कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में उसका एक मात्र सदस्य है। बसपा की इतनी बुरी हालत कभी नहीं हुई। आज वह अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्षरत है। दूसरी तरफ प्रदेश के एक और दलित नेता आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्रशेखर आजाद भी दलितों को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन चन्द्रशेखर का प्रभाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ही कुछ सीटों तक सीमित रहा है। मध्य उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड और पूर्वांचल में चन्द्रशेखर आजाद का जादू नहीं चला है। हालांकि लोकसभा चुनाव में चन्द्रशेखर नगीना लोकसभा सीट से चुनाव जीत कर सांसद चुने गए हैं। लेकिन अन्य जिलों में अभी भी उनको बहुत मेहनत करनी होगी।

यदि पुराने समय की याद करें तो जब बहुजन समाज पार्टी की कमान कांसीराम के हाथों में थी और वह एक एक सीट पर संघर्ष कर रहे थे तब मुलायम सिंह यादव ने बसपा से गठबंधन किया था और कांसीराम को इटावा लोकसभा सीट से सांसद बनवाया था। इसके लिए उन्होंने अपने सपा के प्रत्याशी राम सिंह शाक्य को चुनाव हरवा दिया था। कांसीराम केवल एक बार इटावा लोकसभा सीट से ही सांसद चुने गए थे। तो सपा का दलित प्रेम या दलितों के प्रति रुझान आज से नहीं है। उसी क्रम में आज अखिलेश यादव भी दलितों के सहारे ही आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि मायावती अब पूरी तरह से खुलकर आ गई हैं। जो कि कभी उपचुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारतीं थीं वह आज उप चुनाव में मजबूती के साथ उतरने का मन बना चुकीं हैं। समाजवादी पार्टी के जिन अवधेश प्रसाद ने अयोध्या की लोकसभा सीट पर परचम लहराया है वह भी दलित हैं। और मिल्कीपुर विधानसभा सीट जहां से अवधेश प्रसाद विधायक थे वहां से भी उपचुनाव में अवधेश प्रसाद के बेटे को ही उतारने में सपा ने मन बना लिया है हालांकि अभी मिल्कीपुर में उपचुनाव नहीं हो रहा है लेकिन जब होगा तो अवधेश प्रसाद के बेटे ही प्रत्याशी होंगे।

**- जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संपादकीय

## न्याय की गांन्धारी की आँखों से पट्टी का हटना सुखद



कहते हैं की जो होता है सो अच्छा ही होता है। भारत में न्यायपालिका का प्रतीक चिन्ह आँखों पर पट्टी बंधे हाथ में तलवार लिए एक स्त्री का चित्र था। इसे न्याय की देवी कहा और माना जाता है, क्योंकि न्याय देने का काम शायद देवता नहीं कर पाते हैं। न्याय की देवी की आँखों पर पट्टी शायद इसलिए बंधी गयी होगी ताकि वो नीर-क्षीर विवेक से न्याय कर सके,हाथ में तलवार शायद इसीलिए दी गयी होगी ताकि वो निर्ममता से दंड दे सके,लेकिन अब उसकी आँखों से पट्टी भी हटा दी गयी है और हाथ से तलवार भी छीन ली गयी है। न्याय की देवी के हाथों में उस संविधान की प्रति पकड़ा दी गयी है जो हाल के आम चुनाव में कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी और बाकी का विपक्ष लेकर घूम रहा था।

कहते हैं कि न्याय के प्रतीक को बदलने की सारी कवायद के पीछे देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ हैं। उनके निर्देशों पर न्याय की देवी में बदलाव कर दिया गया है। न्याय कि देवी कि नयी प्रतिमा सुप्रीम कोर्ट में जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है। पहले जो न्याय की देवी की मूर्ति होती थी. उसमें उनकी दोनों आंखों पर पट्टी बंधी होती थी. साथ ही एक हाथ में तराजू जबकि दूसरे में सजा देने की प्रतीक तलवार होती थी। ये बदलाव हालाँकि सांकेतिक ही है लेकिन है अच्छा। इस फैसले पर मौजूदा सरकार की सोच भी परिलक्षित होती है। आपको याद होगा कि हमारी मौजूदा सरकार को आजकल सब कुछ बदलने का भूत सवार है। शहरों,स्टेशनों के नाम ही नहीं बल्कि अंग्रेजों के जमाने के तमाम क़ानून भी बदले गए हैं। ऐसे में न्यायपालिका क्यों पीछे रहे ? इसीलिए अब भारतीय न्यायपालिका ने भी ब्रिटिश काल को पीछे छोड़ते हुए नया रंगरूप अपनाना शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का ना केवल प्रतीक बदला है बल्कि सालों से न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी भी हट गई है। जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट ने देश को संदेश दिया है कि अब 'कानून अंधा 'नहीं है। क़ानून को अंधा होना भी नहीं चाहिए। दुर्भाग्य से देश में आज भी तमाम क़ानून अंधे हैं। मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य नयायधीश को ये विचार या प्रेरणा पिछले दिनों गणेशोत्स्व पर प्रधानमंत्री जी के साथ गणेश पूजन के बाद मिली। शुरुआत अच्छी है। हम सब इसका स्वागत करते है। इस समय जिस भी व्यवस्था की आँखों पर पट्टी बंधी हो उसे हटाने की जरूरत है। आँखों पर पट्टी का बंधा होना जहाँ नीर-क्षीर विवेक का प्रतीक माना जाता रहा है वहीं इसे जानबूझकर आअंखें बंद करने का प्रतीक भी माना जाता है। द्वापर में गांधारी ने अपनी आँखों पर पट्टी अपने पति प्रेम के चलते बाँधी थी, लेकिन उसका क्या परिणाम हुआ, पूरी दुनिया जानती है। दुनिया न भी जानती हो, लेकिन भारत का बच्चा- बच्चा जानता है। सुप्रीम कोर्ट के इस नवाचार का हम दिल खोलकर स्वागत करते हैं और चाहते हैं कि अब देश में न्यायप्रणाली की ऑखें न सिर्फ खुलीं हों बल्कि गंगाजल से धुली भी हो। अभी तक भारतीय न्यायपालिका में देश का भरोसा कायम है यद्दिप न्यायपालिका तमाम आधे-अधूरे फैसलों की वजह से संदिग्ध हुई है तथापि उसे अनेक फैसलों की वजह से पूरा सम्मान भी हासिल है।

दुर्भाग्य ये है कि इस समय देश में कार्यपालिका हो या विधायिका,सभी की आँखों पार पट्टी और हाथों में तलवार है। पक्षपात की तलवार। अदावत की तलवार। हमारी सरकार के नियनत्रण में सब कुछ है। न्यायपालिका भी, क्योंकि इस अंग की नियुक्ति, वेतन-भत्तों तक की व्यवस्था सरकार करती है। सरकार भी अपनी आँखों पर पट्टी बांधकर काम करती है। वो जिस मंजर को नहीं देखना चाहती उसे नहीं देखती। वो जहाँ तलवार चलाने की जरूरत होती है वहां तलवार को हाथ भी नहीं लगाती और जहाँ तलवार नहीं चलना होती वहां तलवार भी चलाती है और आँखों पर बंधी पट्टी भी हटा लेती है। इस बात के उदाहरण नहीं दूंगा, इसका विश्लेषण आपको भी करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश माननीय चंद्रचूड़ का मानना है कि अंग्रेजी विरासत से अब आगे निकलना चाहिए। कानून कभी अंधा नहीं होता। वो सबको समान रूप से देखता है। इसलिए न्याय की देवी का स्वरूप बदला जाना चाहिए। साथ ही देवी के एक हाथ में तलवार नहीं, बल्कि संविधान होना चाहिए; जिससे समाज में ये संदेश जाए कि वो संविधान के अनुसार न्याय करती हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ साहब का मानना है कि तलवार हिंसा का प्रतीक है। जबकि, अदालतें हिंसा नहीं, बल्कि संवैधानिक कानूनों के तहत इंसाफ करती हैं। दूसरे हाथ में तराजू सही है कि जो समान रूप से सबको न्याय देती है। हमें उम्मीद करना चाहिए की जिस तरह से माननीय मुख्य नयायधीश ने अपनी सेवा निवृत्ति से कुछ दिन पहले न्यायपालिका के प्रतीक को बदला है उसी तरह वे जाते-जाते उन सभी संवैधानिक संस्थाओं की आँखों पर बंधी पट्टी और हाथों में ली गयी दृश्य और अदृश्य तलवारों को हटवाने का भी इंतजाम कर जायेंगे। ईडी हो,सीबीआई हो या केंद्रीय चुनाव आयोग हो सबकी आँखों पर पट्टी और हाथों में तलवार है। आज का युग आँखों पर पट्टी बांधकर काम करने का है भी नही। आज के युग में तलवार हाथ में लेकर दुनिया को नहीं चलाया जाता। आज की दुनिया के हाथों में तलवार की जगह विनाशकारी बम आ गए हैं, मिसाइलें आ गयीं हैं, जो सामूहिक नरसंहार कर रहे हैं।

हमारे क़ानून के शिक्षक स्वर्गीय गोविंद अग्रवाल साहब हमें पढ़ते वक्त बताया करते थे कि -न्याय की देवी की वास्तव में यूनान की प्राचीन देवी हैं, जिन्हें न्याय का प्रतीक कहा जाता है. इनका नाम जस्टिया है. इनके नाम से जस्टिस शब्द बना था। इनके आंखों पर जो पट्टी बंधी रहती है, उसका मतलब है कि न्याय की देवी हमेशा निष्पक्ष होकर न्याय करेंगी। किसी को देखकर न्याय करना एक पक्ष में जा सकता है। इसलिए इन्होंने आंखों पर पट्टी बांधी थी। वैसे आपको भी पता है और मुझे भी पता है कि आँखों पर पट्टी बांधकर मोटर साइकल चलाना और चित्र बनाना जादूगरों का काम है,न्यायधीश ये नहीं कर सकते। नेता जरूर कर सकते हैं, कर भी रहे हैं। बहरहाल मुख्य न्यायाधीश को इस तब्दीली के लिए तहेदिल से बधाई। कम से कम सेवनिवृत्ति से पहले वे भी एक नया इतिहास लिखकर जो जाने वाले हैं। अब पुरानी हिंदी फिल्मों में दिखाए जाने वाले अदालतों के इस प्रतीक चिन्ह का क्या होग। राम जाने ?

**राकेश अचल**

# मानसिक शक्ति और दृढ़ संकल्प जीवन के आधार-स्तम्भ

**निरंतर प्रयास से शीर्ष सफलता।**

विषम परिस्थितियां हर मनुष्य की जीवन में एक बार नहीं कई बार आती है अब यह आप पर निर्भर है की आप उस पर मानसिक शक्ति और संकल्प से विजय पाते हैं अथवा हार मान कर हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को चाहिए की दुगने उत्साह और संकल्प से ऐसे खराब समय में उसका डटकर मुकाबला कर उस पर विजयश्री प्राप्त करें तब ही मनुष्य का मनुष्य होने का मायने सफल हो सकता है। मनुष्य ही सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है। पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है।

पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैंद्य यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता हैद्य मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या का समाधान किया है और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैद्य मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से सफलता पूर्वक संचालित करता हैद्य एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैद्य जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैंद्य आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिएद्य

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता, उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया। इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है।आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें,जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं।

जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना,अपनी क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। इसीलिए जीवन में सफलता के लिए मानसिक स्थिति में दृढ़ता, कठोर संकल्प, एवं निरंतर श्रम अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। अपने जीवन को सफल बनाने एवं श्रेष्ठ जीवन की निर्मात्रि आपकी इच्छा शक्ति ऊर्जा और मानसिक संतुलन ही है। यदि मानसिक संतुलन में हताशा आई तो परिणाम ऋणआत्मक भी हो सकते हैं,और यही कारण है कि चिंतकों दार्शनिकों और महान अध्यापकों ने कहा है कि मन को सदैव ऊर्जावान और सकारात्मक सोच से परिपूर्ण रख लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

**संजीव ठाकुर**

# संक्षिप्त ख़बरें

## मत्स्य पालक संघ की बैठक सम्पन्न



**रुद्रपुर, देवरिया।** गुरुवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम लीलापुर भैसहा में मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय मिश्रा के निर्देश पर मत्स्य पालको एवं मछुआ समुदाय के लोगों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बहुउद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति के गठन कराने पर विस्तार से चर्चा करते मत्स्य विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गयी। बैठक को संबोधित करते हुए रामसजीवन ने कहा कि प्रदेश सर?कार मत्स्य पालाको एवं मछुआ समुदाय के लोगों के प्रति फिक्रमंद है। काफी वर्षों बाद बहुउद्देश्यीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति का गठन किया जा रहा है। मछुआ प्रकोष्ठ प्रतिनिधि रामाश्रय साहनी ने कहा कि निषाद समाज लोगो को स्वरोजगार के साथ साथ मछुआ आवास, केसीसी के साथ ही सरकार द्वारा जारी अन्य सुविधाये मुहैया करायी जायं। बैठक की अध्यक्षता प्रधानपति दिवाकर निषाद व संचालन रामसजीवन ने किया। इस अवसर बैठक में जीवकरन साहनी, मोलई प्रसाद, भागवत सहनी, अजय कुमार साहनी, दुर्गावती देवी, राजेश साहनी, रामदुलारे साहनी, उदयराज साहनी, धर्मा देवी, भागी प्रसाद, लक्ष्मन साहनी, रिकू साहनी व सविता देवी आदि मछुआ समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण हेतु दूर करें सूकर पालन

**देवरिया।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान अंतर्गत विकास खंड बैतालपुर के ग्राम भगवानपुर चौबे, बलटिकरा, करौंदी, भूड़ीपाकड़ एवं उधोपुर में पशुपालन विभाग द्वारा सूकरबाड़ो के आसपास एंटी लार्वा छिड़काव एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने सूकर पशुपालकों को कृमिनाशक दवा वितरण कर जागरूक किया कि संचारी रोग नियंत्रण हेतु सूकर पालन आबादी से दूर करें। सूकर बाड़े की साफ-सफाई, कीटनाशक दवा एवं मच्छर रोधी जाली का प्रयोग अवश्य करें। सूकर पालन छोड़कर अन्य व्यवसाय मुर्गी पालन व बकरी पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पशुओं के मूत्र से मनुष्यों में फैलने वाली संक्रामक लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी की भी जानकारी दिया गया। अभियान में सुभाष चन्द्र, सुनील कुमार व महेंद्र यादव ने सहयोग किया।

## कृषि मेले का आज शुभारंभ करेंगे उपमुख्यमंत्री

**देवरिया।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत जनपद में आज आ आयेंगे। इस दौरान वे विभिन्न आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। प्राप्त कार्यक्रम अनुसार उप मुख्यमंत्री 18 अक्टूबर को 11.30 बजे कंचनपुर में पूर्व मंत्री स्व0रवीन्द्र किशोर शाही कि मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12 बजे जिला राजस्व न्यायालय परिसर में स्व0 राजेन्द्र किशोर शाही के नाम से नव निर्मित अधिवक्ता भवन का लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री 1.15 बजे आचार्य नरेन्द्र देव इण्टर कालेज, पथरदेवा में पूर्व मंत्री स्वश्र रवीन्द्र किशोर शाही की पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले कृषि मेले का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारम्भ करेंगे।

## रामलक्षन में विसर्जन के दौरान बवाल -15 नामजद व दर्जनों अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के रामलक्षन में सोमवार की सायंकाल मूर्ति विसर्जन के दौरान युवकों द्वारा बवाल करने के आरोप में बुधवार को देर रात 15 नामजद व दर्जनों अज्ञात युवाओं के खिलाफ दंगा फसाद करने व किसी व्यक्ति को अपमानित करने का मामला दर्ज किया गया है। बुधवार को इस आशय का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें युवकों को समाजवादी पार्टी का झंडा लहराने, पार्टी के गीत पर नृत्य करने, भारतीय जनता पार्टी के बैनरों को फाड़ने व मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को अपशब्द कहने की बात दिख रही है। वहीं लक्ष्मीपुर निवासी निरंजन निषाद पुत्र अशोक निषाद ने इस मामले में पुलिस को एक तहरीर भी दे डाली। तहरीर के आधार पर और वायरल वीडियो के आधार पर कोतवाली पुलिस ने 15 नामजद व दर्जनों अज्ञात युवाओं के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जबकि पांच युवकों का शांति भंग की धारा में चालान भी कर दिया। विसर्जन के दौरान हुए बवाल के बाद पुलिसिया कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं मामले को लेकर सियासी राजनीति भी होने लगी है।

# वाल्मीकि समाज कोई बोझ या अभिशाप नहीं - पप्पू पांडेय

**● - पप्पू पांडेय ने बोले महर्षि बाल्मीकि के पदचिन्हों पर चलने से होगा एक अच्छे समाज का निर्माण**

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** पडरौना नगर के स्टेशन रोड स्थित उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बगल में बसे बाल्मीकि समाज के घरों में जाकर साफ सफाई एवं स्वछता का संदेश वाल्मीकि जयंती के दिन वरिष्ठ समाजसेवी दीपनारायण अग्रवाल के निर्देशन में वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में सर्फ, साबुन, मिठाई इत्यादि वितरित किया गया, और स्वछता के उद्देश्य से यहा के स्थानीय लोगों व खासकर महिलाओं को शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय ने कहा कि आज हमारे आदर्श महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती के अवसर पर वाल्मीकि समाज के लोगों को इनके द्वारा बताए गए विचारों को आत्मसात करना चाहिए, इनके विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए तभी जाकर हमारे समाज से गंदगी और बुराइयों का अंत संभव हो पायेगा।उन्होंने आगे कहा कि बाल्मीकि समाज की रक्षा करना ही हमारा धर्म है, और वास्तविक रूप में बाल्मीकि जयंती का यही उद्देश्य भी है। हम सभी माताओं व बहनों से अपील करते हैं कि किसी भी कीमत पर अपने अंदर किसी भी कुरीतियों को पनपने न दें और ना ही किसी भी कुप्रथा को बढ़ावा दें क्योंकि जाति कोई बोझ या अभिशाप नहीं हैं, हमारी संस्था पडरौना के वरिष्ठ समाजसेवी दीपनारायण अग्रवाल जी के संरक्षण में हर साल गरीब, मलिन बस्तियों में जाकर स्वछता व साफ सफाई के प्रति जागरूकता कार्यक्रम कराते हैं, इसलिए किसी भी बाल्मीकि समाज को ज्यादा चिंतित होने की जरुरत नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल मंत्री विशुनपुरा मनोज कुमार गोंड, भीखु, बहारन, सरोज, सुनैना, भगनी, रामबिलास, सोहन, ब्रह्मा परमा प्रसाद, कैलाश, झगरु, मैनेजर, गोरख, जयप्रकाश, झापस, मुन्ना, सिम्पू देवी, पिंकी देवी, रीता देवी, मंजू देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नगरपालिका कलकल परिसर में धूमधाम से मनाया गया महर्षि वाल्मीकि जयंती

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को नगरपालिका परिषद पडरौना के जलकल भवन में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा मंदिर परिसर में दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इसके साथ ही जलकल परिसर स्थित हनुमान मंदिर में आरती पूजन, श्री वाल्मीकि रामायण का पाठ, सुन्दरकाण्ड व भजन कीर्तन का भी भव्य आयोजन कराया गया। पालिकाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में बताया कि भगवान वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर भगवान श्रीराम को आमजन के घरों तक पहुंचाने का काम किया था साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने वाल्मीकि समुदाय के लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। नपाध्यक्ष जायसवाल ने बताया कि भगवान वाल्मीकि ने यह संदेश दिया है कि किस प्रकार सत्य के मार्ग पर चलने के दृढ़ संकल्प के साथ व्यक्ति पतन से उत्थान की ओर बढ़ चलता है। उन्होंने बताया कि सफाई सेवक समाज की रीढ़ के समान है, जिन्होंने राष्ट्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान वहाँ उपस्थित सभी लोगों को मिष्ठान भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, ईओ सन्तराम सरोज,सभासद भोली जायसवाल संतोष मद्धेशिया सौरभ सिंह रामाश्रय गौतम कर निरीक्षक रवि सिंह, महेंद्र चौधरी, राजकुमार यादव, मुकुल श्रीवास्तव, आलोक विश्वकर्मा अमित तिवारी ब्रजेश शर्मा अरुण सिंह, अनिल मौर्य, घनश्याम यादव, विनय मद्धेशिया अभय मारोदिया, नीरज मिश्र, विनय पाण्डेय, शुभम सिंह मंथन, रवि शर्मा, विकास मद्धेशिया, राहुल कन्नौजिया, अभय तिवारी, विशाल श्रीवास्तव, आदर्श जायसवाल सहित नपा के अन्य कर्मचारी सहित आमजन उपस्थित रहे।

# नगरीय विकास योजना के तहत 1295 लाख की दर्जनों योजनायें मंजूर

**● -नपं अध्यक्ष सुधा ने की थी मांग**

स्वतंत्र प्रभात



**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में पास हुए प्रस्ताव के आधार पर अध्यक्ष सुधा निगम ने बीते 21 सितंबर को नगर विकास विभाग को पत्र लिखकर रुद्रपुर में पार्क, आरो प्लांट, जिम, रैन बसेरा, विवाह स्थल आदि बनाने हेतु धन अवमुक्त करने की मांग की थी। उन्होंने लगभग 15 विकास कार्यों के लिए 1295 लाख रुपए का आकलन बनाकर भेजा था। नगरीय विकास विभाग के अनु सचिव रविंद्र सिंह ने योजनाओं को मंजूरी देते हुए बीते 10 अक्टूबर को जिलाधिकारी देवरिया को पत्र लिखकर योजनाओं और उनकी लागत को निर्धारित पोर्टल पर डालने का निर्देश दिया। जिससे उन योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति मिल सके। यदि इन योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति मिल गई तो रुद्रपुर में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित होगा। जहां लगभग हर वार्ड में शुद्ध पेयजल मिलेगा। पार्क होगा। बैडमिंटन का इंडोर स्टेडियम होगा। रैन बसेरे व विवाह स्थल की व्यवस्था भी होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा ने विकास कार्यो की मंजूरी मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि 5 वर्षो में नगरोदय योजना के तहत विकास कार्य करा कर रुद्रपुर में कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा।

# रिहायसी खपरैल की घर में लगी आग

**● -घर मे रखा हुआ गृहस्ती का सामान नगद व कागजात जल कर हुआ खाक**

**सूचना पर हल्का लेखपाल पहुचे**

**घटना स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट किया प्रेषित**

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर** - गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सुथनी नगरपंचायत गोला बार्ड नम्बर 10 में गुरुवार की तड़के सुबह खपरैल की घर में अचानक आग लग गयी।जिससे घर तो नही जला लेकिन घर के अंदर रखा हुआ गृहस्ती का सारा सामान ,नगद रुपये,कागजात व कपड़ा बिस्तर खाद्यान जल कर खाक हो गए।घर के अंदर से उठते धुंए को देख लोग अगल बगल के दौड़ पड़े।काफी प्रयास कर आग पर काबू पाए। लेकिन घर के अंदर रखा हुआ सारा सामान जल कर खाक हो गया।सूचना तहसील प्रशासन को दिया गया।तत्काल घटना स्थल पर हल्का लेखपाल मौके पर पहुचे।स्थित देख रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिए। प्राप्त बिबरण के अनुसार नगर पंचायत गोला के वार्ड नम्बर 10 सुथनी मौजा में रामानंद पाल दो कमरे का खपरैल घर बनाकर उसी में परिवार के साथ रहते है।और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। गुरुवार की सुबह लगभग छह बजे उसकी पत्नी स्नान कर पूजा पाठ किया।और घर मे तिल के तेल का दीपक जला कर पूजा स्थल पर रख दिया। कुछ समय के बाद अचानक कमरे से धुआं उठना आरम्भ हो गया।धुंआ देख अगल बगल के लोग दौड़ पड़े ।देखे तो घर मे रख समान सब जल रहा है।गनीमत यह था कि आग की लपटें अभी खपरैल मकान के छज्जे को नही पकड़ी थी ।लोगो ने काफी प्रयास कर किसी तरह आग को बुझाया ।लेकिन आग ने घर मे रखा सारा गृहस्ती का समान दस हजार नगद कागजात बिस्तर कपड़ा नेवाला सब जला कर राख कर दिया।

# मेरे मन के राम-पं श्याम मोहन त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाजार गोरखपुर ।** गोला उपनगर के कसौधन मैरिज हॉल में आयोजित एक दिवसीय मेरे मन के राम कार्यक्रम में मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन आदर्शो पर अपना विचार व्यक्त करते हुए चिल्लूपार विधानसभा के टाड़ा गांव निवासी पंडित श्याम मोहन त्रिपाठी ने कहा कि भगवान श्री राम के जीवन आदर्शो को अपने जीवन में उतारना और उन जीवन आदर्शो पर चलना ही भगवान श्री राम के प्रति सच्ची भक्ति है। उन्होंने आगे कहा कि आज के परिवेश में व्यक्ति अपने बाहरी संबंधों को बढ़ता चला जा रहा है परंतु दुर्भाग्य है कि वह अपने निकट के संबंधों अपने रक्त संबंधों को अपने से दूर कर रहा है।व्यक्ति अपने निजी स्वार्थ में अपने भाई से लड़ झगड़ रहा है। आज के समाज की आवश्यकता है कि अपने निकट व रक्त संबंधों को मजबूत बनाए तभी भगवान श्री राम के प्रति सच्ची भक्ति मानी जाएगी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी गोला दिवाकर सिंह प्रमोद तिवारी संजय तिवारी अमित वशिष्ट त्रिपाठी पुर्व अपर जिला कृषि अधिकारी राम अधार यादव प्रशांत कुमार सिंह वाई एन सिंह अशोक कुमार मौर्य कैलाश नाथ दुबे तारकेश्वर दुबे सृंजय मिश्रा तारकेश्वर दुबे अनिल राय आलोक राय सहित अधिक संख्या में श्रोता गण मौजूद रहे।

# आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही बना आल ओवर विजेता

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला क्षेत्र के आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही के खेल मैदान में चल रहे त्रिदिवसीय माध्यमिक विद्यालयीय तहसील स्तरीय रैली के अंतिम दिन वृहस्पतिवार को समापन समारोह का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि बड़हलगंज के ब्लॉक प्रमुख राम अशीष राय द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प, दीप अर्पण कर तथा विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया। तहसील में ऑल ओवर विजेता विद्यालयों में प्रथम स्थान पर आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही, द्वितीय स्थान गाँधी इंटर कॉलेज महुआपार तथा तृतीय स्थान पर राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज बड़हलगंज रहा। सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रैली के समापन पर प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि तथा अध्यक्ष द्वारा विजेता, उपविजेता टीम को ट्राफी, मेडल, प्रशस्ति पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही रैली के फाइनल में तथा पूरे प्रतियोगिता में अपने शानदार खेल से अपने-अपने टीम को प्रमुख योगदान देने वालें खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह, ट्रैक शूट आदि देकर सम्मानित किया गया। इस रैली में 17 वर्ष आयुवर्ग बालक वर्ग में 200मीटर में अमित पासवान प्रथम आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही तथा लव प्रजापति द्वितीय नेशनल इ. का. बड़हलगंज, सन्नी कुमार तृतीय वीएसएवी इंटर कॉलेज गोला रहे।

19 वर्ष आयुवर्ग बालक वर्ग में 200मीटर में शशिकांत प्रथम इंटर कॉलेज उरुवा तथा रोहित यादव द्वितीय इ. का. महुआपार, पंकज पासवान तृतीय वीएसएवी इंटर कॉलेज गोला रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि का विद्यालय के प्रबंधक रवि प्रताप राय तथा प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर तथा बैज लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देते हुये कहा कि खेल की ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को स्वयं को परखने का उचित अवसर देती है। गवई माटी के निकले खिलाड़ी ही भविष्य के तेंदुलकर बनते है। खेल की स्वस्थ प्रतिस्पर्धाएं कुशल खिलाड़ियों को जन्म देती है जो आगे चलकर विश्व में देश, प्रदेश, जिले व गांव का नाम रोशन करते है। इस दौरान संबंधित तहसील के प्रधानाचार्य गण में बेचन दुबे, उमेश शाही, सच्चिदानंद शाही, करुणेश यादव, अखिलेश मिश्र आदि रहे। संचालनकर्ता में अजय कुमार शुक्ला, सतांशु राय और निर्णायक मंडल के देवेश शुक्ल, यशवंत मौर्य, अवनीश राय, अविनाश सिंह, किरण यादव, सुशील शाही, मो. जलालुद्दीन, मो. मूसा, मो. जाफर, यतींद्र रंजन पांडे, समीर राय, प्रवीण दुबे, बीरेंद्र, बृजमोहन मौर्य, दीपक सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी और ग्रामीण गणमान्य लोग व दर्शक गण तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# सामाजिक न्याय का संघर्ष जीवन का लक्ष्य - स्वामी

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया।** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को अंजाम तक ले जाना हमारे जीवन का लक्ष्य है। राजनीति में रहकर वर्गीय चेतना पैदा करने के लिए किसी न किसी को तो आहुति देनी ही होगी जो हमे या समाज के सजग लोगों को करना पड़ेगा। मौर्य ने जिले के डुमरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारे बहुजन महापुरुषों ने समता की स्थापना हेतु अनवरत प्रयास जारी रखा जिस हेतु जातिवार जनगणना आज की परम आवश्यकता है। इस दौरान रामपुर कारखाना क्षेत्र के डुमरी में सामाजिक न्याय मंच के जिला संयोजक चंद्रभूषण यादव ने महामना बुद्ध का चित्र, पंचशील पट्टी एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। यादव ने स्वामी प्रसाद को बहुजन आंदोलन का बहादुर सेनापति बताते हुए कहा की उत्तर भारत में रामस्वरूप वर्मा, महाराज सिंह भारती, ललाई सिंह यादव, जगदेव प्रसाद आदि की परंपरा को स्वामी प्रसाद मौर्य आगे बढ़ा रहे हैं। स्वागत कार्यक्रम में मनिकराज यादव, रामप्यारे यादव, डा प्रमोद यादव, व्यास यादव, मुरलीधर यादव, अशोक यादव, जितेंद्र बुलबुल यादव, शंकर यादव, इंद्रासन यादव, सचिन कुमार, सुनील कुशवाहा, जेपी कुशवाहा, मुस्तकीम , अरविंद यादव आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में कुशीनगर व संतकबीरनगर का दबदबा

**● -शुक्रवार को होगा प्रतियोगिता का समापन, किया जाएगा पुरुस्कार वितरण**

स्वतंत्र प्रभात



**महाराजगंज।** पुलिस लाइन में आयोजित 41वीं गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस बैडमिंटन और टेबल-टेनिस प्रतियोगिता का आज दूसरा दिन भी उत्साह से भरा रहा। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता की शुरुआत बुधवार को जिला अधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके की गई थी। प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के आठ जनपदों ने हिस्सा लिया, जबकि तीन जनपदों की टीमें इसमें भाग नहीं ले सकीं। प्रतियोगिता के दौरान कई रोचक मुकाबले देखने को मिले। गुरुवार को हुए महत्वपूर्ण मुकाबलों में महिला और पुरुष वर्ग के बैडमिंटन और टेबल-टेनिस खेलों ने दर्शकों का मन मोह लिया।महिला वेटरन 45+ सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में संतकबीर नगर की सरिता नागवंशी ने कुशीनगर की शीला यादव को हराकर खिताब अपने नाम किया। मैच के स्कोर (11-7, 11-8) रहे। इसी वर्ग के डबल्स फाइनल में संत कबीर नगर और कुशीनगर की जोड़ी (सरिता और शीला) ने बस्ती और सिद्धार्थ नगर की जोड़ी (महेल और वीरांगना) को सीधे सेटों में (11-5, 11-4) हराकर जीत हासिल की। वहीं पुरुष ओपन सिंगल बैडमिंटन में महाराजगंज के अतिश कुमार सिंह और बस्ती के बिनय यादव के बीच हुए मुकाबले में अतिश कुमार सिंह ने शानदार खेल दिखाते हुए (11-2, 11-5) से जीत दर्ज की। वहीं, वेटरन 45+ बैडमिंटन में महराजगंज के अतिश कुमार सिंह और शाहजहां की जोड़ी ने बस्ती के विजेंद्र और सोमनाथ को (21-6, 21-5) के सेटों में पराजित किया। टेबल टेनिस ओपन सिंगल पुरुष वर्ग में कुशीनगर के मन्नान खान ने सिद्धार्थ नगर के चंद्रिका श्रीवास्तव को (11-8, 11-5) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, कुशीनगर के निर्भय ने श्रावस्ती के तेज बहादुर को (11-2, 11-3) के स्कोर से हराकर अपनी जगह सेमीफाइनल में पक्की की। इसके साथ ही प्रथम सेमीफाइनल सिंगल्स बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप में सिद्धार्थ नगर के इंद्रेश ने बस्ती के राकेश को (15-21, 15-21) से हराया। जबकि डबल्स सेमीफाइनल में बस्ती की जोड़ी ने सिद्धार्थ नगर को (19-21, 15-21) से हराकर फाइनल में जगह बनाई। द्वितीय सेमीफाइनल में कुशीनगर के आशुतोष और विवेक की जोड़ी ने श्रावस्ती के सत्यम और वेदानंद को (21-13, 21-3) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के आठ जिलों की टीमों ने जोरदार प्रदर्शन किया, जिसमें महाराजगंज, कुशीनगर, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, और बलरामपुर के खिलाड़ी शामिल रहे। प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को होगा, जिसमें विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# अवैध रूप से घुसपैठ करते श्रीलंकाई नागरिक गिरफ्तार

**●- मामले की पूछताछ व जांच-पड़ताल में जुटी सुरक्षा एजेंसियां, बरामद कागजातों का किया जा रहा पड़ताल**

स्वतंत्र प्रभात




**महराजगंज।** भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा सोनौली बॉर्डर से अवैध तरीके से भारतीय सीमा में घुसपैठ करते श्रीलंकाई नागरिक को भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में उसके पास से भारतीय पासपोर्ट बरामद हुआ है, वहीं गहन जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि वह असल में श्रीलंका का नागरिक है जो भारतीय पासपोर्ट का इस्तेमाल अवैध रूप से सीमा पार करने के लिए कर रहा था। इमीग्रेशन विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उसे हिरासत में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक उसके पास से मिले दस्तावेजों और अन्य प्रमाणों की जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह भारतीय पासपोर्ट कैसे प्राप्त किया और उसकी सीमा पार करने की मंशा क्या थी। वहीं विभाग के पूछताछ में विदेशी नागरिक की पहचान 46 वर्षीय दिलिप संपथ रजप्पा निवासी 103 थोराया कुरुनेगला सीपी श्रीलंका के के रूप में हुई है। श्रीलंकाई नागरिक के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेशी अधिनियम 14 के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते श्रीलंकाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है जिसके विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गहनता से जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

# राज्य कर विभाग की टीम ने फर्म पर किया छापेमारी

स्वतंत्र प्रभात



**रतनपुर (आज)।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनी स्थित मे. बजरंग इंटरप्राइजेज पर गुरुवार को राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त एसआईबी गोरखपुर जितेन्द्र कुमार रमन के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तथा संयुक्त आयुक्त एसआईबी गोरखपुर द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में बृहस्पतिवार को छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान व्यापारी द्वारा दाखिल रिटर्न व ग्राम पंचायतों से हुई भुगतान में कमियां पाई गईं। इस दौरान टीम ने छापा मारकर जीएसटी चोरी समेत अन्य कमियों का खुलासा किया। विभाग द्वारा यह सर्च अभियान दोपहर तीन बजे से लेकर देर शाम तक जारी रहा। जांच-पड़ताल के दौरान कमियां मिलने पर जांच टीम जांच-पड़ताल के लिए अभिलेख जप्त कर अपने साथ ले गई। वहीं जांच-पड़ताल के दौरान टीम ने केमिकल, ईंट की साईज, गिट्टी-बालू समेत अन्य सभी मैटेरियलों की गहनता से जांच पड़ताल किया। इस दौरान सहायक आयुक्त गिरजा नंदन, संतोष कुमार, प्रशांत कुमार द्विवेदी, रामप्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सचिव और प्रधान के विवाद में दोनो पक्षों से तहरीर




**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका ब्लाक के ग्राम पंचायत महुलानी के ग्राम प्रधान शिव स्वरूप पांडेय के खिलाफ ब्लॉक के सचिवों ने सामूहिक रूप से उसका थाना में सरकारी कार्यो में बाधा डालने, फर्जी मुकदमे में फसाने एवं धरने के दौरान अपशब्द भाषा प्रयोग करने को लेकर बुधवार को थाना उसका बाजार पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बताते चले कि पूरा मामला सात अक्टूबर का है जहां महुलानी ग्राम पंचायत के प्रधान उसका ब्लॉक परिसर में ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र गुप्ता को हटाने को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे अपने समर्थकों के साथ, धरने के दौरान अपशब्द भाषा का भी प्रयोग किया गया था। जिसके बाद ग्राम विकास अधिकारी ने प्रधान के खिलाफ तहरीर दिया। तहरीर में लिखा गया कि धरने के दौरान प्रधान के द्वारा सरकारी कामकाज नहीं करने दिया, प्रधान के द्वारा धमकी भी दिया जा रहा है। वही दूसरा पक्ष शिव स्वरूप पांडेय ने भी थाना में सचिव राहुल यादव , अखिलेश यादव और मनोज पटेल के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है इनका आरोप है कि सचिव के द्वारा धरना प्रदर्शन के दौरान अपशब्द भाषा का प्रयोग किया गया और पांच हजार रुपया छीन लेने का अभी आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह का कहना है कि दोनो पक्षों से तहरीर मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## शरद पूर्णिमा पर गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में हुआ महारास

**राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम**



शरद पूर्णिमा पर महारास करते कलाकार।

**मथुरा।** राजस्थान सीमा पर स्थित पूंछरी परिक्रमा मार्ग में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर व भारतीय कला संस्थान डीग के संयुक्त तत्वाधान में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूंछरी परिक्रमा मार्ग में भारतीय कला संस्थान के ब्रज लोक कलाकारों ने श्री गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया। आयोजन में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान महारास नृत्य व डांडिया रास, रास होली जैसे मन मोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में परिक्रमार्थी श्रद्धालु कार्यक्रम का आनंद लेकर परिक्रमा दे रहे थे। कार्यक्रम में भारतीय कला संस्थान के निदेशक अशोक शर्मा विष्णु शास्त्री हरे कृष्ण शर्मा देवेंद्र सिंह मनोज बंसल एडवोकेट सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## गौ तस्कर पुलिस पुलिस मुठभेड़ में घायल




**मथुरा।** थाना बरसाना पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में 25 हजार रुपये का अन्तर्राज्यीय गौ तस्कर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घयल बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के साथ पुलिस की मुठभेड बरसाना की चरण पहाड़ी के पास हुई। आरोपित के कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस, एक चोरी की मोटर साईकिल बरामद की गई है। गुरूवार को रात्रि के समय चरन पहाडी के पास गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त उमर पुत्र इमामुद्दीन निवासी अडवर थाना नूह जिला नूंह हरियाणा के साथ पुलिस की मुठभेड हुई।

## युवक गांजे के साथ पकडा

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस ने एक अभियुक्त 400 ग्राम गांजा के गिरफ्तार किया है। बरसाना रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे यू टर्न से करीब से अभियुक्त भरती उर्फ भारती पुत्र दुर्गी निवासी ग्राम नरी थाना छाता गिरफ्तार किया गया।

# सड़क हादसा: पिकअप गाड़ी में भरी थी 25 सवारी, पांच की मौत

**● - बिहार से पलवल भट्ट पर मजदूरी करने जा रहे थे कई परिवार**

**अलीगढ़ से बैठे थे पिकअप गाड़ी में कोसीकला क्षेत्र में हाईवे पर हुआ हादसा**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** परिवहन विभाग का सडक सुरक्षा पखवाड़ा दो से 16 अक्टूबर तक चला। इस दौरान सड़क को सुरक्षित बनाने के उपक्रम किये गये। 17 अक्टूबर को हुए भीषण सड़क हादसे ने तमाम प्रयासों की पोल खोल दी। बिहार से पलवल भट्ठा पर मजदूरी करने जा रहे कई परिवारों के 25 से अधिक लोग अलीगढ़ से पिकअप गाड़ी में बैठे थे। अलीगढ़ तक वह ट्रेन से आये थे। मथुरा जनपद के कोसीकला क्षेत्र में पिकअप गाड़ी हादसे का शिकार हो गई जिसमें पांच की मौत हो गई जबकि करीब आधा दर्जन घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सडक हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख व्यक्त किया है। इसके बाद जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों में खलबल मच गई। छाता क्षेत्र से विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश पांडये घायलों का हालचाल जानने के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचे। हादसा हाइर्व पर कोसीकलां थाना क्षेत्र के शेरगढ़ रोड स्थित नगरिया सात विसा गांव के पास हुआ। हादसे में गौरी देवी (35) पत्नी सुकेंदर माझी, उसकी दो वर्ष की पुत्री कोमल, कुंती देवी (28) पत्नी प्रेम माझी, उसकी दो वर्षीय पुत्री प्रियंका और मोना पत्नी सूरजभान की मौके पर मौत हो गई है। इसके अलावा काजल (17) पुत्री रामबली, जीरा (19) पुत्री रामबली, माना (21) पुत्री सरजू, गगन कुमार (3) पुत्र जीतन हुए हैं। सभी लोग बिहार के गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र आने वाले हेट विद्या हीचापुर गांव के रहने वाले थे।



जिला चिकित्सालय में घायलों को स्ट्रेचर पर ले जाते साथी।

### ऐसे हुआ हादसा

प्रेम मांझी ने बताया कि उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर विद्युत खंभे से टकरा गई थी। बिजली का तार टूट कर गाडी पर गिया गया जिससे गाड़ी में करंट दौड़ गया। इसके बाद लोग कूदकर भागे। इसी बीच पिकअप चालक ने गाड़ी को पीछे की ओर दौड़ा दिया जिससे ये लोग गाडी की चपेट में आ गये। गाडी चालक गाडी को लेकर भाग गया। वहीं एसएसपी ने बताया कि वाहन चालक और स्वामी का पता लगाकर कार्यवाही की जाएगी।

# नम आंखों से भक्तों ने की आदि शक्ति की विदाई, प्रशासन रहा अलर्ट

**● - नौ अलग-अलग जगह पर प्रतिमा स्थापित कर भक्तों ने किया पूजन।**

**लंभुआ थाना प्रभारी मय फोर्स रहे मुस्तैद।**

स्वतंत्र प्रभात



**लंभुआ/सुल्तानपुर-** बधूपुर बाजार में लगी मां की प्रतिमाओं का बृहस्पतिवार को बड़े ही धूमधाम से विसर्जन किया गया। आधा दर्जन से अधिक प्रतिमाओं को सैकड़ो भक्तों ने डीजे की धुन पर थे रखते हुए नम आंखों से विदाई दी। लंभुआ थाना क्षेत्र के बधूपुर बाजार में विजयदशमी से मूर्ति स्थापना कर दुर्गा पूजा महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। बाजार में कुल नौ मूर्तियों की स्थापना की गई थी। जहां पर प्रतिदिन सुबह शाम आरती पूजन एवं श्याम कल को प्रसाद वितरण किया जाता रहा। बृहस्पतिवार को सभी मां की प्रतिमाओं को विधि विधान से विसर्जन किया गया। रास्ते भर भक्तगण डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर नम आंखों से माता रानी को भक्तों ने विदा किया। तीर्थराज दोपहर धाम में आदि गंगा गोमती के तट पर प्रशासन द्वारा मूर्ति विसर्जन हेतु एक स्थान चिन्हित किया गया था जहां पर सभी मूर्तियों को विसर्जित किया गया। इस बीच लम्भुआ कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा मय फोर्स मुस्तैदी के साथ तैनात रहे।

# मुठभेड: लॉरेंस बिश्नोई गैंग का अन्तर्राज्यीय शार्प शूटर गिरफ्तार

**● - दिल्ली पुलिस व मथुरा पुलिस ने की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** लॉरेंस बिश्नोई व हाशिम बाबा गैंग का अन्तर्राज्यीय शार्प शूटर के अन्तर्राज्यीय शार्प शूटर गिरफ्तार के साथ गुरुवार को तड़के मथुरा में पुलिस की मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में योगेश कुमार उर्फ राजू पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लारेंस बिश्नोई व हाशिम बाबा गैंग का शूटर योगेश कुमार उर्फ राजू रेलवे स्टेशन के पास मौजूद है। बदमाश योगेश दिल्ली के बहुचर्चित नादिरशाह हत्याकांड का भी मुख्य आरोपी है। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई। दिल्ली पुलिस व मथुरा पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही को अंजाम दिया। बाद रेलवे स्टेशन रोड रेलवे फाटक से करीब 200 कदम पहले थाना क्षेत्र रिफाइनरी के अंतर्गत गुरुवार की तड़के करीब 04.40 बजे हुई। दिल्ली के सनसनीखेज नादिरशाह हत्याकांड के मुख्य शूटर की दिल्ली पुलिस को तलाश थी। मुठभेड़ के बाद इसके पास से मोटरसाइकिल अपाचे बिना नम्बर, एक पिस्टल 32 बोर, सात जिन्दा कारतूस 32 बोर व तीन खोखा कारतूस 32 बोर मिले हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 26 वर्षीय शार्पशूटर योगेश कुमार उर्फ राजू पुत्र प्रेम बाबू निवासी राज चौक कट्टा बहरामपुरा थाना कोतवाली बदायूं हाशिम बाबा गैंग में सम्मिलित होकर उत्तर प्रदेश में कई हत्याओं की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। वर्तमान में लॉरेन्स बिश्नोई गैंग में सम्मिलित होकर दिल्ली के सनसनीखेज नादिर शाह हत्याकांड का मुख्य शार्प शूटर भी है और इसी घटना में दिल्ली से वांछित चल रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा था। दिल्ली पुलिस को उसकी लोकेशन मिली। कार्यवाही करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार थाना रिफाइनरी, निरीक्षक पवन कुमार स्पेशल सेल दिल्ली मय टीम, एसआई जयवीर सिंह स्पेशल शैल दिल्ली, एसआई सुभाष चन्द्र थाना रिफाइनरी, एसआई मोहनलाल सिंह थाना रिफाइनरी, एसआई प्रिया सिवाच थाना रिफाइनरी, एसआई उत्तम सिंह भडाना थाना रिफाइनरी, स. उपनिरीक्षक चितरंजन सिंह स्पेशल सेल दिल्ली, स. उपनिरीक्षक राकेश स्पेशल शैल दिल्ली आदि शामिल थे।



मुठभेड स्थल पर रात के समय मौजूद पुलिसकर्मी।

# करवा चौथ से पहले 251 गरीब महिलाओं को मिलीं साड़ियों तो खिले चेहरे

**● - जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल की पहल पर भागवत यात्रा सेवा चौरीटेवल ट्रस्ट ने की मदद**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मलिन बस्ती पन्ना पोखर स्थित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र मथुरा एवं जिला कारगर में महिला बंदियों को करवा चौथ पर्व से पूर्व गरीब परिवारों की 251 जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियों का वितरण भागवत यात्रा सेवा ट्रस्ट द्वारा किया गया। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र पन्ना पोखर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी ने कहा कि महिलाओं के लिए करवा चौथ पर्व बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। गरीब महिलाओं को साड़ी प्रदान करना नेक कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। हम सभी को इस तरह के सेवा कार्यो में सदेव आगे आना चाहिए।



करवा चौथ से पहले मिली साडियों के साथ महिलाएं।

भगवताचार्य एवं भागवत यात्रा सेवा चौरीटेवल ट्रस्ट मथुरा के संस्थापक अध्यक्ष भागवतकिंकर श्री कृष्ण गौड़ शास्त्री ने कहा कि संस्था जरूरतमंद एवं गरीब लोगों की मदद करने का कार्य एवं अन्य सेवा कार्य काफी वर्षो से लगातार विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से कर रही है। इसी शृंखला में आज जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल पन्ना पोखर एवं जिला कारगर में 251 साड़ियों का वितरण किया गया है।

अतिथि जिला अध्यक्ष सु भासपा राजवीर सिंह ने गरीब महिलाओं को करवा चौथ पर्व से पूर्व नई साड़िया प्रदान करने के कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र संचालक सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि गरीबों की हर संभव मदद के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। यही भगवान की सच्ची पूजा है। भागवत यात्रा सेवा चौरीटेवल ट्रस्ट मथुरा के कोषाध्यक्ष देश दीपक देशू पंडित, जिला बाल कल्याण समिति सदस्य सीमा शर्मा, रुक्मिणी गौड़, चंद्र शेखर, नितेंद्र चौधरी, नवीन अग्रवाल, कृष्णा, कुमकुम राजपूत, निशा कुमारी, प्रभात शर्मा, पुष्पा सिंह आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**शिवगढ़ कस्बे में निकाली गई भव्य शोभायात्रा**

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के शिवगढ़ कस्बे में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक महर्षि वाल्मीकि जयन्ती मनाई गई। इस पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। गत वर्षो की भांति महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर शिवगढ़ कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शिक्षक रमेश कुमार के घर से गाजे-बाजे के साथ बस स्टॉप शिवगढ़ कस्बा होते हुए राम जानकी मन्दिर पहुंची जहां नगर पंचायत के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर रमेश कुमार सहगल, शिक्षक प्रदीप कुमार त्रिवेदी ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह, जीबी सिंह, रमेश कुमार, गयेन्दु सिंह,रामनरेश मेहता, संतोष श्रीवास्तव, विकास पाठक ,अमर सिंह राठौर, शालू गुप्ता, रामेश्वर सिंह सहित भारी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# किसान को मौत तक खींच ले गई बिजली खम्भे की खेंच

**● - बिजली घर पर शव रखकर ग्रामीणों ने जताया रोष**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** हाईटेंशन विद्युत लाइन के खंभे को साधने के लिए लगाई गई खेंच में कई दिन से करंट आ रहा था। यह खम्भा किसान के खेत में लगा था। करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। इससे नाराज ग्रामीण लक्ष्मी नगर बिजली घर पहुंच गए और किसान की मौत के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए धरने पर बैठ गये। विद्युत विभाग के अधिकारियों के समझाने और मदद के आश्वासन के बाद ग्रामीण वापस लौट गये। ग्रामीणों का आरोप था कि विद्युत खंभे की खेंच में कई दिन से करंट आ रहा था।



फोटो परिचय-लक्ष्मीनगर बिजली घर पर विराधे जताते ग्रामीण।

इसकी शिकायत भी विभागीय अधिकारियों से की गई लेकिन उनकी शिकायत को अनसुना कर दिया गया। इसके बाद यह हादसा हो गया। लक्ष्मीनगर क्षेत्र में श्यामपुरम कालोनी में मंगलवार की शाम किसान ज्ञानेंद्र सिंह लीज पर लिए खेत पर आवारा पशुओं को रोकने के लिए कंटीले तार लगा रहा था। किसान का अचानक तार खेंच से लग गया जिससे कंटीले तार में हाईटेंशन करंट दौड़ने लगा जिससे किसान बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई। किसान का पोस्टमार्टम करा कर शव को बिजली घर परिसर दोपहर 12 बजे लेकर पहुंचे। वहां रख लिया किसान एकजुट होकर एसडीओ एवं जेई के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने लगे। थाना निरीक्षक छोटे लाल ने बताया कि एसडीओ व जेई के खिलाफ मृतक के स्वजनों द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# विधायक श्रीकांत शर्मा ने लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा होली गेट मंडल में होली गेट एवं चौक बाजार में महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, प्रदीप गोस्वामी, यशराज चतुर्वेदी केनेतृत्व में विधायक श्रीकांत शर्मा ने सैकड़ो लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता। वहीं विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भाजपा सदस्यता अभियान इस समय पूरे देश में चलाया जा रहा है इस क्रम में मथुरा में भी भाजपा सदस्यता अभियान पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं विधायक श्रीकांत ने कहा देश में मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान मजदूर व्यापारी सहित सभी जाति धर्मो के हित में प्रदेश को विकास की राह दिखाई है।वहीं महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा महानगर की टीम इस अभियान की सभ्यता को लेकर अपना शपथ प्रतिशत योगदान देने में जुटी हुई है। वहीं महानगर मंत्री प्रदीप गोस्वामी ने बताया विधायक श्रीकांत शर्मा के साथ आज होली गेट मंडल के पदाधिकारी के साथ डोर टू डोर संपर्क किया गया।वहीं उन्होंने कहा कि देश प्रतिशत भाजपा सरकार ने सबका साथ सबका विकास के साथ चौमुखी विकास किया है। वहीं उन्होंने कहा नवापुर रोजगार देकर तरक्की की ओर ले जा रहा हैं। इस अवसर पर महानगर सदस्यता अभियान संयोजक संजय शर्मा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष यज्ञ दत्त कौशिक अनिल चौधरी होली गेट मंडल अध्यक्ष यशराज चतुर्वेदी पार्षद विजय शर्मा श्याम शर्मा नितिन चतुर्वेदी लोकेश अग्रवाल कुंज बिहारी भारद्वाज ललित अग्रवाल पीयूष शर्मा प्रशांत चतुर्वेदी भोला यादव प्रदीप यादव विक्रांत चौधरी कृष्णा आचार्य आदि मौजूद थे।



सदस्यता अभियान कार्यक्रम में मौजूद विधायकश्रीकांत शर्मा।

# जिला पदाधिकारी तथा अपर समाहर्ता द्वारा किया गया प्रखंड कार्यालय कटेया एवं रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**गोपालगंज (बिहार)-** जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच द्वारा अपर समाहर्ता गोपालगंज आशीष कुमार सिन्हा के साथ कटेया प्रखंड कार्यालय और रेफरल अस्पताल कटेया का औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी कर्मियों की उपस्थिति की गहन जांच की गई। प्रखंड अंतर्गत सभी कार्यालय का निरीक्षण कर उनके कर्मियों और कार्यालय प्रधान से उनके कार्यो की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए जिसमें प्रमुख रूप से आवास स्वच्छता प्रखंड सांख्यिकी प्रखंड पंचायती राज आरटीपीएस प्रखंड आपूर्ति कार्यालय रिकॉर्ड रूम, नगर पंचायत कटेया कार्यालय, मनरेगा कार्यालय आईसीडीएस आदि कार्यालयों का विधिवत निरीक्षण करते हुए उनके उपस्थित कर्मियों एवं पदाधिकारियों से उनके कार्यो के निष्पादन की विस्तृत जानकारी ली गई।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पंचायत में पंचायत सरकार भवन की स्थिति की जानकारी लेने पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी पंचायत के लिए पंचायत सरकार भवन भूमि के चयन के पश्चात कार्य प्रगति पर है पटखौली पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है जिसका शीघ्र उद्घाटन करा दिया जाएगा रिकॉर्ड रूम के निरीक्षण के क्रम में किए जा रहे दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन के प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी द्वारा नगर पंचायत कटेया के निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन का अवलोकन किया गया और कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया साथ ही वर्तमान में नगर पंचायत के कार्यालय सभा कक्ष अधिकारी निरीक्षण किया गया और कार्यपालक पदाधिकारी कटेया के पार्षद और नगर पंचायत अध्यक्ष आदि की पूरी जानकारी ली गई। मनरेगा कार्यालय के सभी पी आर एस जूनियर इंजीनियर आज की जानकारी के साथ उनके कार्यों के प्रगति की पृच्छा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा महिला प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी के आवास आदि की सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से जानकारी एवं अन्य समस्याओं की ली गयी इसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा रेफरल अस्पताल कटेया का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में ओपीडी के रजिस्ट्रेशन जांच की गयी साथी जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थिति पंजी, चिकित्सा अधिकारी एवं एएनएम जीएनएम के शिफ्ट ऑर्डर, चिकित्सकों की उपस्थिति रोस्टर आदि का वीडियो जांच किया गया जिसमें डॉ उत्तम मिश्रा के उपस्थित नहीं रहने पर स्पष्टीकरण के साथ उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा वर्तमान में ओपीडी में आने वाले मरीज के अत्यधिक बीमारी के मामले की जानकारी की पृच्छा की गई जिस पर बताया गया कि अभी अत्यधिक स्किन और मधुमेह से संबंधित मरीज ओपीडी में आ रहे हैं अस्पताल प्रबंधक से दवा की उपलब्धता आदि की जानकारी लेते हुए भविष्य के लिए दवा की उपलब्धता



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहां आए हुए मरीजों से जिला पदाधिकारी द्वारा किसी प्रकार की असुविधा आदि की भी पृच्छा की गई जिस पर उनके द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया। वहीं जिला पदाधिकारी द्वारा वर्तमान रेफरल अस्पताल की जर्जर भवन की स्थिति पर नवनिर्मित रेफरल अस्पताल की भव्य बिल्डिंग का अवलोकन किया गया और अति शीघ्र इसके शेष कार्य पूर्ण करने के पश्चात नए भवन में रेफरल अस्पताल स्थानांतरित करने के निर्देश दिए साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा प्रबंध निदेशक बी एम आई सी एल से बात कर टाइमलाइन पूर्ण होने के बावजूद नवनिर्मित रेफरल अस्पताल भवन को हैंडओवर नहीं करने पर अति शीघ्र शेष कार्य पूर्ण कराने हेतु अनुरोध किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती अर्चना अंचल अधिकारी श्रीमती सुजाता राज प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी दीपशिखा कुमारी कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत कटेया श्रीमती सपना कुमारी आदि सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत




**लालगंज (रायबरेली)।** विकास खंड क्षेत्र के सराय बैरिहाखेड़ा गांव में बृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। मृतक के परिवारीजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। गांव निवासी शत्रुघन (40) पुत्र रामलाल गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाया गया था जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया इमरजेंसी में तैनात डॉ. गौरव पांडेय ने बताया कि परिवारीजनों ने उसे जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी दी थी। मृतक अपने पीछे पत्नी बाल्हेश्वरी, बेटे अवनीश, राज व बेटी शिखा को रोता बिलखता छोड़ गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के बेटे ने बताया कि कि उसका पिता भट्टे में मजदूर भेजने का ठेका लेता था। गांव का ही एक मजदूर उसकी पेशीगी के रुपए हड़प कर लिया जिससे वह परेशान रहता था।

